बैशाख शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


शुक्रवार, 17 मई 2024
वर्ष 2, अंक 266, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कैनेडियन जंगलों की आग से अमेरिकी देश धुंए की चपेट में 16

ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में विलेन का किरदार निभाएंगे ऋतिक 2

## रेप पीड़िता किशोरी ने आरोपी को दी क्लीन चिट, अदालत ने सुना दी सजा

नई दिल्ली, एजेंसी

- अदालत ने डीएनए और एफएसएल नतीजों के आधार पर आरोपी को माना दोषी
- आरोपी को न्यायपालिका का मजाक उड़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती : कोर्ट

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने एक असाधारण फैसला सुनाते हुए लगभग दस साल पहले 12 वर्षीय एक लड़की के साथ बलात्कार करने के लिए एक व्यक्ति को दोषी ठहराया है। इस मामले में पीड़िता ने आरोपी को क्लीन चिट दे दी थी।

अदालत ने कहा कि डीएनए और एफएसएल नतीजों जैसे निर्णायक सबूत के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया जाता है। आमतौर पर यौन उत्पीड़न के मामलों में बलात्कार पीड़िता की गवाही को मुख्य सबूत माना जाता है और यदि पीड़िता आरोपी को क्लीन चिट दे देती है तो उसे संदेह का लाभ मिल जाता है और वह छूट जाता है। अक्टूबर 2014 में नाबालिग लड़की से हुए बलात्कार के इस मामले की सुनवाई कर रहे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत ने कहा, पीड़िता हालांकि इस तथ्य से मुकर गई कि आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये थे, लेकिन डीएनए और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के नतीजों से सच्चाई सामने आ गई है, जो कि एक निर्णायक सबूत है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पीड़िता ने पहले चिकित्सक, पुलिस और मजिस्ट्रेट को दिए अपने बयानों में कहा था कि आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। अदालत के समक्ष अपने चौथे बयान में वह मुकर गई और अभियोजन पक्ष के मामले का समर्थन नहीं किया। न्यायाधीश ने कहा कि अदालत का कर्तव्य सच्चाई का पता लगाना है और आरोपी व्यक्तियों को न्यायपालिका का मजाक उड़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## पांच मामलों में आजम समेत 12 पर आरोप तय

**रामपुर।** जौहर यूनिवर्सिटी के लिए किसानों की जमीन कब्जाने के पांच मामलों में गुरुवार को एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) कोर्ट ने सपा नेता आजम खां, उनके परिवार के चार सदस्यों और चमरौआ के सपा विधायक नसीर खां समेत 12 लोगों के खिलाफ आरोप तय कर दिए। अब इस मामले में 21 मई को सुनवाई होगी। कोर्ट ने आजम खां, आलेहसन, कुशलवीर, तंजीन फात्मा, अब्दुल्ला आजम, अदीब आजम, निकहत अखलाक, जकी उर रहमान सिदद्की, मुश्ताक अहमद सिदद्की, फसीह जैदी और लेखपाल आनंदवीर सिंह पर आरोप तय कर दिए।

चारधाम यात्रा : भारी भीड़ को देखते हुए उत्तराखंड सरकार का निर्णय

## ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 19 मई तक बंद

ब्यूरो, देहरादून



- मंदिरों से 200 मीटर दूर से मोबाइल रहेंगे प्रतिबंधित
- मुख्यमंत्री की श्रद्धालुओं से अपील, तय तिथि पर ही करें यात्रा
- मुख्यमंत्री धामी ने की चारधाम यात्रा की व्यवस्था की समीक्षा

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ और उसके चलते हो रही दिक्कतों के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को चारधाम यात्रा व्यवस्था की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा राज्य की लाइफ लाइन है, यात्रा में मानकों का अनुपालन किया जाए। उन्होंने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि वे रजिस्ट्रेशन तिथि के अनुसार ही यात्रा करें। चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसके चलते व्यवस्थाएं चरमराने लगी हैं। गुरुवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा व्यवस्था की समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भी अनुरोध किया कि वे चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन के अनुसार जो तिथि मिली है, उसके अनुसार ही दर्शन के लिए आएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारों धामों में 31 मई तक वीआईपी दर्शन की व्यवस्था स्थगित रखी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारों धामों में प्रतिदिन के लिए जो क्षमता निर्धारित की गई है, उसके अनुसार ही यात्रियों को दर्शन के लिए भेजा जाए। रजिस्ट्रेशन की व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाया जाए। श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा हेतु रजिस्ट्रेशन होने पर ही चेक प्वाइंट से आगे जाने दें। उन्होंने कहा कि 17 से 19 मई तक तीन दिन ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन रोका जाए।

चारधाम के सभी मार्गों के एंट्री प्वाइंट एवं विकासनगर, यमुना पुल क्षेत्र, धनौल्टी, सुवाखोली में भी सख्ती से चेकिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि चारों धाम में मंदिर से 200 मीटर तक मोबाइल प्रतिबंधित रहेंगे।

### एक नजर

#### बंगाल में 10 स्थानों पर आईटी की छापेमारी

**कोलकाता।** आयकर (आईटी) अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में कोलकाता के दक्षिण से लेकर उत्तरी हिस्सों तक 10 स्थानों पर छापे मारे और लगभग 55 लाख रुपये जब्त किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आईटी अधिकारी बुधवार से शहर के कुछ हिस्सों में तलाशी अभियान चला रहे हैं, जिनमें दक्षिण में गरियाहाट, मध्य भाग में एस्प्लेनेड और उत्तर में शोभा बाजार शामिल हैं।

#### जैश के शीर्ष आतंकी की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** एनआईए ने पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक शीर्ष सदस्य की सात अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। आतंकवादी सरताज अहमद मंटू की जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के किसरीगाम में 19 मरला और 84 वर्ग फुट की भूमि और संपत्तियों को बुधवार को कुर्क कर लिया गया।

#### कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश की नाकाम

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया है। जिले के तंगधार सेक्टर में बुधवार रात नियंत्रण रेखा पर सेना ने घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखी। सुरक्षा बलों के ललकारे जाने के बाद घुसपैठियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलायीं।

## ऐसा प्रधानमंत्री चुनने का मौका जिस पर दुनिया रौब न जमा सके : मोदी

### प्रधानमंत्री ने पूर्वांचल में कई चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया

- बोले-अगले पांच साल में बदल देंगे पूर्वांचल की तस्वीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



जौनपुर में भाजपा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह के समर्थन में जनसभा के दौरान गदा लेकर लोगों का उत्साह बढ़ाते प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह चुनाव देश के लिए एक ऐसा प्रधानमंत्री चुनने का अवसर है जिस पर दुनिया रौब न जमा सके। एक ऐसा प्रधानमंत्री, जो एक दमदार सरकार चलाए और भारत के दम-खम से दुनिया को परिचित करवाए। गुरुवार को उत्तर प्रदेश में चार जनसभाएं करते हुए प्रधानमंत्री ने सभी जगहों पर अलग-अलग मुद्दे उठाए।

प्रधानमंत्री मोदी जौनपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह और मछलीशहर (आरक्षित) के बीपी सरोज के समर्थन में टीडी कालेज मैदान में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने भोजपुरी में अपना भाषण शुरू करते हुए सभी को आश्वस्त किया कि आने वाले पांच साल में मोदी और योगी पूर्वांचल की तस्वीर और तकदीर बदलने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने जय श्री राम, हर हर मोदी के नारों के बीच कहा आपका यह उत्साह दिखाता है कि आप लोगों ने उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन वालों के लिए एक सीट भी जीतना मुश्किल कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि चार जून को मतगणना के बाद जौनपुर में इतनी इमरती बंटेगी कि सारे रिकॉर्ड टूट जाएंगे।

जौनपुर के अलावा प्रधानमंत्री ने गुरुवार को पूर्वांचल के आजमगढ़, भदोही, प्रतापगढ़ जिले में भी जनसभाओं को संबोधित किया और सभी जगह उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की भी काफी प्रशंसा की। इस कड़ी में उन्होंने उत्तर प्रदेश में माफिया के सफाए के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े बदलाव का श्रेय योगी को देते हुए पूर्वांचल को विकसित भारत का नया ग्रोथ इंजन करार दिया। आजमगढ़ पहुंचकर मोदी ने कहा कि कांग्रेस और सपा की सरकारों ने सीएए के नाम पर झूठ का पहाड़ खड़ा कर दिया। इन लोगों ने सात दशकों तक हिंदू-मुसलमान किया। ये दल कह रहे हैं कि जब मोदी जाएगा तो सीएए को भी हटा दिया जाएगा, लेकिन मैं कहता हूं कि इस देश में अब कोई माई का लाल ऐसा नहीं है, जो सीएए को खत्म कर सके। प्रधानमंत्री ने भदोही में कहा, मैं काशी वाला हूं और भदोही अपना ही घर है। मुझे पक्का विश्वास है कि आप वोट देकर भाजपा प्रत्याशी को दिल्ली भेजने वाले हैं। इसी क्रम में मोदी ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां लोग पूछ रहे हैं कि भदोही में टीएमसी कहां से आ गई।

#### चार जून के बाद होगा खटाखट-खटाखट

प्रधानमंत्री ने प्रतापगढ़ में राहुल गांधी के खटाखट वाले बयान पर तंज कसा। कहा, शहजादों (राहुल-अखिलेश) को न मेहनत की आदत है और न ही नतीजे लाने की, इसलिए ये कहते हैं देश का विकास अपने आप होगा। उन्होंने कहा, ये सोचते हैं कि भारत आत्मनिर्भर अपने आप बन जाएगा और पूछो तो कहते हैं- खटाखट-खटाखट। चार जून के बाद इंडिया गठबंधन टूटकर बिखर जाएगा खटाखट-खटाखट। बलि के बकरे को खोजा जाएगा खटाखट-खटाखट। शहजादे चाहे लखनऊ वाले हों या दिल्ली वाले, गर्मी की छुट्टियों पर विदेश निकल जाएंगे खटाखट-खटाखट। दरअसल, तीन दिन पहले राहुल ने झांसी में कहा था- महिलाओं के खाते में हर साल 1 लाख रुपये भेजे जाएंगे। यानी महीने 8500 रुपया खाते में खटाखट-खटाखट जाएगा।

## भाजपा सत्ता में आई तो आरक्षण खत्म, योगी नहीं रहेंगे मुख्यमंत्री

### दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दोहराया अपना दावा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार को लखनऊ पहुंचे। यहां समाजवादी पार्टी मुख्यालय में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ एक संयुक्त पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने दोहराया कि भाजपा अगर केन्द्र की सत्ता में आई तो आरक्षण खत्म कर देगी, संविधान तार-तार हो जाएगा। इसी के साथ यह दावा भी फिर दोहराया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमित शाह को अपना वारिस बना देंगे। वहीं उनकी सरकार अगर बनी तो दो-तीन महीने बाद योगी आदित्यनाथ से उप्र. के मुख्यमंत्री की कुर्सी छीन लेंगे।

अपनी दावों को तर्क देते हुए केजरीवाल ने कहा कि पिछले कुछ समय से इन्होंने (भाजपा) हल्ला मचाया हुआ था। 400 पार सीटें चाहिए। ये लोग कहते थे कि मोदी कुछ बड़ा काम करना चाहते हैं। अंदर से पता कराया तो मालूम हुआ कि ये लोग आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। संघ और भाजपा शुरू से ही आरक्षण के खिलाफ रही है। ये संविधान को तार-तार करना चाहते हैं। वहीं, शाह के उत्तराधिकारी बनने के पीछे तर्क दिया कि मोदी अपने ही तयशुदा नियमों के तहत 75 साल के होते हुए पद छोड़ देंगे। यानि 17 सितम्बर को उम्र के इस पायदान पर पहुंचते ही वह शाह को अपनी कुर्सी सौंप देंगे। योगी वाले बयान के पीछे तर्क दिया कि शाह के रास्ते में जो नेता बाधा बने उन्हें हटा दिया गया।

जैसे- शिवराज सिंह, वसुंधरा राजे। अब एक ही शख्स बचे हैं, जो पीएम मोदी की राह का कांटा बन सकते हैं, वो हैं योगी आदित्यनाथ। उन्हें हटाने का मन बना लिया है। अगर चुनाव जीतते हैं, तो उन्हें 2-3 महीने में हटा दिया जाएगा। इस लोस चुनाव में केजरीवाल का यह पहला उप्र. दौरा था। आप सांसद संजय सिंह भी उनके साथ रहे।

#### भाजपा चार चरणों में चारों खाने चित : अखिलेश

अखिलेश यादव ने कहा कि जो देश का माहौल है, भाजपा चार चरणों में चारों खाने चित हो गई। अब वह स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि 143 सीटों से ज्यादा नहीं जीत रहे हैं। 140 करोड़ जनता इनको 140 सीटों के नीचे पहुंचा देगी। यह यूपी, दिल्ली और पंजाब की 99 सीटों पर ही उलझ के रह गए हैं। यहां सबसे बड़ी हार भाजपा की होने जा रही है।



#### जेल जाकर केजरीवाल की बुद्धि फिर गई : योगी

**बांदा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अरविंद केजरीवाल के बयानों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की बुद्धि जेल जाने के बाद फिर गई है। अन्ना हजारे के सपनों पर पानी फेरने वाले केजरीवाल अब मेरा नाम लेकर बातें कर रहे हैं। योगी ने कहा कि अन्ना ने जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन किया था, केजरीवाल ने उसे ही अपने गले का हार बना लिया है। योगी गुरुवार को यहां तिंदवारी में हमीरपुर-महोबा लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां से पार्टी प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के लिए वोट करने की अपील की।

## कस्टडी में युवक की हुई मौत, पूरी चौकी निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नोएडा

- पुलिसकर्मियों पर पांच लाख रुपये मांगने का आरोप
- डीजीपी ने मामले की जांच व कार्रवाई की बात कही

**अमृत विचार :** नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र की चिपियाना चौकी में पुलिस कस्टडी में एक युवक की मौत के बाद पुलिस कमिश्नर ने गुरुवार को पूरी चौकी निलंबित कर दी।

मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि उसके भाई को छोड़ने के लिए चौकी इंचार्ज सहित अन्य पुलिसकर्मी पांच लाख रुपये मांग रहे थे। 50 हजार रुपये उसने शाम को ही दे दिया था। हिरासत में लिए गए युवक ने फंदे पर लटककर खुदकुशी की या कुछ और कारण है। इसे लेकर डीजीपी ने जांच कर कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। मृतक योगेश के भाई जितेंद्र ने बताया कि योगेश चिपियाना की एक बेकरी में काम करता था। उसकी एक सहकर्मी ने चौकी पर योगेश के खिलाफ शिकायती पत्र दिया था, योगेश को पुलिस चौकी पर बुलाया गया था। न पहुंचने पर कई पुलिसकर्मी पहुंचे और उसे चौकी ले आए। उसे जब पता चला तो वह भाई योगेश को छुड़ाने के लिए चौकी पहुंचा।

## केजरीवाल के सहयोगी के खिलाफ प्राथमिकी

- स्वाती मालीवाल मारपीट मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से कथित 'मारपीट' के संबंध में बृहस्पतिवार को एक प्राथमिकी दर्ज की और उनके निजी सहायक विभव कुमार को आरोपी बनाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह प्राथमिकी महिलाओं के खिलाफ हिंसा के अपराध से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत दर्ज की गई। मालीवाल द्वारा कई पन्नों की शिकायत दर्ज कराने के बाद रिपोर्ट दर्ज किया गया है।

## 24 लाख का कर्ज चुकाने को अजीत ने की थी 6 की हत्या

संवाददाता, सीतापुर

सीतापुर सामूहिक हत्याकांड

- भाई-भाभी, अपनी मां व तीन बच्चों की हत्या की बात अजीत ने स्वीकारी

**अमृत विचार:** रामपुर मथुरा इलाके के पाल्हापुर सामूहिक हत्याकांड में हुई छह मौतों के राज पर पुलिस ने अमृत विचार की प्रकाशित खुलासे की खबर पर मुहर लगा दी। सीतापुर पुलिस लाइन सभागार में आईजी रेंज, लखनऊ तरुण गाबा ने घटना का खुलासा करते हुए वारदात के मास्टरमाइंड मृतक के भाई अजीत को मुख्य आरोपी बताकर घटना को सुनियोजित तरीके से अंजाम देने की बात कही है। पुलिस ने मौका-ए-वारदात पर मिले हथौड़े पर मौजूद फिंगरफ्रिंट और असलहे की बैलेस्टिक रिपोर्ट के साथ अजीत के इकबालिया जुर्म के आधार पर उसे कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया। आईजी के अनुसार इस जघन्य हत्याकांड के पीछे पिता के नाम पर किसान क्रेडिट कार्ड पर लिए गये 24 लाख रुपये को बैंक में जमा करने को लेकर आपसी विवाद है। इसी वजह से अजीत ने सभी 6 हत्याएं की है। अजीत ने पुलिस को बताया कि उसने 11 मई की रात करीब 2 बजे इस पूरी घटना को अंजाम दिया।

पुलिस लाइन सभागार में गुरुवार को प्रेसवार्ता के दौरान आईजी रेंज लखनऊ तरुण गाबा सहित पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से वारदात के खुलासे पर अहम बिंदुओं को सामने रखा। आईजी ने बताया कि पुलिस टीम की जांच पड़ताल और विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों से यह साफ हो गया कि मृतक अनुराग के भाई अजीत ने ही किसान क्रेडिट कार्ड के 24 लाख रुपये जमा करने को लेकर चल रहे विवाद को लेकर सामूहिक हत्याकांड की स्क्रिप्ट लिखी। आईजी ने बताया कि अजीत को चौथे चरण के मतदान को लेकर मृतक अनुराग और उसके परिवार के सदस्यों का गांव में मतदान से पहले पहुंचने की जानकारी थी। इसे देखते हुए अजीत ने 11 मई की रात को नशे की गोलियां खाने में मिलाकर मां और बच्चों को गहरी नींद में सुला दिया। भाभी प्रियंका और भाई अनुराग की हत्या की योजना भी बना चुका था। रात में जब सभी सो गए तब अजीत ने पूरे घर की बिजली काट दी। गर्मी के चलते जब घर के सदस्य बाहर आने लगे तो अजीत ने सबसे पहले भाभी प्रियंका व मां सावित्री और बाद में भाई अनुराग को गोली मारी। इसके बाद अजीत ने तीनों बच्चों को बारी-बारी से ले जाकर छत से नीचे फेंक दिया। फिर नीचे आकर उन तीनों बच्चों के पास उनकी मौत होने तक बैठा रहा। छहों की सांस बंद होने के बाद फिर घर के अंदर चला गया। यही नहीं, अजीत ने पुलिस को स्वयं ही घटना का वादी बनकर मृतक भाई के खिलाफ हत्या का रिपोर्ट भी दर्ज करा दिया।

## गले में टॉफी फंसने से बच्चे की मौत

**शाहबाद (रामपुर)।** सभासद के चार साल के बेटे के गले में टॉफी अटकने से उसकी हालत बिगड़ गई। बच्चे ने दुकान से खरीदकर टाफी खाई जो गले में फंस गई। सांस लेने में दिक्कत होने पर लोगों ने परिजनों को सूचित किया। आनन-फानन परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां उसने दम तोड़ दिया। मोहल्ला जिलेदरान वार्ड नंबर आठ से इकबाल खां की पत्नी अंजुम सभासद हैं। गुरुवार की सुबह उनका चार वर्षीय बेटा हमजा दुकान से टॉफी लेने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खाते समय हमजा के गले मे टॉफी अटक गई। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में बालक को सीएचसी ले आए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## केजरीवाल को अंतरिम बेल अपवाद नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- फैसले के आलोचनात्मक विश्लेषण का स्वागत : सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देना कोई अपवाद नहीं है और इस फैसले के 'आलोचनात्मक विश्लेषण' का स्वागत है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दी गई अंतरिम जमानत (बेल) के संबंध में दिए गए कुछ बयानों पर ईडी और केजरीवाल के वकील के दावों तथा जवाबी दावों पर विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि हमने किसी के लिए अपवाद स्वरूप कुछ नहीं किया है। हमने अपने आदेश में वही कहा, जो हमें न्यायोचित लगा। ईडी की ओर से सॉलसिटर जनरल तुषार मेहता ने चुनावी रैलियों में दिए गए केजरीवाल के इन भाषणों पर विरोध जताया कि अगर जनता आप को वोट देती है तो उन्हें दो जून को जेल वापस नहीं जाना पड़ेगा। पीठ ने मेहता से कहा कि यह उनका मानना है। शीर्ष अदालत गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की मुख्य याचिका पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले में केजरीवाल को एक जून तक अंतरिम जमानत दी थी।

#### केजरीवाल के खिलाफ जल्द चार्जशीट : ईडी

ईडी ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि वह जल्द ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में आरोप पत्र दाखिल करेगा।

#### 2 जून को करना होगा आत्मसमर्पण

सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत पर 10 मई को रिहा हुए केजरीवाल के बयान अगर लोगों ने झाड़ू को वोट दिया तो मुझे वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा पर ईडी की आपत्ति पर कहा कि उन्हें दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा।

## बंगाल-पंजाब में ओबीसी कोटा बढ़ाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने पंजाब और पश्चिम बंगाल में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए रोजगार में आरक्षण कोटा बढ़ाने की सिफारिश की है। वर्तमान में पंजाब में कुल 37 प्रतिशत आरक्षण है, जिसमें 25 प्रतिशत एससी को और 12 प्रतिशत ओबीसी को दिया गया है। एनसीबीसी ने ओबीसी के लिए 13 प्रतिशत अतिरिक्त आरक्षण की सिफारिश की है। पश्चिम बंगाल में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण कोटा क्रमशः 22 प्रतिशत, छह और 17 प्रतिशत है। एनसीबीसी का कहना है कि ओबीसी कोटा शेष पांच प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है।

## कोविशील्ड के बाद अब कोवैक्सीन का भी दुष्प्रभाव

### अध्ययन में दावा : कोवैक्सीन लगवाने वाले 30 % से अधिक लोगों को एक साल बाद हुईं स्वास्थ्य समस्याएं

नई दिल्ली, एजेंसी




- श्वास संबंधी संक्रमण और मस्तिष्काघात की भी शिकायत

काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के शोधकर्ताओं की एक दल द्वारा किए गए एक साल के अध्ययन में दावा किया गया कि भारत बायोटेक के कोविड रोधी टीके ''कोवैक्सीन'' लगवाने वाले लगभग एक-तिहाई व्यक्तियों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शोधकर्ताओं ने इन स्वास्थ्य समस्याओं को 'विशेष रुचि वाली प्रतिकूल घटनाओं' या एईएसआई की संज्ञा दी है। अध्ययन में भाग लेने वाले 926 प्रतिभागियों में से लगभग 50 प्रतिशत लोगों ने शिकायत की है कि उन्हे कौवैक्सीन लगवाने के बाद श्वास संबंधी संक्रमण का सामना करना पड़ा है। यह संक्रमण उनके श्वसन तंत्र के ऊपरी हिस्से में हुआ।

अध्ययन में दावा किया गया कि कोवैक्सीन लगवाने वाले एक प्रतिशत व्यक्तियों ने एईएसआई की शिकायत की, जिसमें मस्तिष्काघात एवं गिलियन-बर्र सिंड्रोम से ग्रसित हुए। इस सिंड्रोम में लोगों के पैरों का सुन्न होना शुरू होता है तथा यह लक्षण शरीर के अन्य अंगों में फैलने लगता है।

पत्रिका स्प्रिंगर नेचर में प्रकाशित यह अध्ययन ब्रिटेन की फार्मास्युटिकल दिग्गज एस्ट्राजेनेका द्वारा ब्रिटेन की अदालत में यह स्वीकार करने के बाद आया कि कोविशील्ड से खून के थक्के जम सकते हैं और प्लेटलेट काउंट कम हो सकते हैं। बीएचयू (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) के शोधकर्ताओं द्वारा जनवरी 2022 से अगस्त 2023 तक किए गए अध्ययन में बताया गया कि कोवैक्सीन लगवाने के बाद लगभग एक तिहाई व्यक्तियों ने एईएसआई की शिकायत की, जिसमें उन्हें त्वचा से संबंधित बीमारी, सामान्य विकार और तंत्रिका तंत्र से संबंधित बीमारियों का सामना करना पड़ा। खासकर किशोरों को ये समस्याएं हुईं। शोध में 635 किशोर और 391 वयस्क शामिल थे।

#### महिलाओं में मासिक धर्म की असामान्यताएं

अध्ययन में यह भी दावा किया गया कि कोवैक्सीन लगवाने के बाद 4 .6 प्रतिशत महिलाओं में मासिक धर्म संबंधी असामान्यताएं देखी गईं। इसमें यह भी बताया गया कि चार व्यस्कों की भी मौत हुई। इन चारों को मधुमेह था, जबकि तीन को उच्च रक्तचाप था और उनमें से दो लोगों ने कोवैक्सिन टीका लगवाया हुआ था।

**आज का मुकाबला**
मुंबई इंडियंस
बनाम
लखनऊ सुपरजाइंटस
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 13 | 22 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 13 | 661 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रैविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

## जीत से विदा चाहेंगे मुंबई-लखनऊ

मुंबई, एजेंसी

आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम पर अपने आखिरी मैच में जीत के साथ टूर्नामेंट से विदा लेने की कोशिश करेंगी। मुंबई इंडियंस काफी पहले ही प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है जबकि लखनऊ सुपर जाइंट्स अगर आखिरी मैच में भारी अंतर से जीत दर्ज करती है तो भी उसके अंतिम चार में पहुंचने की संभावना नगण्य हैं। तीन मैचों में लगातार हार से लखनऊ ने अंक भी गंवाये और रनरेट भी खराब हो गया।

सातवें स्थान पर काबिज लखनऊ का नेट रनरेट माइनस 0.787 है जबकि छठे स्थान की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का रनरेट 0.387 है। पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम थी। नये कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ इस सत्र में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। अब तक 13 मैचों में बस चार जीत सकी मुंबई इंडियंस



शुक्रवार को जीत जाती है तो उसके दस अंक होंगे जिससे वह आखिरी स्थान पर रहने से बच सकती है। सत्र से पहले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तानी सौंपे जाने से मुंबई के प्रशंसकों में काफी आक्रोश था जिसका टीम के प्रदर्शन पर भी असर पड़ा। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने तीन अर्धशतक समेत 136.36 के स्ट्राइक रेट से 465 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट हालांकि चर्चा का विषय रहा। निकोलस पूरन ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम नाकाम रही।

## हस्सी को उम्मीद, दो साल और खेलेंगे धोनी



**बेंगलुरू।** चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हस्सी को उम्मीद है कि करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी अगले दो साल और टीम के साथ रहेंगे क्योंकि वह बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे हैं। आईपीएल 2024 की शुरूआत से एक दिन पहले रूतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपकर 42 वर्ष के धोनी ने सभी को हैरान कर दिया था।

हस्सी ने कहा हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह खेलते रहेंगे। वह इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह शिविर में जल्दी आकर काफी अभ्यास करते हैं और पूरे सत्र में फॉर्म में रहे हैं। उन्होंने कहा हम उनके कार्यभार को अच्छे से मैनेज कर पाये हैं। पिछले सत्र के बाद उनके घुटने का आपरेशन हुआ था। उम्मीद है कि वह दो साल और खेलेंगे।

## एक बार काम हो गया तो चला जाऊंगा फिर जल्दी नजर नहीं आऊंगा : कोहली

बेंगलुरू, एजेंसी



भारत के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली को पता है कि वह हमेशा खेलते नहीं रह सकते लेकिन विदा लेने से पहले वह अपना सबकुछ क्रिकेट कैरिअर को देना चाहते हैं और उनका कहना है कि एक बार जाने के बाद वह कुछ समय नजर भी नहीं आएंगे। कोहली आईपीएल में इस सत्र में अब तक का रिकॉर्ड आठवां शतक जड़ चुके हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिए 13 मैचों में 661 रन बनाए हैं।

आरसीबी द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो में 35 वर्ष के कोहली ने कहा कि मलाल के बिना जीने की ललक ही उनकी प्रेरणा है। मैं कोई भी काम अधूरा नहीं छोड़ना चाहता ताकि बाद में कोई पछतावा नहीं हो। एक बार काम पूरा हो जाए तो मैं चला जाऊंगा और फिर कुछ समय नजर नहीं आऊंगा। जब तक मैं खेल रहा हूं, अपना सब कुछ खेल को देना चाहता हूं। हर खिलाड़ी के कैरिअर का अंतिम समय आता है। मैं भी हमेशा खेलता नहीं रहूंगा लेकिन मैं इस सोच के साथ विदा नहीं लेना चाहता कि अगर मैने उस दिन ऐसा किया होता तो अच्छा होता।

# आईपीएल मैचों में अधिकतम बाउंड्री रखना बेहतर : कुंबले

### गेंदबाजों की बढ़ी हैं मुश्किलें, हर खिलाड़ी बनना चाहता है बल्लेबाज

नई दिल्ली, एजेंसी

महान स्पिनर अनिल कुंबले को डर है कि अगर क्रिकेट का खेल बल्लेबाजों के पक्ष में झुका रहा तो अगले कुछ वर्षों में काफी अधिक युवा गेंदबाजी करने के लिए तैयार नहीं होंगे। उन्होंने गेंद और बल्ले के बीच संतुलन बहाल करने के लिए आईपीएल स्थलों में जितनी अधिक लंबी संभव हो उतनी बाउंड्री रखने और गेंद में अधिक उभरी हुई सीम रखने वकालत की।

मौजूदा सत्र में छोटी बाउंड्री, सपाट पिचों और इंपेक्ट खिलाड़ी नियम के कारण बल्लेबाजी में मदद मिलने के कारण 250 रन से अधिक का स्कोर आठ बार बन चुका है। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर की तरह कुंबले को भी लगता है कि अधिकतम बाउंड्री रखना समय की मांग है। कुंबले ने कहा, यह वास्तव में गेंदबाजों के लिए कठिन रहा है, खासकर टूर्नामेंट के पहले भाग में। मैं निश्चित रूप से मानता हूं कि आपको हर स्थान पर अधिकतम बाउंड्री रखने की जरूरत है। कोशिश करें और स्थल पर सबसे बड़ी बाउंड्री बनाएं। मुझे पता है कि आप कुछ



सीटें खो देंगे लेकिन ऐसा होता है।

कुंबले ने कहा हमने देखा है कि गेंद एक ओवर के बाद या कभी-कभी उससे भी कम समय में स्विंग करना बंद कर देती है। आपको बल्ले और गेंद के बीच संतुलन की जरूरत होती है। आप सिर्फ दौड़कर नहीं आते रह सकते क्योंकि कुछ वर्षों बाद आपके पास गेंदबाजी से जुड़ने के लिए बहुत अधिक युवा खिलाड़ी नहीं होंगे। उन्होंने कहा हर कोई बल्लेबाज बनना चाहता है। आईपीएल के खेलने के हालात के अनुसार खेलने का मैदान स्क्वायर बाउंड्री से बाउंड्री तक न्यूनतम 150 गज (137.16 मीटर) होगा जबकि छोटी बाउंड्री कम से कम 65 गज (59.43 मीटर) की होगी।

### केएल राहुल ने इस बार बल्ले से खराब प्रदर्शन नहीं किया है : क्लूजनर

**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स के सहायक कोच लांस क्लूजनर ने कहा कि टीम के कप्तान केएल राहुल भले ही थोड़ा हताश हों लेकिन बल्ले से उन्होंने बिलकुल भी खराब प्रदर्शन नहीं किया है क्योंकि विकेट गिरने के कारण उन्हें अपनी आक्रामकता पर लगाम रखने के लिए बाध्य होना पड़ा। राहुल अपने स्ट्राइक रेट की वजह से चर्चा में रहे हैं और वह 13 मैच में तीन अर्धशतक से 136.36 के स्ट्राइक रेट से इस सत्र में 465 रन बनाकर सातवें सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले खिलाड़ी हैं। लेकिन फिर भी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने की कगार पर है। शुक्रवार को सातवें स्थान पर चल रही लखनऊ की टीम मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी जो दोनों टीमों के लिए इस आईपीएल का अंतिम ग्रुप मैच होगा। क्लूजनर ने गुरुवार को यहां वानखेडे स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान मीडिया से कहा उसने टूर्नामेंट के दौरान कुछ बेहतरीन प्रदर्शन दिए हैं।




## बारिश ने बढ़ाई सनराइजर्स की मुश्किलें

**हैदराबाद।** हैदराबाद और गुजरात के मैच पर बारिश का साया छाया रहा। एक तरफ जहां इस मैच में गुजरात के लिए कुछ नहीं बचा वहीं अपने घरेलू मैदान पर खेल रही सनराइजर्स हैदराबाद के लिए यह मुकाबला प्लेआफ की टिकट की तरफ उनका अगला कदम तय करने के लिए अहम है। सुबह से ही हैदराबाद के इस मैच पर संकट के बादल छाए हुए थे। खबर लिखे जाने तक टॉस नहीं हो पाया था। बता दें कि गुजरात का पिछला मुकाबला भी बारिश की भेंट चढ़ गया था। शाम 7.30 बजे एक बार बारिश रूकी जरूर और हैदराबाद के फैंस को लगा कि अब उन्हें लबां इंतजार नहीं करना पड़ेगा जल्द ही मैच शुरू होगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं 7.42 बजे बारिश ने एक बार दस्तक दे कर हैदराबाद के फैंन का दिल तोड़ दिया। बता दें कि अगर किसी चमत्कार से यह मैच होता भी है तो 20-20 ओवर का नहीं हो पाएगा और अगर मुकाबला नहीं खेला जाता है तो दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिया जाएगा। हैदराबाद के लिए एक अंक का मतलब होगा कि प्लेआफ के सफर में उसे और मुश्किलों का सामना करना होगा। वहीं, गुजरात के लिए जीत से इस आईपीएल के सफर को अलविदा कहने का सपना भी अधूरा रह जाएगा।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान | 13 | 8 | 5 | 16 | 0 | +0.273 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | 0 | +0.406 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | -0.787 |
| गुजरात (बा) | 13 | 5 | 7 | 11 | 1 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | 0 | -0.271 |

**खेल डायरी**

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**बैंकॉक।** युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मेईराबा लुवांग मैसनाम और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। हमवतन एचएस प्रणय पर उलटफेर भरी जीत के एक दिन बाद 21 वर्षीय मेईराबा ने 50 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसन को 21-14, 22-20 से हरा दिया। मेईराबा को अगले दौर में विश्व चैंपियन और स्थानीय दावेदार कुनलावुत वितिदसार्न की कड़ी चुनौती का सामना करना



होगा। सात्विक और चिराग की दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने अपने दूसरे दौर के मुकाबले में 69वीं रैंकिंग वाले शेई साओ नान और झेंग वेई हान को 21-16, 21-11 से हराया। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय जोड़ी का सामना अगले दौर में जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप की मलेशिया की जोड़ी से होगा।

### श्रीलंका की महिला टीम वेस्टइंडीज के साथ खेलेगी वनडे और टी-20

**कोलंबो।** श्रीलंका की महिला टीम वेस्टइंडीज के साथ 15 से 28 जून तक तीन एकदिवीसय और तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला की मेजबानी करेगी। 20 जुलाई से श्रीलंका में होने वाले टी-20 एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर इस श्रृंखला को महत्वपूर्ण माना जा रहा। मार्च और अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के उनके सफल दौरे के बाद इस वर्ष यह श्रीलंका की महिला टीम की दूसरी द्विपक्षीय टी-20 श्रृंखला होगी। श्रीलंका की टीम अगस्त में आयरलैंड का दौरे पर जाएगी। वेस्टइंडीज की महिला टीम ने हाल ही में पाकिस्तान का एक महीने का दौरा पूरा किया जहां उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 सीरीज में जीत दर्ज की। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 2017 में द्विपक्षीय श्रृंखला खेली गई थी।

### टी20 हरफनमौलाओं की रैंकिंग में हसरंगा के साथ शीर्ष पर शाकिब

**दुबई।** हार्दिक पंड्या टी20 हरफनमौलाओं की आईसीसी रैंकिंग में सातवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। पांड्या 185 अंकों के साथ सातवें स्थान पर हैं। हसरंगा और शाकिब के 228 अंक हैं। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी 218 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं जबकि जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा के 210 अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका के एडेन माक्रम पांचवें स्थान पर और आस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस छठे स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव 861 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि इंग्लैंड के फिल साल्ट 802 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### ओलंपिक चयन ट्रायल में जीते अंजुम और स्वप्निल

**भोपाल।** ओलंपियन अंजुम मोदगिल और पेरिस ओलंपिक खेलों के कोटा विजेता स्वप्निल कुसाले ने गुरुवार को यहां चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल में क्रमश: महिला और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहली जीत दर्ज की। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में स्वप्निल ने 463.7 अंक का स्कोर बनाकर अखिल श्योराण (461.6 अंक) की चुनौती पस्त की। स्थानीय निशानेबाज ऐश्वर्य तोमर 451.9 अंक के स्कोर से तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं के थ्री पोजिशन फाइनल में अंजुम ने 463.9 अंक का



स्कोर बनाया और भारत की नंबर एक निशानेबाज सिफत कौर सामरा को 1.9 अंक से पछाड़ दिया। आशी चौकसे 447.3 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के टी3 क्वालीफिकेशन में ओलंपियन मनु भाकर 577 के स्कोर से शीर्ष पर रही।

## हमें अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा : संजू सैमसन

गुवाहाटी, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा कि हमें अपनी योजनाओं पर कायम रहते हुए अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा।

उन्होंने पंजाब किंग्स के हाथों मिली हार के बाद कहा ईमानदारी से कहूं तो हम एक अच्छे विकेट की अपेक्षा कर रहे थे। यह 140 रन वाली यह पिच नहीं थी, लेकिन हमें 160-170 तो बनाने ही चाहिए थे। हम ऐसे विकेटों पर खेलने के आदी नहीं हैं। हमें यहां पर अगले मैच में स्मार्ट क्रिकेट खेलना होगा। सैमसन ने कहा ईमानदारी से कहूं तो हमें स्वीकार करना होगा कि हमें असफलता मिली है। हमें अपनी योजनाओं पर कायम रहना होगा। जब आप लगातार चार मैच हारते हैं तो आपको देखना होगा कि कहां कमी हो रही है, टीम के लिए क्या अच्छा नहीं जा रहा है। किसी एक को आगे आकर कहना होगा।




## पेरिस खेलों की चयन पात्रता पर 21 मई को फैसला करेगा डब्ल्यूएफआई

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम चुनने के लिए 21 मई को चयन मानदंड तय करेगा। भारत ने ओलंपिक खेलों के लिए कुश्ती में छह कोटा स्थान हासिल किए हैं जिनमें से पांच महिला पहलवानों को मिले हैं। अमन सहरावत पुरुषों के फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करने वाले एकमात्र पुरुष पहलवान हैं। डब्ल्यूएफआई ने कहा था कि वह 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले पहलवानों का चयन करने के लिए एक अंतिम ट्रायल आयोजित करेगा। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने बताया डब्ल्यूएफआई ने चयन मानदंड तय करने के लिए 21 मई को दिल्ली में चयन समिति की बैठक बुलाई है। दोनों शैलियों के दो मुख्य कोच चर्चा का हिस्सा होंगे।

## पेरिस ओलंपिक : शरत, मनिका का ओलंपिक टीम में पदार्पण

नई दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी शरत कमल और दुनिया की 24वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा पेरिस खेलों में क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला टीम का नेतृत्व करेंगे जहां देश टीम स्पर्धाओं में ओलंपिक में पदार्पण करेगा।

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) की सीनियर चयन समिति ने गुरुवार को ओलंपिक मानदंडों के अनुसार छह सदस्यीय टीम (प्रत्येक वर्ग में तीन) का चयन किया। इसके अलावा एकल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले खिलाड़ियों का भी चयन किया गया। शरत, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर को तीन सदस्यीय पुरुष टीम में जगह



मिलेगी जबकि मनिका, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ महिला वर्ग में टीम के सदस्य होंगे। प्रत्येक वर्ग में वैकल्पिक खिलाड़ी जी साथियान और आयहिका मुखर्जी होंगे। पुरुष एकल में शरत और हरमीत प्रतिस्पर्धा करेंगे जबकि महिला एकल में मनिका और श्रीजा चुनौती पेश करेंगी। यह निर्णय नवीनतम विश्व रैंकिंग के आधार पर लिया गया है।

## सुनील छेत्री ने फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा करते हुए कहा कि छह जून को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत के खिलाफ होने वाला फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैच उनका आखिरी मुकाबला होगा। सुनील छेत्री ने सोशल मीडिया मंच पर भावनात्मक पोस्ट में कहा आप जानते हैं, पिछले 19 वर्षों में मुझे जो एहसास याद है, वह कर्तव्य, दबाव और अपार खुशी का एक बहुत अच्छा संयोजन है। मैंने व्यक्तिगत रूप से कभी नहीं सोचा था कि ये इतने सारे मुकाबले हैं जो मैंने देश के लिए खेले हैं। मैंने यही किया है, अच्छा या बुरा, लेकिन अब मैंने यह कर लिया। यह पिछले डेढ़, दो महीने मैंने किया। मैंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि शायद मैं इस निर्णय की ओर जा रहा था कि यह गेम (कुवैत के खिलाफ), यह अगला गेम मेरा आखिरी होगा। उन्होंने 19 वर्षों के अपने फुटबॉल करिअर देश के लिए 150 मुकाबलों में 94 गोल किए। छेत्री, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, अली डेई और लियोनेल मेसी - फुटबॉल के सभी दिग्गज नामों के बाद सर्वकालिक शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय गोल स्कोरर की सूची में चौथे स्थान पर हैं।

### खेल जगत ने कहा- सुनील छेत्री खेल के असली लीजेंड

नई दिल्ली। चैम्पियन फुटबॉलर सुनील छेत्री के अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा के बाद खेल जगत के दिग्गजों ने उनकी उपलब्धियों की सराहना की जिसमें विराट कोहली, 2011 विश्व कप के नायक युवराज सिंह और स्टार फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया शामिल हैं। कोहली ने उन्हें अपना अच्छा मित्र बताते हुए लिखा, मेरे भाई, तुम पर फक्र है। युवराज ने उन्हें 'लीजेंड' करार करते हुए कहा कि 39 वर्ष के खिलाड़ी की 150 राष्ट्रीय मैच खेलने की लंबी विरासत लंबे समय तक बरकरार रहेगी। खेल का सही मायने में लीजेंड जिसने भारतीय फुटबॉल को वैश्विक मंच तक पहुंचाया। आपके जुनून ने एक पीढ़ी को इस खेल में आने के लिए प्रेरित किया है। भारतीय खेलों में आपकी विरासत हमेशा याद रहेगी। अब आप अपना विदाई मैच खेलने के लिए तैयार हो तो आप गर्व के साथ मुड़कर देख सकते हो। शुक्रिया लीजेंड। महान भारतीय स्ट्राइकर भूटिया ने कहा कि यह भारतीय फुटबॉल के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। इसमें कोई शक नहीं कि सुनील भारत के महानतम खिलाड़ियों में से एक है।



**बॉलीवुड हलचल**

### ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में विलेन का किरदार निभाएंगे ऋतिक

**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो ऋतिक रौशन फिल्म ब्रह्मास्त्र पार्ट 2 में विलेन का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। करण जौहर निर्मित और अयान मुखर्जी निर्देशित ब्रह्मास्त्र पार्ट वन शिवा ने बॉक्स ऑफिस पर काफी धमाल मचाया था। इस फिल्म रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, अमिताभ बच्चन, मॉनी राय ने अहम भूमिका निभाई थी। बताया जा रहा है कि ब्रह्मास्त्र-2 में ऋतिक विलेन का किरदार निभाते नजर आएंगे। ऋतिक इस फिल्म की शूटिंग वॉर-2 के बाद करेंगे। ब्रह्मास्त्र-2 को 2026 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज किया जाएगा।



### कार्तिक की फिल्म चंदू चैंपियन का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन का नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। चंदू चैंपियन के नए पोस्टर में कार्तिक आर्यन हाथ में बॉक्सिंग ग्लव्स पहने बॉक्सर अवतार में नजर आ रहे हैं। चंदू चैंपियन का नया पोस्टर ब्लैक एंड व्हाइट है। आंख के पास चोट का निशान, मुंह में सेफ्टी गाड्र्स और हाथों में बॉक्सिंग गलव्स पहने कार्तिक नजर आ रहे हैं। चंदू चैंपियन के पोस्टर के साथ-साथ मेकर्स ने एक बार फिर कार्तिक आर्यन की फिल्म की सिनेमाघरों में आने की तारीख ऑफिशियली अनाउंस कर दी है। साजिद नाडियाडवाला निर्मित और कबीर खान निर्देशित फिल्म चंदू चैंपियन 14 जून 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# मौसम का मिजाज तल्ख, तापमान 42 डिग्री पार

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** मौसम का रुख तेजी से बदलता जा रहा है। गुरुवार को अधिकतम तापमान में फिर से तेजी आ गई और 42.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इससे लोग गर्मी से परेशान रहे।

मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों में दिन व रात के तापमान में और बढ़ोत्तरी होगी। गर्मी बढ़ने से लोगों का हाल बेहाल हो गया है। दोपहर में लोग जरूरी होने पर ही घर से निकल रहे हैं। इधर चढ़े हुए तापमान के बीच गर्मी हवा और तेज धूप हालत और पतली कर दे रही है। घरों से बाहर निकलने पर कुछ देर के बाद लोगों के चेहरे लू के थपेड़ों से मुरझाए जा रहे हैं। मौसम विभाग ने 17 से लेकर 20 मई तक तेज गर्म हवाएं चलने की एडवायजरी जारी की है।

दोपहर में जब सूर्यदेव आंखें तरेरते हैं तो बाजार व सड़क से भीड़ गायब हो जाती है। गुरुवार को जहां अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमीं विक्षोभ की सक्रियता कम होने से आने वाले दिनों में तापमान में क्रमिक बढ़ोतरी जारी रहेगी। आगामी पांच दिन हल्के बादल छाए रहेंगे। हालांकि बारिश होने के कोई आसार नहीं हैं और गर्मी का सितम जारी रहेगा।


गर्मी में प्यास बुझाने को वाटर कूलर से बोतल में पानी भरते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

### बच्चों और बुजुर्गों को सावधानी बरतने की जरूरत

- गर्मी और लू से हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है। डॉक्टरों का कहना है कि बच्चों व बुजुर्गों पर लू का प्रकोप ज्यादा असरदायक होता है। जिला अस्पताल अकबरपुर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निशांत पाठक कहते हैं कि गर्मी के साथ अनेक बीमारियों ने दस्तक दे दी है। घटते-बढ़ते तापमान के बीच उल्टी-दस्त, डायरिया व बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी है। दोपहर में गर्मी व सुबह-शाम हल्की ठंड रहती है। ऐसे में एसी और कूलर का प्रयोग सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

## रसूलाबाद में हैंडपंप खराब, सूख रहे हलक

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** चिलचिलाती धूप से भीषण तपिश बढ़ रही है। जिससे लोग डिहाइड्रेशन के शिकार हो रहे है। ऐसे में खराब पड़े हैंडपंप हलक की प्यास और बढ़ा रहे हैं। जिससे लोग पानी के लिए भटकने को मजबूर होते हैं।

रसूलाबाद नगर पंचायत के वार्ड नंबर छह निराला नगर में कई हैंडपंप खराब पड़े हैं। जिससे लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। वहीं चिलचलाती धूप से बढ़ती तपिश से लोग डिहाइड्रेशन का शिकार हो रहे हैं। हालाकि निराला नगर में पानी की टंकी तो बनी है। लेकिन सप्लाई चालू न होने से उसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

निराला नगर वार्ड निवासी भूरा कठेरिया, दिलीप संखवार, देवेश पाल आदि लोगों ने बताया कि इस भीषण गर्मी में पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। इसके बावजूद नगर पंचायत प्रशासन द्वारा पेयजल व्यवस्था का कोई सुविधा नहीं की जा रही है। ऐसे में लोग पानी बोतल खरीदने को मजबूर होते हैं।


रसूलाबाद के निराला नगर में खराब हैंडपंप दिखाते लोग। अमृत विचार

# गर्मी से हीट स्ट्रोक का बढ़ा खतरा

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** जनपद में गर्मी का बढ़ता सितम लोगों पर कहर ढा रहा है। जिससे लोग डिहाइड्रेशन व हीट स्ट्रोक का शिकार हो रहे हैं। सरकारी व निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है। डाक्टर लोगों को तेज धूप से बचने की सलाह दे रहे हैं।

सिकंदरा, राजपुर, सलेमपुर, रसधान, अमरौधा व रुरगांव के सरकारी अस्पतालों में उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या दो सैकड़ा से अधिक पहुंच गई है। उमस और धूप बढ़ने से त्वचा रोगियों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। राजपुर पीएचसी में तीन दिनों में लगभग एक सैकड़ा मरीज उल्टी-दस्त, बुखार और पेट दर्द के पहुंचे हैं। गुरुवार को क्षेत्र के सभी पांचों सरकारी अस्पताल में लगभग 205 मरीज आए। जिसमें करीब सौ मरीज इन्हीं बीमारियों से पीड़ित रहे। इसके अलावा निजी अस्पतालों में भी मरीजों की भरमार बनी हुई है।


राजपुर पीएचसी में मरीजों का इलाज करते डॉक्टर। अमृत विचार

- चिकित्सक तेज धूप से बचने की दे रहे सलाह

गुरुवार को क्षेत्र में भीषण गर्मी की वजह से लोग बिलबिलाते नजर आए। तेज धूप में अधिक देर तक रहने से कई लोग हीट स्ट्रोक (लू लगने) के शिकार हो रहे हैं। वहीं गर्मी और खानपान में लापरवाही बरतने के चलते पेट खराब होने की समस्या हो रही है। इससे डायरिया और उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। राजपुर पीएचसी के डाक्टर शिव विनायक त्रिपाठी ने बताया कि पीएचसी की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

### यह बरतें सावधानी

- तेज धूप में घर से बाहर निकलने से परहेज करें।
- जरूरत पड़ने पर छाता या सिर पर कपड़ा बांधकर निकले।
- स्वच्छ पानी का अधिक से अधिक सेवन करें।
- पानी की बोतल हमेशा अपने साथ रखें।
- घर से पूरा पानी पीकर बाहर निकलें।
- खानपान का भी विशेष ध्यान रखें।

# पांचवें चरण के लिए भी कलेक्ट्रेट से ही रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

## जालौन-गरौठा लोकसभा क्षेत्र की भोगनीपुर विधानसभा सीट में 20 मई को मतदान

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** पांचवें चरण में जालौन-गरौठा संसदीय क्षेत्र के लिए होने वाले चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में जालौन लोकसभा से जुड़ी भोगनीपुर विधानसभा में 20 मई को मतदान होगा। जिसके लिए कलेक्ट्रेट मुख्यालय से पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी।

गुरुवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि जनपद में पांचवें चरण में 45-जालौन लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 208-भोगनीपुर विधानसभा क्षेत्र में 20 मई को सुबह सात बजे से प्रारंभ होगा। मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी 19 मई को सुबह 8 बजे से कलेक्ट्रेट मुख्यालय मैदान से होगी। सभी मतदान कर्मी अपनी-अपनी निर्धारित बसों से संबंधित मतदेय स्थलों के लिए रवाना होंगे। सभी बसों की लाइव ट्रैकिंग जीपीएस बेस्ड मोबाइल एप से की जाएगी।

- मतदान कर्मियों को ले जाने वाली बसों की जीपीएस बेस्ड मोबाइल एप से लाइव ट्रैकिंग

उन्होंने बताया कि मतदान कर्मियों के मतदेय स्थलों पर पहुंचने के बाद ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों से संबंधित लेखपाल, अमीन, अधिशाषी अधिकारी, बीएलओ व रसोईया उपस्थित रहकर बूथ निर्माण से लेकर भुगतान के आधार पर खानपान की आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएंगे। प्रत्येक मतदान पार्टी में महिला कार्मिक भी नियुक्त रहेंगी। ऐसे में उनके सुरक्षित निवास एवं अन्य सुविधाओं के लिए आंगनबाडी कार्यकर्ता अपने स्तर से व्यवस्था कराएंगी।

सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर पोलिंग पार्टियों के पहुंचने के संबंध में अपने एआरओ उप जिला मजिस्ट्रेट एवं एकीकृत कंट्रोल रूम विधानसभा भोगनीपुर के मोबाइल नंबर 7607182005 पर सूचना उपलब्ध कराएंगे।

इसके अतिरिक्त ईवीएम के संचालन, मॉक पोल, एमपीएस पंजीकरण व सीआरसी के बाद क्लोज बटन दबाने के संबंध में पीठासीन अधिकारी को दोबारा अवगत कराएंगे।

### पैरामिलिट्री की अभिरक्षा में आएंगी पोल्ड ईवीएम

जालौन-गरौठा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत भोगनीपुर विधानसभा में 20 मई को मतदान के बाद सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट ईवीएम को केंद्रीय पैरामिलिट्री फोर्स की अभिरक्षा में लेकर आएंगे। इसकी सूचना सहायक रिटर्निंग आफिसर व कंट्रोल रुम को दी जाएगी। पोल्ड ईवीएम को अकबरपुर डिग्री कालेज के स्ट्रांग रूम में जमा कराया जाएगा। वहीं मतदान के बाद कैटेगरी सी व डी की ईवीएम को सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट कोषागार परिसर स्थित कलेक्ट्रेट भवन के निर्धारित कक्षों में जमा कराएंगे।

# निर्वाचन में लापरवाही कतई क्षम्य नहीं: डीएम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जालौन-गरौठा लोकसभा अंतर्गत भोगनीपुर विधानसभा में 20 मई को होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए डीएम की अध्यक्षता में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में संपन्न हुआ।

गुरुवार को प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह ने कहा कि चुनाव को सकुशल व निष्पक्ष संपन्न कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए प्रशिक्षण में जो जानकारियां दी जा रही हैं। उसे गंभीरता से समझ लें। जहां शंका हो उसका समाधान यथासमय कर लें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि क्षम्य नहीं होती है। ईवीएम वीवीपैट के संबंध में जो भी जानकारी दी जा रही है। उनको भी भली भांति समझ लें। ताकि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

- कलेक्ट्रेट सभागार में जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया गया प्रशिक्षण
- जिलाधिकारी ने निर्वाचन में लगे सभी कार्मिकों को कराया जिम्मेदारी का अहसास

उन्होंने कहा कि सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट आचार संहिता का पालन करेंगे तथा अपने-अपने क्षेत्र के बूथों का भ्रमण कर वहां पर संपूर्ण व्यवस्थाएं दुरस्त कराएंगे। मतदान बूथ पर शीतल पेयजल, साफ-सफाई, रैंप, व्हीलचेयर, छाया आदि व्यवस्थाएं अवश्य रहें। प्रशिक्षण में एडीएम प्रशासन अमित कुमार, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, डीआईओएस अचल मिश्रा, डीआईओ एनआईसी विकास गुप्ता, सहायक निर्वाचन अधिकारी अजीत पांडेय सहित सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।


जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण देते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

### सीओ के साथ अर्द्धसैनिक बल ने किया रूट मार्च

**मूसानगर।** लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के लिए 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों ने पैदल गस्त कर सुरक्षा का अहसास दिलाया। मूसानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा चुनाव को देखते हुए संवेदनशील गांवों में पुलिस के साथ सीआईएसएफ के जवानों ने पैदल गस्त किया। गुरुवार को केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल की एक कंपनी के साथ भोगनीपुर सीओ देवेंद्र सिंह ने गांवों में पैदल मार्च किया। सीआईएसएफ के कंपनी कमांडर नरेंद्र कुमार के साथ मूसानगर पुलिस ने सनायांखेड़ा, घार, जरसेन, चांदपुर गुढ़ा, शेरपुर में कानून व्यवस्था का अहसास कराया। क्षेत्राधिकारी ने लोगों से निडर होकर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने की अपील की। कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी प्रकार की समस्या हो तो तुरंत पुलिस को सूचना दे। किसी के बहकावे में न आएं। राष्ट्रहित में अधिक से अधिक मतदान करें।


सीओ के साथ गश्त करते अर्द्धसैनिक बल के जवान।

# भाभी से अश्लीलता में देवर को तीन साल सजा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** करीब सात साल पहले रूरा में विवाहिता को अकेला पाकर उसके देवर ने अश्लीलता की थी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी देवर के खिलाफ मामला दर्ज किया था। गुरुवार को अदालत ने देवर को दोषी करार देते हुए तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और अर्थदंड भी लगाया है।

- दोषी पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रूरा कस्बा क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली विवाहिता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 24 नवंबर 2017 की शाम वह घर पर अकेली थी। तभी उसका देवर पंकज उर्फ संदीप कमरे में घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा। सीने पर हाथ लगा अश्लीलता करते हुए बिस्तर में गिरा दिया। उसने विरोध करते हुए शोर मचाया। उसी दौरान पति के आ जाने पर आरोपी किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पुलिस ने विवेचना करते हुए आरोपी के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र पेश किए थे। गुरुवार को अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम सुरेंद्र सिंह की अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी पंकज उर्फ संदीप को दोषी करार देते हुए तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पांच हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। वहीं अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को पांच माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अदालत ने अर्थदंड की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं।


बनीपारा बंधी निवादा के भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। अमृत विचार

### भागवत कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन

**रूरा।** क्षेत्र के बनीपारा बंशी निवादा गांव में चल रही सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा का बुधवार को समापन हो गया। वहीं गुरुवार को हवन कुंड में पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों भक्तों ने बड़े ही चाव से भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। दिन भर पंगत में बैठकर लोग भंडारे के प्रसाद ग्रहण करते रहे। इस दौरान पूर्व प्रधान राम विनोद सिंह, राघवेंद्र, सतेंद पाठक, राम लखन, राहुल, लल्लू, शिवम चक्रवर्ती, राघवेंद्र, भीम, संदीप आदि लोग मौजूद रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।


रसधान कस्बे में मारपीट के दौराम घायल हुए लोग। अमृत विचार


# दो पक्षों में चले लाठी डंडे, 4 लोग घायल

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के रसधान कस्बा में रास्ते से निकलने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चल गए। जिसमे चार लोग घायल हो गए। सभी को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया है।

गुरुवार को रसधान कस्बा में रास्ते से निकलने को लेकर हुए विवाद में दो पक्ष आपस में कहासुनी होने लगी। कुछ ही देर में दोनों पक्षों के बीच आपस में लाठी डंडों से मारपीट होने लगी। जिसमें एक पक्ष के रानू ने बताया कि उसके ससुर कानपुर से घर रसधान पहुंचे। तभी पड़ोस में रहने वाले कुछ लोग निकलने को लेकर गाली गलौज करने लगे। जिसके बाद दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए और लाठी डंडे चलने लगे। मारपीट में एक पक्ष से बृजेश निवासी देवीगंज थाना चकेरी, विजय निवासी चैनपुर थाना रूरा और दूसरे पक्ष से चंदन निवासी रसधान, गौरव निवासी रसधान निवासी घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों को सीएचसी सिकंदरा में भर्ती कराया। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

- रसधान कस्बे में रास्ते के विवाद को लेकर हुआ संघर्ष, सीएचसी में भर्ती



# बाइक के साथ युवक रामगंगा नहर में बहा, तलाश

## कानपुर से मजदूरी कर खलकपुर घर आते समय हुआ हादसा, युवक को खोजने में जुटे रहे गोताखोर, हादसे में चाचा घायल

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** कानपुर से मजदूरी कर बाइक से वापस अपने गांव खलकपुर जा रहे चाचा-भतीजों की बाइक अनियंत्रित रोड में गिर गई। जिससे चाचा घायल हो गया और भतीजा रामगंगा नहर में बह गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा और डूबे युवक की तलाश शुरू कराई, लेकिन देर शाम तक उसका कोई पता नहीं चल सका। अंधेरा होने के बाद सर्च ऑपरेशन रोक दिया गया।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के खलकपुर गांव निवासी कुलदीप (28) अपने चाचा सुनील के साथ गुरुवार को बाइक से कानपुर मजदूरी करने गया था। वहां से वापस आते समय रामगंगा नहर पटरी पर झाड़ापुरवा गांव के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे सुनील घायल हो गया और उसका भतीजा कुलदीप बाइक समेत नहर में जा गिरा। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी श्रीराम पटेल ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा व गोताखोरों को बुला कर नहर में तलाश कराई। लेकिन कुलदीप का कुछ पता नहीं चल सका। घटना पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि नहर में बहाव अधिक होने पर तलाश नहीं हो सकी है। कुछ दूरी पर जाल डलवाया गया है। शुक्रवार को फिर नहर में गोताखोर उतार कर युवक की तलाश कराई जाएगी।


रामगंगा नहर में बहे युवक के बारे में जानकारी लेते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

# टायर फटने से डंपर पोल व बोर्ड से टकराया

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** कस्बे के मुख्य चौराहा पर ओवरलोड डंपर का अगला टायर फट जाने से अनियंत्रित होकर लगे संकेतक बोर्ड के पोल से टकरा गया। जिससे पोल व बोर्ड क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर ही गिर गया। गनीमत रही कोई उसकी चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता। वहीं दोपहर तक पोल व बोर्ड न हटने से जाम की स्थिति बनती रही।

गुरुवार भोर ओवरलोड डंपर का रसूलाबाद कस्बे के मुख्य चौराहा पर अचानक टायर फट गया। जिससे डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे संकेतक बोर्ड के पोल से टकरा गया। हादसे में पोल व संकेतक बोर्ड सड़क पर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना सुबह होने के चलते उस समय सड़क पर लोगों की आवाजाही न के बराबर थी। ऐसे में कोई पोल व संकेतक बोर्ड की चपेट में नहीं आया। लोगों ने हादसे की जानकारी लोग निर्माण विभाग के अधिकारियों को दी, लेकिन दोपहर दो बजे तक मौके पर कोई नहीं पहुंचा। इसके चलते चौराहा पर कई बार भीषण जाम लगता रहा और लोग तेज धूप व गर्मी में परेशान हुए। दोपहर करीब दो बजे के बाद एक कर्मचारी बोर्ड को हटाने पहुंचा, लेकिन अधिक वजन होने के कारण बोर्ड को फिर भी नहीं हटाया जा सका। कर्मचारी ने बोर्ड की दिशा को मोड़कर बीच रोड पर कर दिया गया। जिससे वाहन चालकों को दिक्कत उठानी पड़ रही है और बार-बार जाम लग रहा है।


हादसे के बाद सड़क पर पोल व संकेतक बोर्ड पड़ा होने से लगा जाम। अमृत विचार

# संदिग्ध हालात में जहर खाने से अधेड़ की मौत

संवाददाता, राजपुर

- बैना गांव ससुराल आया था गौरी सुल्तानपुर का अधेड़
- परिजनों ने अधिक शराब पीने से मौत होने की वजह बताई

**अमृत विचारः** बैना गांव ससुराल आए अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ गई। परिजन उसे राजपुर पीएचसी ले गए जहाँ डाक्टर ने अधेड को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डाक्टर ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल कर रही है।

देवराहट थाना क्षेत्र के गौरी सुल्तानपुर निवासी राजू (48) की राजपुर के बैना गांव के सेवाराम ससुराल है। मंगलवार को राजू अपनी पत्नी रमाकांती के साथ बैना गांव आया था। बुद्धवार को राजू गाँव के बाहर सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में पडा मिला। ग्रामीणों ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने अधेड़ को राजपुर पीएचसी में भर्ती कराया। जहाँ गंभीर हालत में पीएचसी के डाक्टर अरुणेनद्र प्रताप सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों का कहना है कि राजू शराब पीने का लती था। अधिक शराब के सेवन से उसकी हालत बिगड़ने पर मौत हो गई। राजपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि अधेड़ की मौत की जानकारी मिलने पर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं होने बिसरा सुरक्षित कर जांच के लिए लैब भेजा गया है। परिजनों ने घटना में किसी के खिलाफ तहरीर नहीं दी है। मामले की गहनता से जांच-पड़ताल की जा रही है।

## एक नजर

### झींझक की नहर कोठी में लटका मिला वृद्ध का शव

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के झींझक कस्बे की नहर कोठी के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में बबूल के पेड़ पर एक बुजुर्ग का फंदे पर शव लटका मिला। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। झींझक चौकी प्रभारी अनुज अवस्थी ने बताया कि गुरुवार को उन्हें सूचना मिली की नहर कोठी के अंदर एक वृद्ध का शव फंदे पर लटक रहा हैं। वह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से उतार कर छानबीन की और मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए, लेकिन उसके पास पहचान की कोई वस्तु न मिलने से शिनाख्त नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि शव का पंचनामा भरकर मोर्च्युरी में रखवा दिया गया है। आसपास क्षेत्र में जानकारी भेजकर मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### बिजली का तार टूटकर गिरा करंट से गाय की मौत

**रसूलाबाद।** विद्युत तार टूटकर गिरने से करंट की चपेट में आकर एक गाय की मौत हो गई। गौतम बुद्धनगर निवासी पप्पू ने बताया बुधवार देर रात उसकी गाय दरवाजे पर बांधी थी। तभी ऊपर से निकली विद्युत लाइन का तार टूट कर गाय पर गिर पड़ा। जिससे करंट से गाय की मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 75 हजार रुपये है। उसने विद्युत अधिकारियों को शिकायत पत्र दिया और गाय का पीएम कराया। जिसमे करंट से मौत की पुष्टि हुई। एसडीओ गौरव द्विवेदी ने बताया कि गाय की मौत की सूचना पर पोस्टमार्टम कराया गया है। लाइन हाईटेंशन नहीं थी। पीएम रिपोर्ट आने के बाद जांच करा कर पशुपालक को आर्थिक सहायता के लिए कार्रवाई की जाएगी।

### युवती से बदसलूकी कर फाड़े कपड़े, रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** रायपुरवा थानाक्षेत्र में रहने वाली युवती ने आरोप लगाया कि इलाके के रहने वाले शिवा गुप्ता, विष्णु गुप्ता, देवा गुप्ता और राजू गुप्ता ने उसके साथ बदसलूकी की और कपड़े फाड़ दिये। इस दौरान उसके पैर में दांत से काट लिया। बीचबचाव करने पर आरोपियों ने बीमार माता-पिता को पीटा। पीड़िता के अनुसार बुधवार रात आरोपियों ने उसकी गाड़ी में टक्कर मार दी। विरोध पर भाई बाहर निकला तो उसको पीट दिया। पीड़िता ने रायपुरवा थाने में तहरीर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर छेड़छाड़, मारपीट, गौली-गलौज व धमकी संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# लापरवाह हेड मास्टर का रुकेगा वेतन

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- बीएसए ने सभी बीईओ को पत्र भेजकर दिए निर्देश

**अमृत विचार।** डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) कार्य अपने स्तर पर किसी रूप में अपूर्ण रखने वाले प्रधानाध्यापकों का वेतन रोका जाएगा। बीएसए ने इस बावत सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर निर्देशित किया है।

पूर्व में प्रधानाध्यापकों को प्रेरणा पोर्टल पर लंबित अभिभावकों के नान सीडेड, एक अभिभावक के एक से अधिक बच्चों व संदिग्ध चिह्नित खातों के संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अभी भी अधिकांश प्रधानाध्यापकों के स्तर पर बच्चों का डाटा लंबित है। जिससे सरकारी विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों के खाते में यूनिफार्म, बैग, स्वेटर, जूते व मोजे की धनराशि स्थानांतरित नहीं हो सकेगी। बीएसए ने ऐसे सभी प्रधानाध्यापकों को 20 जून तक का समय दिया है।

निर्धारित समय अवधि में यदि संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा उक्त कार्य नहीं किया जाता है तो उस विद्यालय के समस्त स्टाफ का वेतन/मानदेय अग्रिम आदेशों तक के लिए अवरुद्ध कर दिया जाएगा। बताते चलें परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले नौनिहालों के अभिभावकों के लिए यह जरूरी खबर है। क्योंकि अगर उनका बैंक खाता आधार से सीडेड नहीं है तो बच्चे को डायरेक्ट बेनीफिट स्कीम का लाभ नहीं मिलेगा। अभिभावकों को समय दिया गया है कि वह पांच दिन के अंदर बैंक जाकर इसे चेक कराते हुए सीडेड करवा दें। एक माह के अंदर जल्द ही पहले चरण में नौनिहालों को लाभान्वित होने की उम्मीद है। परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले प्रति बच्चे 1200 रुपये का बजट दिया जाता है। यह रकम सीधे अभिभावकों के खातों में भेजी जाती है।

चालू शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए कवायद शुरू हो गई है। ऐसे में अब पहले चरण में इनको लाभांवित करने की कवायद तेज हो गई है। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि अभिभावकों को पांच दिन में अपने बैंक खाते आधार से सीडेड कराने का समय दिया गया है। अगर यह प्रक्रिया नहीं अपनाते हैं तो उन्हें डीबीटी का लाभ नहीं दिया जाएगा। वहीं डीबीटी का कार्य लंबित रखने वाले प्रधानाध्यापकों का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

### अभिभावक पहले ही चेक कर लें बच्चे का डाटा

नौनिहालों को डीबीटी का लाभ देने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। पिछले साल के बच्चों का डाटा अपडेट कर दिया गया है। अगर इस डाटा में कोई गड़बड़ी होती है तो बच्चे इससे वंचित होंगे। इसलिए अभिभावक स्कूल से संपर्क करके अपने बच्चों का डाटा चेक कर लें। अगर कोई दिक्कत है तो उसे प्रधानाध्यापक से संशोधित करा लें। इसके साथ ही प्रधानाध्यापक शत प्रतिशत प्रोन्नत छात्र-छात्राओं एवं नवीन पंजीकृत छात्र-छात्राओं के डाटा को प्रेरणा डीबीटी मोबाइल एप के माध्यम से प्रमाणित कराते हुए बीएसए को प्रगति आख्या से अवगत कराएंगे।

# घर में अकेली किशोरी से दुष्कर्म एफआईआर दर्ज

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एक युवक के विरुद्ध नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि वह पुखरायां काम करने गई हुई थी और उसका पति खेत पर पानी लगाने गया था। तभी घर पर उसकी पंद्रह वर्षीय पुत्री अकेली थी। जब उसका पति खेत से वापस आया तो उसने देखा कि भोगनीपुर कस्बा के दलित मोहल्ला निवासी नीरज उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म कर रहा है। पति ने जब उसे पकड़ने का प्रयास किया तो वह भाग निकला। पुत्री ने पिता से दुष्कर्म करने की बात बताई। पुलिस ने महिला की तहरीर पर दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है। आरोपी अपने घर से भागा हुआ है।

# मिट्टी चोरों पर कार्रवाई की मांग उठी

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के रास्तपुर के नहरी बरी गांव से किसानों के खेत से मिट्टी चोरी की सूचना पर पूर्व सांसद मौके पहुंचे और इसकी सूचना तहसील प्रशासन व पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने जांच की बात कही है। ग्रामीणों ने रिंग रोड वालों पर मिट्टी उठा ले जाने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है।

शिवली कोतवाली के रास्तपुर के मजरा नहरीबरी जोगिनडेरा निवासी किसान राजकिशोर नाथ, दीपूनाथ, शेरसिंह नाथ व विधवा महिला सुतिया ने आरोप लगाया कि लेखपाल, ग्राम प्रधान व कई जिम्मेदार लोगों की मिलीभगत से चार बीघा खेत से मिट्टी चोरी कर रिंग रोड में लगे लोगों को बेंच ली गई है। बुधवार को खेत से जाने मिट्टी चोरी का पता चला तो उन्होंने इसकी सूचना पूर्व संसद अनिल वारसी शुक्ला को दी। मौके पर पहुंचे पूर्व सांसद ने मिट्टी चोरी की जानकारी तहसील प्रशासन को दी। नायब तहसीलदार अनिल चौधरी व बाघपुर चौकी प्रभारी कालीचरण मौके पर पहुंचे और जांच की बात कही। वही किसानों ने कहा कि मिट्टी की चोरी करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाए। इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि तहरीर मिली है। जांच कर कारवाई की जाएगी।


मिट्टी चोरी की सूचना पर पहुंचे पूर्व सांसद ने लोगों से जानकारी ली। अमृत विचार

### रिंग रोड का काम शुरू होने के बाद बढ़ी मिट्टी चोरी

रिंग रोड का काम शुरू होने के बाद से खेत से मिट्टी चोरी होना आम बात हो गई है। बेचारा किसान सुबह जब जान पता है। तब इसकी सूचना पुलिस व तहसील प्रशासन को देता है। लेकिन जांच की बात कह कर उनको टरका दिया जाता है। कुछ समय पूर्व ढिकिया गांव में एक किसान के खेत से भी मिट्टी चोरी कर ली गई थी। इसकी सूचना उसने तहसील में दी थी।


जांच के बाद सड़क निर्माण में जुट गए पीडब्ल्यूडी के मजदूर। अमृत विचार

# जांच के बाद शुरू हुआ सड़क निर्माण

**मंगलपुर।** ब्लाक संदलपुर की ग्राम पंचायत जैतापुर में पीडब्ल्यूडी की ओर से सड़क नवीनीकरण का निर्माण का कार्य चल रहा था। जिसमें ग्रामीणों को जानकारी मिली कि सड़क निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा था।

इस पर सुरेंद्र सिंह, पवन सिंह, संतोष कुमार, दिलीप सिंह, राहुल, लाल सिंह सहित लगभग एक दर्जन लोगों ने मौके पर जाकर विरोध करते हुए हंगामा किया था और सड़क निर्माण कार्य का बंद करा दिया था। मामले की सूचना अधिकारियों को दी गई थी।

गुरुवार को लोक निर्माण विभाग के जूनियर इंजीनियर ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। उन्होंने पाया कि सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा मानक के अनुसार ही कार्य कराया जा रहा है। इस बारे में उन्होंने ग्रामीणों को भी अवगत कराया। जेई के समझाने पर फिर से सड़क निर्माण कार्य शुरू हो सका।

# युवक ने कमरे में फंदा लगा दी जान

**रनियां।** कस्बा के आर्यनगर द्वितीय में रात को युवक ने कमरे में कुंडे में साड़ी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह काफी देर युवक न जगने पर परिजनों ने कमरे में देखा तो जानकारी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है।

फत्तेपुर रोशनाई के आर्यनगर द्वितीय निवासी प्रदीप कुमार (24) खेती किसानी का काम करता था। उसके भाई जितेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि प्रदीप अविवाहित था। बुधवार की रात वह खाना पीना करके कमरे में सोने चला गया गया था। गुरुवार सुबह आठ बजे तक जब वह सोकर नहीं उठा तो कमरे में देखने पर प्रदीप का शव लटक रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतार कर छानबीन की। मौत पर पिता इंद्रपाल, बहन मैना देवी समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# प्रार्थना सभा में चेक होगी अध्यापकों की हाजिरी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- प्रार्थना के बाद फोटो खींच कर बीईओ को भेजनी होगी

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में प्रधानाध्यापक समेत सभी शिक्षकों को अनिवार्य रूप से प्रार्थना सभा में मौजूद रहना होगा। साथ ही अवकाश को छोड़ प्रतिदिन इसका प्रमाण भी देना होगा। इसके लिए प्रधानाध्यापकों को सभी शिक्षकों का प्रार्थना स्थल सहित एक फोटो खींचना होगा और फिर बीईओ को भेजना होगा।

स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने यह व्यवस्था मंगलवार को वर्ष 2024-25 के लिए जारी नए शैक्षिक कैलेंडर में किया है। साथ ही सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों व डायट प्राचार्यों को भी निर्देश भेज दिया गया है। इसका कड़ाई से पालन कराने को भी कहा गया है। नए कैलेंडर के अनुसार कक्षा एक से आठ तक छात्रों का सतत मूल्यांकन किया जाएगा। शैक्षिक सत्र में दो टर्म परीक्षाएं होंगी। ये परीक्षाएं अगस्त और दिसंबर में होंगी। वहीं अक्तूबर में अर्द्ध वार्षिक परीक्षाएं होंगी। वार्षिक परीक्षाएं मार्च में होंगी। अप्रैल से नए सत्र की शुरुआत होगी।

वहीं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति जांचने के लिए स्कूलों में प्रधानाध्यापक व सभी शिक्षकों को अनिवार्य रूप से प्रार्थना सभा में मौजूद रहना होगा। इस दौरान प्रधानाध्यापकों को सभी शिक्षकों का प्रार्थना स्थल सहित एक फोटो खींचना होगा। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि एमडी के जारी नए शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार प्रधानाध्यापकों को शिक्षकों समेत फोटो खींचकर उसे प्रार्थना खत्म होते ही बीईओ को भेजना होगा।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

**लापरवाही** पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क की मरम्मत नहीं, धनीरामपुर के लोगों को आवाजाही में होती दिक्कत

# खोदने के बाद यूं ही छोड़ दी सड़क, गहरे गड्ढों में मोच खाते पांव

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** जल निगम ठेकेदारों ने पाइप लाइन बिछाने के लिए धनीरामपुर गांव में खोदे गए रास्तों को अधूरा ही छोड़ दिया है। जिससे लोगों को आवागमन करने में दिक्कत उठानी पड़ रही है। शिकायत के बावजूद सड़कों की मरम्मत न होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

अकबरपुर ब्लॉक के धनीरामपुर गांव में सड़कों को बीच में ही खोदकर छोड़ दिया गया है। जिससे लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। वहीं हर गांव में स्वच्छ जल मुहैया कराए जाने के उद्देश्य से हर घर नल योजना के तहत जल निगम द्वारा पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में धनीरामपुर गांव की हर गली व मोहल्ले में पाइपलाइन बिछाने के लिए जेसीबी से खुदाई कराई गई है। जिसे अधूरा ही छोड़ दिया गया है।

ऐसे में चौपहिया व दोपहिया वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कत होती है और कई बार वाहन फंस जाते हैं। हालत यह है कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान उखाड़े गए खड़ंजे भी नहीं लगाए गए हैं। जिससे ग्रामीणों में रोज व्याप्त है। जबकि ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत कराने के लिए शासन स्तर पर शिकायत भी की, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। ऐसे में जल निगम अधिकारियों की लापरवाही से लोग परेशान हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर सड़क की मरम्मत न हुई तो बरसात के मौसम में हाल और बुरा हो जाएगा। वहीं खोदाई होने से ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों में भी क्षति पहुंची है। ठेकेदारों ने पाइपलाइन खुदाई में उखाड़ी गई इंटरलांकिग ईंटों को पुराई के दौरान गड्ढों में डाल दिया है। इस बावत एडीओ पंचायत हरिओम सक्सेना ने बताया कि जलनिगम अधिकारियों को गांव की सड़क बराबर करने के लिए कहा गया है।


धनीरामपुर में पाइप लाइन की खोदाई के बाद ऐसे ही छोड़ी गई सड़क। अमृत विचार


पाइप लाइन बिछाने के नाम पर गांव की सड़कों को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। शिकायत के बावजूद जलनिगम अधिकारी व ठेकेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे आवागमन में दिक्कत है।
-निशू


विकास कार्यों के नाम पर जेसीबी से खोदाई कर पाइपलाइन तो डाल दी गई, लेकिन दूसरे कराए गए कार्यों को ध्वस्त कर दिया गया हैं। ऐसे में गांव के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।
-प्रीती अवस्थी


आने वाली बरसात से पहले यदि सड़कों की गांव की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत नहीं कराई तो हाल और बुरा होगा। अभी तो वाहन की फंसते हैं। फिर लोगों का पैदल निकलना भी दूभर होगा।
-शिवम


शासन केस्पष्ट निर्देश हैं कि पाइप लाइन खोदाई के बाद उसकी मरम्मत करने की जिम्मेदारी भी कार्यदायी संस्था की होगी। इसके बावजूद कोई ध्यान नहीं देता। लोगों को दिक्कत होगी है।
-मंजू नायक

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम वर्तमान में रोहित चौरसिया के नाम से जाना जाता है। अतः मेरी L.I.C में मेरा नाम चन्दन चौरसिया है। बाउन्ड नं0 – 219033675, 236375674, 226241520, 213773604 मेरा नाम त्रुटिवश चन्दन चौरसिया अंकित हो गया है। जोकी रोहित चौरसिया से जाना जाता है। **पता:– 283/701/398 आरती नगर, गढी कनौरा, लखनऊ।**

**सूचना**
सूचित हो कि मै अर्चना कुमारी मौर्या पुत्री कमलेशवर विद्यालय श्री दीप नारायण तूफानी दास इंटर कालेज, सेमरहना मिहिंपुरवा बहराइच से वर्ष 2020 मे इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग से परीक्षा पास की थी। जिसकी इंटरमीडिएट की मार्कशीट वास्तव मे गायब हो गयी है। जिसका अनुक्रमांक 2221609 परीक्षा वर्ष 2020 है। – **अर्चना कुमारी मौर्या पुत्री कमलेशवर, ग्राम–सेहरिया गंगापुर, कोतवाली मुर्तिहा, तहसील मोतीपुर, बहराइच, पिन कोड–271855, मोबाईल नंबर– 9455955003**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने बड़े पुत्र मोहम्मद शमीम तथा उनकी पत्नी बहू फिजा को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति व संबंधों से बेदखल करती हूं। भविष्य में इनके कृत्यों से मेरा कोई वास्ता –सरोकार नहीं होगा। – **खालिकुनिशा पत्नी गुलाम अहमद, निवासी– मोहल्ला– गदुरहवा, बलरामपुर**

# सपा ने पकड़ाया तमंचा, हमने टैबलेट : योगी

## मुख्यमंत्री विपक्ष पर जमकर बिफरे, कहा-भाजपा की सफलता पर विपक्षी दलों में घबराहट

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



जोनिहां की जनसभा में अभिवादन करते सीएम योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में गठबंधन एवं आम आदमी पार्टी पर जमकर तीखे बाण छोड़े। उन्होंने कहा कि सपा अपने शासन काल में युवाओं के हाथों में तमंचा पकड़ाया था। हम टैबलेट दे रहे हैं। कहा कि भाजपा की सफलता पर विपक्ष घबराया हुआ है।

बिंदकी तहसील क्षेत्र के जोनिहां के समीप आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी 4.20 बजे पहुंचे। उन्होंने कहा कि सपा शासन काल के राशन माफियाओं की छुट्टी हो गई है। अब लोगों को समय पर राशन उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने भाजपा सरकार का बखान करते हुए कहा कि देश के 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड, 50 करोड़ लोगों के जनधन खाते, 10 करोड़ महिलाओं के घर में रसोई गैस कनेक्शन पहुंचाया गया है। इसके अलावा हर घर जल योजना के तहत सभी के घरों में शुद्ध आरओ का जल पहुंचाया जा रहा है। करोड़ों लोगों को आवास की सुविधा दी गई और जो शेष बचे हैं उन्हें भी आवास दिया जाएगा। उन्होंने आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि जेल से आने पर उनके अंदर जेल का साइड इफेक्ट दिख रहा है। उन्होंने दिल्ली की जनता को परेशान कर दिया है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति को भारी मतों से विजयी बनाने की समर्थकों से हामी भी भराई।

### रामभक्त और रामद्रोही के बीच चुनाव

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंडिया गठबंधन के खिलाफ हुंकार भरते हुए जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह चुनाव राम भक्त व रामद्रोही के बीच लड़ा जा रहा है। वह सत्ता ठुकरा सकते हैं लेकिन राष्ट्र और सनातन किसी कीमत पर नहीं। गठबंधन को सीएम ने रामद्रोही बताया।

### गेंद को जनता के पाले में फेंका

सीएम ने गेंद जनता के पाले में फेंकते हुए कहा कि मोदी और योगी की ताकत आपका वोट है। इसी ताकत से रामलला विराजमान हुए हैं। सही मायने में यह सब आपकी बदौलत हुआ है। आप लोग परलोक में पूर्वजों को यह बताएंगे कि आपके संकल्प को सरकार ने पूरा किया है।

### जनसभा में यह रहे मौजूद

योगी की जनसभा में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, सांसद देवेंद्र सिंह भोले, विधायकों में राजेंद्र सिंह पटेल, जयकुमार सिंह जैकी, कृष्णा पासवान व विकास गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल, पूर्व विधायकों में करण सिंह पटेल, विक्रम सिंह, धुन्नी सिंह व आदित्य पांडेय, पूर्व मंत्री भोला सिंह, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा, बिन्दकी के पूर्व चेयरमैन मुन्ना लाल सोनकर, मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह आदि।



शहर के मुस्लिम इंटर कालेज के मैदान में बोलते पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव। अमृत विचार

# भाजपा को इस बार 140 सीटों के लिए तरसा देगी जनताः अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा पर जमकर साधा निशाना
- कहा, डबल इंजन वाली सरकार ने युवाओं की नौकरी छीनी

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किसानों के मुद्दे पर भाजपा को जमकर घेरा। भाजपा की कथनी और करनी पर प्रहार करते हुए कहा, अच्छे दिन तो नहीं आए, लेकिन हमारी सरकार में खुशियों के दिन आएंगे। किसानों को खुशहाल किया जाएगा। भाजपा सरकार संविधान बदलना चाहती है। इस बार चुनाव में भाजपा को 140 सीटों के लिए जनता तरसा देगी। उन्होंने कहा के गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों का कर्जा माफ करने समेत महिलाओं को लखपति बनाया जाएगा।

लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी नरेश उत्तम पटेल के समर्थन में शहर के मुस्लिम इंटर कालेज के मैदान में गुरुवार को 14.45 बजे आए पूर्व सीएम एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने 30 मिनट के भाषण में उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है। हम ऐसा नहीं होने देंगे। कहा कि जनता के किसी भी सवाल का जवाब भाजपा के पास नहीं है। भाजपा सरकार में पेपर लीक बंद नहीं हो पा रहा। यह सरकार जान बूझकर पेपर लीक करती है। भाजपा के 400 पार के नारे पर कहा कि इसका मतलब है कि 553 सीटों में 400 छोड़ कर जो शेष बचेंगी वह भाजपा की होंगी। 140 करोड की जनता इस बार भाजपा को 140 सीटों के लिए तरसा देगी। महंगाई पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा, पहले पारले-जी बिस्कुट का पैकेट बड़ा आता था। भाजपा सरकार ने उस पैकेट को छोटा कर दिया और महंगा भी कर दिया। महंगाई बढ़ गई और दवाई भी महंगी हो गई। मैंने वैक्सीन लगवाने के लिए मना किया था। आज वैक्सीन की पोल खुल चुकी है। वैक्सीन कंपनियों से भाजपा वालों ने पैसा वसूला। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार आने पर आटा ही नहीं डाटा भी साथ देंगे। माताओं, बहनों को एक लाख रुपये देकर लखपति बनाएंगे। जनसभा में समर्थकों का हुजूम रहा।

### जनसभा से कांग्रेसी भागे

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की जनसभा का कांग्रेसियों ने तवज्जों नहीं दिया। ज़िला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान ने सभा स्थल पर कांग्रेसियों के लिए समुचित व्यवस्था न होने और मंच में स्थान न मिलने पर जनसभा का कांग्रेसियों ने बहिष्कार किया। कांग्रेस अध्यक्ष समेत पीयूष नाथ सिंह गप्पू, डा. निर्मल तिवारी, राजन तिवारी तमाम कांग्रेसियों के साथ जनसभा स्थल से लौट गए।

### गर्मी के बीच भीड़ रही व्याकुल

42 डिग्री तापमान वाली गर्मी के बाद भी जनसभा में सपा समर्थक मैदान में डटे रहे। अपने नेता को सुनने के लिए पसीना बहाते नजर आए। खासकर युवाओं में जोश दिखा, कोई पोल में चढ़ा नजर आया तो कोई बाउंड्री पर चढ़कर सपा जिंदाबाद के नारे लगाते नजर आए।

# सत्ता से दूर होने जा रही भाजपा : मायावती

संवाददाता, खागा-फतेहपुर

- बसपा सुप्रीमो ने पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में खागा में की जनसभा
- कहा-ईवीएम में गड़बड़ी नहीं हुई तो इस बार जुमलेबाजी काम नहीं आनेवाली


खागा की सभा में बोलतीं मायावती।

**अमृत विचार।** गलत नीतियों के कारण कांग्रेस सत्ता से बाहर हुई। अब भाजपा की बारी है। निष्पक्ष चुनाव और वोटिंग मशीन में गड़बड़ी नहीं हुई तो भाजपा की जुमेलबाजी और गारंटी काम आने वाली नहीं है। यह बातें बसपा सुप्रीमो मायावती ने खागा के नवीन मंडी से बगल में स्थित मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा में कही।

फतेहपुर के बसपा प्रत्याशी डा. मनीष सिंह सचान और कौशांबी लोकसभा सीट के प्रत्याशी शुभनारायण के पक्ष में गुरुवार को आयोजित जनसभा में बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि आजादी के बाद ज्यादातर कांग्रेस और सहयोगी पार्टियों के हाथ में केंद्र व कई राज्यों की सत्ता रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपनी गलत नीतियों के चलते जनता ने बाहर का रास्ता दिखाया। फिर भाजपा ने सरकारें बनाईं लेकिन जातिवादी, पूंजीवादी, संकीर्ण मानसिकता और कथनी-करनी में अंतर इसे भी सत्ता से बाहर कर देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश के गरीबों, कमजोर तबकों, मेहनतकश लोगों को अच्छे दिन का प्रलोभन दिया। हवाहवाई और कागजी गारंटी दी, जबकि हकीकत यह रही कि पूंजीपतियों-धन्नासेठों को ज्यादा धनवान बनाने, छूट देने व बचाने में केंद्र सरकार लगी रही। भाजपा इन्ही से इलेक्टोरल बांड के जरिए चंदा लेती रही।

### भाजपा को जिताने को उतारा कुर्मी प्रत्याशी

जनसभा में मायावती ने कहा कि इस बार के चुनाव में विरोधियो को वोट देने से बहुजन समाज का भला नहीं होगा। सपा को मायावती ने भाजपा की बी-टीम बताया। कहा कि बसपा द्वारा जब तक अपना प्रत्याशी उतारा गया तब तक सपा ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारा। उनके कुर्मी प्रत्याशी उतारने के बाद सपा ने भी कुर्मी उम्मीदवार मैदान में उतारा है। कहा कि यहीं से समझा जा सकता है कि भाजपा उम्मीदवार को जिताने के लिए सपा ने जानबूझ कर कुर्मी प्रत्याशी उतारा है।


### राशन मुफ्त का नहीं बल्कि आपका है

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि भाजपा ने दस साल के शासन में कोई वायदे पूरे नहीं किए। कांग्रेस की नाकामी की वजह से सत्ता में बीजेपी आई है। अब यही हाल भाजपा का हो। कहा कि गरीबों को मुफ्त राशन भाजपा अपनी जेब से नहीं दे रही है यह आपका ही है। आप के ही टैक्स के रुपये से भाजपा मुफ्त का राशन बताकर बांट रही है।

# श्रीराम विरोधी विचारधारा पर काम कर रहा विपक्ष

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- प्रदेश के मंत्री धर्मपाल सिंह मीडिया के समक्ष बिफरे


प्रेसवार्ता करते मंत्री धर्मपाल सिंह।

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के पशुधन दुग्ध विकास राजनैतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह गुरुवार को मुख्यालय आए। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह लोकसभा चुनाव देश की दशा व दिशा तय करेगा। जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है और तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने से कोई रोक नहीं सकता। देश की विपक्षी पार्टियां श्रीराम विरोधी विचारधारा पर काम कर रही हैं। कांग्रेस, सपा व बसपा भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई हैं। जिन्हें जनता इस चुनाव में सबक सिखाने का काम करेगी।

गुरूवार को कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने अयोध्या में भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण कराकर पूरे 11 दिन ब्रत रहकर पूजा अर्चना की। लोकसभा चुनाव में हम चार सौ सीटे इसलिये मांग रहे हैं ताकि एक भारत श्रेष्ठ भारत और आत्मनिर्भर भारत बना सके। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दुगनी हो इसके लिये लिये प्रधानमंत्री लगातार प्रयासरत हैं। मोदी के पुनः प्रधानमंत्री बनने के बाद विश्वभर में रामायण उत्सव मेले के आयोजन कराएंगेद्ध जन औषधि केंद्रों को बढाने, आयुष्मान भारत योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को उपलब्ध कराने की रणनीति बनाई जाएगी। इस मौके पर भाजपा नेत्री शैलजा राज लोधी, उर्मिला लोधी, उदय लोधी, पूर्व ब्लाक प्रमुख अक्षय लोधी, शैलेंद्र शरन सिंपल, राजेश पटेल आदि रहे।

# फ्लैग मार्च कर भयमुक्त मतदान का दिया संदेश

संवाददाता, फतेहपुर


पुलिस के साथ फ्लैग मार्च करते केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर भयमुक्त मतदान और शरारतीतत्वों के हौसले पस्त करने के लिए पुलिस व केंद्रीय सुरक्षा बल ने संवेदनशील चिह्नित किए गए क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। गुरुवार को कल्याणपुर, चांदपुर, हथगांव, जहानाबाद व थाना बकेवर पुलिस ने केन्द्रीय सशस्त्र बल के साथ अपने अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण करके लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत जनपद में आगामी 20 मई को मतदान प्रक्रिया होनी है। यह तारीख करीब आते देख पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी चौकन्ना होकर तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। इस क्रम में गुरूवार को केंद्रीय सुरक्षा बल की टुकड़ी के साथ कल्याणपुर, चांदपुर, हथगांव, जहानाबाद व थाना बकेवर पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र की मिश्रित आबादी के बीच भ्रमण किया। कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के साथ पुलिस कर्मियों ने लोगों से बातचीत भी की। उन्होंने चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखकर पुलिस तथा प्रशासन का सहयोग करने और भयमुक्त होकर मतदान करने को अपील की। यदि कोई व्यक्ति चुनाव आदर्श अचार संहिता का उल्लंघन करे तो इसकी सूचना तत्काल डायल 112, सम्बन्धित थाना चौकी पर दी जाए। तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाएगी।

# सौंह के ग्रामीण बोले रोड नहीं तो वोट नहीं

संवाददाता, औंग

- मार्ग निर्माण न होने पर जताया गुस्सा, की नारेबाजी

**अमृत विचार।** तहसील बिन्दकी के ग्राम सभा सौंह चित्तापुर मार्ग के लोगों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर जहां एक ओर साध्वी निरंजन ज्योति का विरोध किया। वहीं दूसरी ओर रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा बुलन्द किया।

गांव के पूर्व प्रधान हरिशंकर तिवारी ने सैकड़ों लोगों के साथ पूरे गांव में घूम घूम कर लोगों को जागरूक किया। इसके बाद सौंह तिराहे पर ग्रामीणों ने भारत माता की जय के नारों के साथ भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति के खिलाफ घंटों नारेबाजी की। मौजूदा समय में ग्राम प्रधान छोटेलाल सोनकर ने बताया सांसद से तीन बार रोड बनाने के लिए कहा गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। भाजपा सरकार में फतेहपुर जनपद की सांसद साध्वी निरंजन ज्योति का विरोध किया गया और भारी नाराजगी जताई गई। गांव के राजा शुक्ला, रितेश तिवारी, ज्ञानू तिवारी, रामनरेश यादव, राजन यादव, सलीम खान, बोधी कोरी, वर्तमान प्रधान छोटेलाल सोनकर, पूर्व प्रधान हरिशंकर तिवारी रहे।

# समस्याओं के समाधान की दरकार

संवाददाता, औंग

- नाराजगी के बाद भी मतदाताओं का असमंजस बरकरार

**अमृत विचार।** औंग क्षेत्र के करीब डेढ़ दर्जन गांव के करीब पांच हजार दलित वोटर इस बार के लोकसभा चुनाव को लेकर बड़े असमंजस में दिख रहे हैं। उसके लिए हर महीने सरकार द्वारा दिया जा रहा निःशुल्क राशन परिवार के भरण पोषण में काफी हद तक सहायक है। लेकिन जब दलित अपनी निजी समस्या और उसके समाधान को लेकर वोटर काफी नाराज दिख रहा है।

आपके अपने अमृत विचार अखबार की टीम ने जब इन दलित वोटरों की नब्ज टटोलने का प्रयास किया तो दलित अपने खोए हुए स्वाभिमान की याद करता नजर आ रहा है। उसे कहीं किसी पार्टी पर भरोसा दिख रहा तो कभी किसी पार्टी पर। आइए इन्हीं तीन बिंदुओं पर क्षेत्र के कुछ दलित समाज के लोगों से हुई बातचीत के प्रमुख अंश पर प्रकाश डालते हैं। बड़ाहार निवासी पूतनलाल पासवान, विकास पासवान समेत उनके परिवार के लोगों का मानना है कि पेट की भूख मिटाने के लिए फ्री अनाज व्यवस्था सराहनीय विषय है लेकिन बेरोजगार रखना दलितों के भविष्य के लिए खतरनाक योजना साबित होगी।

**मुकाबला त्रिकोणीय** — गठबंधन के पास महंगाई व संविधान बचाने के मुद्दे, बहुजन समाज पार्टी परंपरागत मत बचाने में जुटी

# मतों के ध्रुवीकरण के नित नए समीकरण बन-बिगड़ रहे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



**अमृत विचार।** जिले का नया सांसद चुनने को जैसे-जैसे समय नजदीक आता जा रहा है वैसे-वैसे यहां मतों के ध्रुवीकरण से नित नए समीकरण बनते बिगड़ते नजर आ रहे हैं। चुनाव मैदान में भले ही 15 प्रत्याशी हों लेकिन चुनाव भाजपा एवं गठबंधन के प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला देखा जा रहा है। बसपा अलबत्ता त्रिकोणीय करने में लगी है।

भारतीय जनता पार्टी को अपने शासनकाल के विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी कामों पर भरोसा है तो गठबंधन नाकामियों, खामियों, भ्रष्टाचार एवं महंगाई को मुद्दा बनाकर चुनाव को अपने पाले में लाने की जी-तोड़ कोशिश में है। भाजपा मतों के हो रहे ध्रुवीकरण के साथ पार्टी के नेताओं की धड़ेबाजी एवं अंदर खाने खेले जा रहे बड़े खेल से भी जूझ रही है। कहने के लिए तो दावे कुछ भी किए जा रहे हों लेकिन भाजपा नेताओं की गुटबाजी जीत में बड़ा स्पीड ब्रेकर का काम करने वाली है। सूत्रों की मानें तो फूल को धूल में मिलाने को अपने ही तुले हुए हैं।

पांचवें चरण में होने वाले मतदान की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। भाजपा के स्टार प्रचारकों ने यहां ताबड़तोड़ सभाएं कर मतदाताओं का रुख मोड़ने का भरसक प्रयास कर रखा है। लेकिन जिस तरह से चार चरणों के हुए मतदान एवं भाजपा नेताओं की चरण-दर-चरण चुनावी स्ट्रेटजी बदलती रही है, उससे ऐसा कोई बड़ा मुद्दा भाजपा के हाथ नहीं लग पा रहा है जो 2014 की सुनामी एवं 2019 की आंधी को आगे बढ़ाकर 2024 के चुनाव को बूम कर सके। पार्टी के बड़े नेताओं के अलावा जिला स्तर पर घूम फिर कर भाजपा मंदिर, मुसलमान, पाकिस्तान, मंगलसूत्र आदि मुद्दों को उठाया लेकिन इनमें से कोई भी ब्रह्मास्त्र का काम नहीं कर सका। पार्टी के नेता जनसभाओं में ऐसे मुद्दे ला रहे हैं जो आमजन की समस्याओं से परे हैं। मतदाता साइलेंट मोड में है।

### मतदाता मंत्रणा करने में जुटा

- भारतीय जनता पार्टी का एक बड़ा वोट बैंक जिसने 2014, 2017, 2019, 2022 के चुनाव में एक नाके से निकलकर भगवा लहराने का काम किया था। उसमें गठबंधन के प्रत्याशी की घोषणा के बाद से सेंध लगी है। भले ही इसे नकारा जाए लेकिन सूत्र बताते हैं कि बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, आरक्षण, संविधान बदलने जैसे मुद्दों को आम जनता तक पहुंचाने में इंडिया गठबंधन कामयाब हुआ है। भाजपा के विकास कार्य एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की आम मतदाता जमीनी हकीकत से भी वाकिफ हैं। अब मतदाता गठबंधन के उठाए जा रहे मुद्दों पर भी मंत्रणा कर रहे हैं।

### बसपा को अपनों से ही खतरा

- बहुजन समाज पार्टी लोकसभा चुनाव के दौरान अपने परंपरागत मतों को बचाने के लिए संघर्षरत है। जिस तरह से बसपा का मतदाता चुनाव के बाद अपने आपको अनाथ, असहाय और अकेला महसूस कर रहा है उसी का नतीजा है कि अपने परंपरागत वोटरों को बचाने की बसपा जद्दोजहद कर रही है। भले ही भारतीय जनता पार्टी के वोट बैंक में बड़ी सेंधमारी की तैयारी हो लेकिन इससे भी कहीं अधिक खतरा उन्हें अपनों से ही है। जो पार्टी के अंदर रहकर अंदर खाने बड़ा खेल खेल रहे हैं। अब देखना यह है कि चुनाव की उल्टी गिनती के साथ मतदान के दिन तक धडेबंद नेता कौन सा गुल खिलाते हैं।

### महंगी पड़ सकती है बड़े नेताओं की चुप्पी

- भाजपा ने केंद्र में मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को तीसरी बार प्रत्याशी बनाया है। आम कार्यकर्ताओं में जोश व जुनून देखने को मिल रहा है लेकिन पार्टी एवं संगठन के अंदर बहुत कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा। सबसे अनुशासित कहीं जाने वाली भाजपा के नेताओं की धड़ेबंदी यहां किसी से छिपी नहीं है। पार्टी के बड़े जिला स्तरीय नेता चुप्पी साधे हुए हैं। कई पूर्व विधायकों, जिलाध्यक्षों सहित अन्य पदाधिकारियों की गुटबाजी नेतृत्व तक पहुंची जरूर है लेकिन लाख प्रयासों के बावजूद उसमें विराम नहीं लग सका है।

### हटकर लड़ा जा रहा यह चुनाव

- 2024 का लोकसभा चुनाव हर तरीके से अलग हटकर लड़ा जा रहा है। किसी को अपने विकास व कामों पर भरोसा है तो कोई भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी को मुद्दा बनाकर आम मतदाताओं को रिझाने में लगा हुआ है। शायद यह पहला मौका है जब आम मतदाता चुनाव को लेकर कोई प्रतिक्रिया ही नहीं दे रहा लेकिन एक बात तय है कि जमीनी स्तर पर गांव गलियारों से जो हवा आ रही है उसमें मतों का हो रहा ध्रुवीकरण भाजपा के लिए घातक साबित हो सकता है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

आवश्यकता है
अमृत विचार, लखनऊ को इलेक्ट्रीशियन की
PLC बेस प्रिंटिंग मशीन की जानकारी हो
अनुभव :- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
9518031113, 96516 43339
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
ऑफिस : 25/16ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ - 226001 (उ.प्र.)

# प्रधानमंत्री की सुरक्षा में शहर के चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी खाकी

## मदारीपुर कला में आज होगी जनसभा, दूसरे जनपदों से भी आई पुलिस फोर्स

संवाददाता, फतेहपुर



हेलीपैड व जनसभा स्थल का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

- हर गतिविधि पर नजर बनाए रखने के निर्देश

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को शहर के मदारीपुर कला में आगमन पर उनकी सुरक्षा के लिए शहर में चप्पे-चप्पे पर खाकी की तैनाती होगी। दो हजार से अधिक जवानों को सभास्थल के साथ ही शहर में आसपास के महत्वपूर्ण प्वाइंट पर तैनात किया गया है। दूसरे जिलों से एएसपी और सीओ के साथ ही सैकड़ों पुलिस कर्मी आ गए हैं।

प्रधानमंत्री का आगमन शहर के मदारीपुर कला में हो रहा है। हेलीपैड स्थल से उनका काफिला सीधे मंच के पास पहुंचेगा। उनके आगमन पर आवागमन पूरी तरह से ठप रहेगा। सभास्थल पर डेढ़ हजार केंद्रीय बल के अलावा करीब एक हजार से अधिक पुलिसकर्मी लगाए गए हैं। सभा में जाने वाले हर व्यक्ति को विधिवत चेकिंग के बाद प्रवेश दिया जाएगा। सभास्थल के अलावा पास के दूसरी जगहों की ओर जाने वाले हर रास्ते पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। बता दें कि दो दिन पूर्व प्रधानमंत्री के आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने एडीजी प्रयागराज भानु भाष्कर, कमिश्नर भी सभास्थल पर पहुंचे थे। डीएम सी इंदुमती, एसपी उदय शंकर सिंह भी थे।

एसपीजी के अफसरों संग एडीजी ने सभास्थल पर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। बाद में डीएम, एसपी ने ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों के साथ पुलिस लाइन में बैठक की। सभी को पूरी सतकर्ता से हर गतिविधि पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए।

## लापरवाही के आरोप में बिजली विभाग के दो टेक्नीशियन निलम्बित

**औंग।** तहसील बिन्दकी के बिजली उपकेंद्र चौडगरा के अवर अभियंता की रिपोर्ट पर बुधवार को अधिशासी अभियन्ता राम अवध यादव ने दो टेक्नीशियन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

निलम्बन आदेश में कहा गया है कि बिजली उपकेन्द्र बिन्दकी रोड प्रथम में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत रोहित सौरभ व राजेश कुमार गुप्ता के खिलाफ काफी समय से गम्भीर शिकायतें मिल रही थीं। जेई विवेक कुमार शर्मा द्वारा दोनों टेक्नीशियन के खिलाफ विभागीय कार्यों जैसे अनुरक्षण, असिस्टेड बिलिंग, राजस्व वसूली आदि आरोपों को प्रथम दृष्टया दोषी होने की रिपोर्ट विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय पूर्वांचल वितरण निगम लिमिटेड के अधिशाषी अभियंता को प्रेषित की गई थी।

## दिन में आसमान से बरसी 'आग'

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



तपती धूप में निकलते लोंग । अमृत विचार

- घरों में भी नहीं मिल रही राहत, पारा 42 डिग्री पर पहुंचा
- न्यूनतम तापमान 27 डिग्री पहुंचने पर उमस ने और किया परेशान

**अमृत विचार।** तीन दिनों तक बदली रहने से बदले मौसम के बाद आकाश एकदम साफ हो गया। गुरुवार को मानों दिन भर आसमान से आग बरसती रही। दिन में अधिकतम ताप 42 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम पारा 27 डिग्री होने की वजह से रात भी भभक उठी। आज शुक्रवार से तापमान में और बढ़ोत्तरी की संभावना है।

गुरुवार सुबह 5.30 बजे करीब 29 डिग्री के साए में सूर्योदय हुआ। इसके बाद घंटे-दर-घंटे सूरज की तपिश बढ़ती गई। 10.30 बजते ही लू चलने लगी। जिससे जरूरी काम से निकले बंदे बेहाल दिखे। घर, दुकान-मकान, दफ्तरों में एसी-कूलर, पंखों से हटने की लोग हिम्मत नहीं जुटा सके। 11.30 बजते ही तापमान 39 डिग्री के करीब पहुंच गया। जिससे सड़क, बाजार, चौक-चौराहों पर सन्नाटा पसरने लगा। दोपहर 2.30 बजे तक गर्मी पूरे रौ में रही। धरती तप उठी। वहीं छत, दुकान, मकानों भभक उठे। लोग घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा सके।

### कूलर-पंखे भी हुए बेकार

गांवों की पगडंडियों से लेकर शहर की सड़कें भी गुरुवार को सूरज की तपिश से खूब तपीं। दोपहर 3 .30 बजे के बाद उग्र सूरज की तपिश से मकानों की छतें तप उठीं। जिससे कूलर-पंखे भी पस्त हो गए। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा ऊपर से बिजली की आंख मिचौना ने और लोगों को परेशान किया।

### एक दिन बाद बदला मौसम

बीते मंगलवार को अधिकतम ताप 39 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं देर शाम अचानक मौसम बदला, हवाएं उग्र हुई। फिर बादलों का डेरा रहा। उम्मीद थी कि अभी मौसम नरम रहेगा, लेकिन मौसम काफी तल्ख रहा। इस बदलाव से हर कोई बेहाल रहा।

## स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां मतदान तक की गईं निरस्त

संवाददाता, फतेहपुर

- 90 एंबुलेंस अलर्ट, पोलिंग पार्टियों की दवा किट तैयार

**अमृत विचार।** जनपद में 20 मई को लोकसभा चुनाव के तहत मतदान होना है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। मतदान वाले दिन तक स्वास्थ्य कर्मियों जिसमें डाक्टर व अन्य स्टाफ की छुट्टियों को रद्द कर दिया है। अलग-अलग स्वास्थ्य टीमें बनाकर उन्हें मतदान केंद्रो पर तैनात रहने के निर्देश दिए हैं।

दोआबा में लोकसभा का मतदान 20 मई को होना है। इसकी तैयारियां प्रशासन स्तर से करीब-करीब पूरी कर ली गई हैं। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले दो दिनों तक जिले में वीवीआईपी भ्रमण लगा हुआ है। जिस तरह से गुरूवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और मायावती की जनसभाएं सम्पन्न हुईं उसकी तरह से आज शुक्रवार को प्रधानमंत्री की जनसभा होनी है। जनसभाओं में भीड़ और भीषण गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। खासकर मतदान कर्मियों की सेहत को लेकर विभाग बेहद संजीदा हैं। मतदान के दिन किसी भी इमरजेंसी पर तत्काल इलाज और अस्पताल पहुंचाए जाने के इंतजाम किए गए हैं। सीएमओ डा. इस्तियाक अहमद ने बताया कि मतदान के दिन हर ब्लाक में दो मेडिकल मोबाइल वैन तैनात रहेंगी। इस तरह कुल 26 वैन रहेंगी। इसके साथ 108 की 33 एंबुलेंस और 102 की 35 एंबुलेंस व तीन लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस भी तैनात रहेंगी। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन तक सभी की छुट्टी रद्द कर दी गईं हैं। मतदान को लेकर स्वास्थ्य विभाग कमर कसे है।

## प्रशिक्षण न लेने वाले आठ कर्मिकों पर दर्ज होगी रिपोर्ट

संवाददाता, फतेहपुर



प्रशिक्षण लेते मतदान कार्मिक। अमृत विचार

- कई दिनों से चल रहे निर्वाचन के प्रशिक्षण में गैरहाजिर रहे कार्मिक
- अंतिम दिवस मास्टर ट्रेनरों ने छूटे कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी सी. इंदुमती के मार्गदर्शन में विकास भवन सभागार में पूर्व प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण गुरुवार की दोपहर दो बजे से पांच बजे तक संपन्न हुआ।

मतदान कार्मिकों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनरों ने बताया गया कि मतदान प्रारंभ होने के पूर्व भारत निर्वाचन आयोग के नियत समय माकपोल कराने की प्रक्रिया शुरू करना है। माकपोल की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद कंट्रोल यूनिट को क्लीयर जरूर किया जाए और वीवी पैट के ड्रॉप बॉक्स में गिरी माकपोल की पर्ची को निकालकर पीछे मोहर लगाकर काले लिफाफे में रखकर सील किया जाए। मास्टर ट्रेनर द्वारा वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट को जोड़ने एवं सील करने की प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया। साथ ही चैलेंज वोट, टेंडर वोट, पीठासीन डायरी, मतदान अभिकर्ता के फार्म, मत पत्र लेखा, मतदाता रजिस्टर आदि पर भी विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षार्थियों से ईवीएम, वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट के परिचालन, माकपोल, मतदान प्रक्रिया आदि की जानकारी विस्तार से जानकारी दी गई। परियोजना निदेशक डीआरडीए ने बताया कि पूर्व प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे कुल 36 कार्मिकों के सापेक्ष 28 मतदान कार्मिक उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में पांच शिक्षा विभाग, एक पंचायती राज, एक जलनिगम, एक जिला विद्यालय निरीक्षक कुल आठ मतदान कार्मिक अनुपस्थिति रहने पर उनके कार्यालयाध्यक्ष को निर्देश दिये विभागीय कार्यवाही के साथ एफआईआर दर्ज करायी जाए।

### फैसिलिटेशन केन्द्र की हुई स्थापना

**फतेहपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी व प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलट ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन की लोकसभा निर्वाचन फतेहपुर के पुलिस, वीडियोग्राफर, ड्राइवर, क्लीनर, आवश्यक सेवाओं के कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराने के लिए शुक्रवार से रविवार तक कलेक्ट्रेट परिसर में फैसिलिटेशन केन्द्र की स्थापना की गयी है। उन्होंने बताया कि 17 से 19 मई तक पुलिस, वीडियोग्राफर, ड्राइवर, आवश्यक सेवाओं के कर्मचारियों के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर फतेहपुर में बने फैसिलिटेशन सेन्टर के द्वारा मतदान किया जायेगा।

## सार-संक्षेप

### दहेज की मांग पूरी न होने पर देवर ने किया दुष्कर्म का प्रयास

**फतेहपुर।** अतिरिक्त दहेज़ की मांग पूरी न होने पर देवर ने गर्भवती भाभी के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। मायके में शिकायत करने पर ससुरालियो ने गर्भवती को मारा पीटा, जिससे उसके गर्भपात हो गया। मामले मे पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व हुसैनगंज थाना क्षेत्र के जमरावा निवासी अमित मिश्रा से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद पति अमित मिश्रा, सास मालती मिश्रा, देवर अभिषेक मिश्रा, ननद नीलम तिवारी कम दहेज़ को लेकर ताना मारती थी। अतिरिक्त दहेज़ मे तीन लाख रुपया की मांग करते थे। मांग पूरी न होने पर मारपीट कर कमरे मे बंद कर देते थे। इसी बीच वह गर्भवती हो गई। आरोप लगाया कि 26 मार्च को वह अपने कमरे मे थी, तभी देवर कमरे मे आ गया और दुष्कर्म करने की कोशिश की। शोर मचाने पर तकिया से मुंह दबाकर मारने का प्रयास किया। ननद के आ जाने पर देवर जान से मारने की धमकी देता हुआ चला गया। इसकी शिकायत उसने अपने मायके में की तो पति, देवर और ननद ने मिलकर उसे बुरी तरह मारा पीटा। पिटाई से उसके गर्भपात हो गया। इसके बाद मायके वाले उसे अपने साथ लिवा ले गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से की। थानाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मामले मे रिपोर्ट दर्ज की गई हैं।

### गोकशी कर रहे कसाई को पुलिस ने रंगेहाथ पकड़ा

**फतेहपुर।** हथगाम थाने के गौरा गांव के जंगल में मंगलवार रात कसाइयों ने गोकशी की। पुलिस ने मौके से एक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए कसाई के पुत्र समेत दो आरोपी फरार हैं। मौके से एक क्विंटल प्रतिबंधित मांस, तमंचा, दो कुल्हाड़ी, पांच चाकू, दो रस्सी, तराजू समेत अन्य उपकरण बरामद किए हैं। हथगाम थाने के उपनिरीक्षक शीतलेश्वर प्रसाद तिवारी ने बताया कि वह रिकौहां गांव में गश्त पर थे। तभी मुखबिर से खबर मिली कि कुछ लोग गौरा गांव के जंगल में जामुन के पेड़ पर कसाइयों ने संरक्षित पशु पकड़ा है। खबर पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां तीन लोगों को गोकशी करते देख दबिश दी। मौके से गौरा गांव के अच्छन कुरैशी को पकड़ा।

## सफाई कर्मचारी अचेतावस्था में सड़क पर मिला

**धाता।** नगर पंचायत का सफाई कर्मचारी बेहोशी के हालात में दीप नारायण तिराहे के पास मिला है। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां से मंझनपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

धाता क्षेत्र के सोनारी गांव निवासी अजय कुमार पुत्र चौबेलाल नगर पंचायत धाता मे सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात है। गुरूवार की दोपहर करीब दो बजे कस्बे के दीप नारायण तिराहे के पास अचेत अवस्था में मिला। जिसको नगर के सीएचसी में ले जाया गया, जहां पर हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने उसे मंझनपुर के जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। धाता पुलिस सहित नगर पंचायत धाता को सूचना दी। मौके पर पहुंचे अधिशाषी अधिकारी अजीत कुमार बागी तथा पुलिस ने अस्पताल भिजवाया।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत, मचा कोहराम

संवाददाता, किशनपुर

- पति को खाना देने जा रही थी महिला

**अमृत विचार।** किशनपुर खागा मुख्य मार्ग में पावर हाउस के पास एक महिला पति को पावर हाउस के पास खाना देने जा रही थी। तभी महिला को बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को स्थानीय अस्पताल से सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा।

किशनपुर कस्बा के वार्ड नंबर एक पूर्वी खटिकाना की रहने वाली गोमती सोनकर का पति फूलचंद्र पावर हाउस के पास वन विभाग की पौधशाला में मजदूरी करता है। महिला रोज की तरह अपने पति फूलचंद्र को खाना देने जा रही थी। उसी दौरान जैसे ही वह पावर हाउस के पास पहुंची तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने महिला को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही महिला सड़क के किनारे लगे पेड़ से टकरा कर अचेत हो गई। कुछ देर बाद हादसे की जानकारी पुलिस को दी गई। वहीं बाइक सवार विजयीपुर गांव निवासी समीर अली पुत्र लल्लू को भी घायल हो गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस द्वारा दोनों को इलाज के लिए विजयीपुर अस्पताल भेजा गया। जहां डाक्टर ने महिला की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला अपने पीछे तीन बेटों को छोड़ गई।

## घर में महिला की सर्पदंश से मौत

**औंग।** घरेलू कार्य करते हुए बुधवार की शाम एक महिला को एक सर्प ने डस लिया। परिजन व ग्रामीण उसे अस्पताल ले जाने के बजाए झाड़-फूंक कराने में जुटे रहे। इसी दौरान महिला की मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

औंग थाना क्षेत्र के अभयपुर के मजरे कालीकुंडी की रहने वाली जसोमत पत्नी सुरेश को बुधवार की रात एक जहरीले सर्प ने काट लिया था। जिसकी कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि शाम को जसोमत घर में रखे बक्से से कुछ सामान निकाल रही थी। जंग लग जाने कारण बक्शा के नीचे का कुछ हिस्सा खुला था और उसी के नीचे बैठे काले सर्प ने उसे डस लिया। ग्रामीणों के अनुसार कटरी क्षेत्र होने के कारण सभी लोग झाड़ फूंक के चक्कर में पड़े रहे। समय बीतने पर उसके शरीर में जहर फैल गया और मौत हो गई।

## स्कूली बच्चों ने रैली निकाल मतदान के लिए प्रेरित किया

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर




मतदान जागरुकता के लिए बच्चों ने निकाली रैली। अमृत विचार

- 20 मई को मतदान प्रतिशत बढाने का चल रहा अभियान

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में 20 मई को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदान कराने को लेकर जिला प्रशासन स्तर पर लोगों में जागरुकता अभियान का सिलसिला जारी है। गुरुवार को स्कूली बच्चों ने मतदाता रैली निकाल कर सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, का नारा बुलंद करते हुए लोगों से मतदान अवश्य करने की अपील की।

मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी सी. इंदुमती के मार्गदर्शन में लोकतंत्र के महापर्व पर 20 मई को शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरुक करते हुए लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कॉलेज पनी के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पहले मतदान फिर जलपान, 20 मई को करुं मतदान, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारे लगाए। रैली में विद्यालय के बच्चे 20 मई को मतदान के लिए स्लोगन तख्ती लेकर अभियान में शामिल हुए। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमिताभ बिहारी शरण ने लोगों से 20 मई को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। जेल पर्यवेक्षक बिपिन बिहारी शरण, कमलचंद वर्मा, रामकिशोर गुप्ता, आशीष मिश्रा, रवि गुप्ता, राजकुमार, सर्वेश कुमार, अब्दुल कुद्दूस, निशु तिवारी, अंशुमान दीक्षित, अवधेश कुमार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

मतदाता निमंत्रण पत्र बांटा

धाता । नगर पंचायत धाता में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता निमंत्रण पत्र बांटा गया। 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी लोग अपने-अपने तरीके से कदम उठा रहे हैं।

नगर पंचायत धाता के अधिशासी अधिकारी अजीत कुमार बागी ने मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता निमंत्रण पत्र बांटते हुए लोगों को जागरूक किया और साथ ही लोगों से अपील की है कि सभी लोग लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग करके राष्ट्र निर्माण के भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि बिना डरे व बिना किसी लालच के अपने सांसद का चयन करें। जिससे वह आपकी आवाज को संसद में उठाकर आपकी समस्याओं का निवारण करें। ईओ के साथ पंचायत कार्यालय के कर्मचारियों ने कस्बे के पेट्रोल पम्प, बैंक के कर्मचारियों एवं दुकानदार के साथ-साथ आने-जाने वाले राहगीरों को भी निमंत्रण पत्र के जरिये जागरूक किया। मतदाता निमंत्रण पत्र पाकर धाता क्षेत्र के लोग अधिशासी अधिकारी के इस कदम की सभी सराहना करते रहे। साथ ही सभी लोगों ने वचन दिया कि वह मतदान में हिस्सा जरूर लेंगे।

विश्व डेंगू दिवस | सरकारी आंकड़ों से कई मौतें अछूती ही रह गईं

# कई परिवारों को दर्द दे गया डेंगू का बुखार

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मच्छरजनित डेंगू कई वर्षों से लोगों को पीड़ित कर रहा है। छह साल में कई परिवारों को डेंगू जीवनभर का दर्द दे गया। इसके प्रकोप से कई लोगों की असमय मौत हो गई। वहीं, वर्ष 2018 में डेंगू ने जहानाबाद के नोनारा में ऐसा कहर बरपा था कि 25 दिन के अंदर 17 लोगों की मौत इसी गांव में हो गई थी। हालांकि डेंगू के चलते मौतें हर साल होती हैं लेकिन यह सरकारी आंकड़ों में दूर-दूर तक नहीं दिखती हैं।

पिछले साल डेंगू से पीड़ित लोगों का कहना है कि भर्ती होने के लिए अस्पतालों में जगह नहीं मिली। डेंगू से सबसे ज्यादा मौत अमौली और देवमई ब्लाक क्षेत्र में हुई थी। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सुजाता ठाकुर ने बताया कि डेंगू का प्रकोप अगस्त से दिसंबर तक अधिक रहता है। डेंगू के मच्छर नमी या ठहरे हुए साफ पानी की सतह पर पनपते हैं। ऐसे लोग जो शहर या साफ सुथरी जगह रहते हैं, उन्हें डेंगू के मच्छर से विशेष तौर पर सावधान रहने की जरूरत है। सुबह के समय मच्छरों से ज्यादा बचाव करें। संक्रमण को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग की अगुवाई में विभागों की संयुक्त टीम गठित की गई है।




### गंबूजिया मछली रोकेगी मच्छरों का प्रसार

इस बार भी मच्छरों की रोकथाम को गंबूजिया मछली का सहारा लिया जाएगा। इसके लिए नगर निगम ने तालाबों को चिह्नित करने कार्य शुरू कर दिया है। गंबूजिया मछली मच्छरों के लार्वा को एक पल में चट कर जाती है। विशेष प्रजाति की मछलियों को बदायूं व बिजनौर से मंगवाकर तालाबों में छोड़ा जाएगा। मछली की आयु डेढ़ साल होती है और प्रतिदिन 100 से 300 लार्वा तक खा जाती हैं।

### इलाज से जानलेवा नहीं बन पाता है डेंगू

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा इस्तियाक अहमद का कहना है कि जागरूक रहकर डेंगू की बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि दुनिया भर में मच्छरों की 2500 प्रजातियां हैं। अधिकतर संक्रामक बीमारियां इनके काटने से होती हैं। इनमें से डेंगू भी एक मच्छर जनित बीमारी है जो मादा एडीज मच्छर के काटने से होती है। डेंगू के मच्छर साफ ठहरे हुए पानी में अंडे देते है और इनका विकास इतनी तेजी से होता है कि सात दिन में लार्वा और मात्र 10 से 14 दिन में एक वयस्क मच्छर तैयार हो जाता है। पानी की खुली टंकियां, गमलें के नीचे रखी प्लेट, पशु पक्षी के पीने का पानी छत पर रखे कबाड़ व पुराने टायर फ्रिज के नीचे की ट्रे, टूटे बर्तन में जमा थोड़ा पानी भी इनके पनपने के लिए पर्याप्त होता है। उन्होंने कहा कि हर हफ्ते कूलर के पानी को खाली करके अच्छे से सुखा कर ही दूसरा पानी भरें इससे मच्छर नहीं पनपेंगे। कहा कि सिर्फ प्लेटलेट्स काउंट कम होने को ही डेंगू नहीं कह सकते। जब तक एलाइजा टेस्ट पॉजिटिव न आये उन्होंने बताया कि ठंड लगने के साथ अचानक तेज बुखार चढ़ना सिर, मांस पेशियों तथा जोड़ों में दर्द होना आंखों के पिछले भाग में दर्द होना जो आंखों को दबाने या हिलाने से और भी बढ़ जाता है। अत्यधिक कमजोरी लगना, भूख में बेहद कमी तथा जी मिचलाना।

- 2018 में जहानाबाद के नोनारा में ढाया था कहर

## शेयर में निवेश करने का झांसा देकर 13 लाख की चपत लगाई

**फतेहपुर।** व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर निवेश का झांसा देकर महाविद्यालय संचालक के पुत्र से 13 लाख रुपये की साइबर ठगी की गई। पुलिस ने व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच साइबर सेल को सौंपी गई है।

खखरेरू थाना क्षेत्र के रक्षपालपुर निवासी वीके सिंह खखरेरू थाने के डेडासाही गांव स्थित ईश्वरदीन भगवत सिंह महाविद्यालय के संचालक हैं। महेंद्र सिंह ने बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप टाइगर ग्लोबर क्लब श्री में उसे मार्च 2024 को जोड़ा गया। ग्रुप में शेयर मार्केट से संबंधित जानकारी साझा की जाती थी। नौ अप्रैल को स्टाक खरीदने के लिए निजी खाते में कुल 13 लाख रुपये फंड ट्रांसफर किया। 30 अप्रैल को संचालित यूजर आईडी दोबारा लॉक कर दी।

## सूखी पड़ी नहर में छोड़ा गया पानी

खबर का असर

संवाददाता, थरियांव



नहर में पानी आने से छाई खुशी। अमृत विचार


कई दशक से छोटी नहर के साथ तालाब, कुओं में पानी नहीं

बुधवार के अंक में छपी खबर।

**अमृत विचार।** निचली गंगा नहर एक लंबा सफर तय करके किसानो की सिंचाई में मददगार साबित होने का सामने आ गई है। उसी नहर की एक छोटी शाखा जो पश्चिमी इलाहाबाद शाखा की निचली गंगा नहर की छोटी नहर दशकों से सूखी पड़ी रहती थी। जिससे किसानों, अन्ना मवेशियों, पक्षियों व पशु पालकों को भीषण गर्मी में पानी की गंभीर समस्या बनी रहती थी। कई दशकों के बाद गुरूवार को नहर में पानी छोड़े जाने के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

यह निचली गंगा नहर सखियांव डिवीजन के तहत आती है जो की मुराव, घूरीबुजुर्ग, सखियांव, मीरपुर, ब्रह्मपुर, भैरमपुर, कसमापुर, नयापुरवा, रजाबाद, नहवैया, सलेमपुर, रसूलपुर, कोल्हारिया, संवत समेत कई गांवों से गुजर कर जाती है जो कि कई दशकों से सूखी पड़ी रही, जिससे क्षेत्र का जलस्तर भी नीचे जा चुका था और तालाब सूख गए थे व हैंडपंप खराब हो चुके थे। क्षेत्र की इस गंभीर समस्या को आपके अपने दैनिक अखबार अमृत विचार ने मुद्दा बनाकर प्रकाशित किया और प्रशासन के सामने मामले को लाया गया। बुधवार को खबर प्रकाशित होते ही गुरूवा को आला अधिकारियों ने संज्ञान में लेते हुए नहर में पानी छुड़वाया लेकिन नहर की सिल्ट सफाई न होने से नहर में पानी की रफ्तार काफी धीरे है व कुछ जगहों पर खांदी भी कट गई। फिलहाल नहर में पानी आने से किसोनों में खुशी का माहौल है। किसानों में ब्रजेश, बिंदाप्रसाद, भानू, भोला, कामता, मनोज, रिशू, विश्वनाथ, अभय, गौरव, रजनीश, संदीप, देवीशंकर समेत सैकड़ों किसानों ने खुशी व्यक्त करते हुए अमृत विचार का आभार जताया है।

## एक नजर

### किशोरी को भगा ले गया रिश्तेदार

सौरिख, कन्नौज। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के ही रहने वाले उसके रिश्तेदार विजेंद्र पुत्र राजवीर का घर पर आना- जाना था। नौ मई की रात विजेंद्र उसकी पुत्री को बहला फुसला कर कहीं भगा ले गया। सुबह जागे तो देखा कि पुत्री घर पर नहीं थी। पुत्री घर में रखे जेवर व नगदी भी अपने साथ ले गई। काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी।

### रंजिशन महिला को मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज। परिवार के लोगों ने रंजिश के चलते महिला के साथ गालीगलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम नैनापुर निवासी राजेश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसकी पत्नी 15 मई की सुबह लगभग 06.30 बजे मवेशियों के पास जा रही थी। तभी परिवार के रमेश चन्द्र, नीलेश, संजीत, गीता देवी ने पुराने विवाद को लेकर उसे रास्ते में रोक लिया और गालीगलौज की। मना करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

# 2.70 करोड़ का सोनी पारिया स्कूल हुआ कुर्क

## प्रशासक देखेंगे व्यवस्था, फर्रुखाबाद के जिला मजिस्ट्रेट ने की कार्रवाई, तीन मई का बताया जा रहा आदेश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर में कई सालों से संचालित सोनी पारिया पब्लिक स्कूल को फर्रुखाबाद के जिला प्रशासन ने कुर्क कर लिया है। स्कूल भवन की मालियत दो करोड़ 70 लाख रुपये की बताई जा रही है। अब यहां प्रशासक नियुक्त होंगे और वही विद्यालय का संचालन कराएंगे। हालांकि 12 दिन पुराने कुर्की के आदेश को लेकर जिले के अधिकारियों का कहना है कि उनको कोई जानकारी नहीं मिली है।

बताया गया है कि शहर के पुरानी पुलिस लाइन भवन के निकट स्थित इस स्कूल को वर्ष 2002 में हाईस्कूल और 2003 में इंटरमीडिएट की मान्यता मिली थी। कक्षा छह से 12 तक की कक्षाएं यहां चलती हैं। विद्यालय अंग्रेजी माध्यम में चल रहा है। फर्रुखाबाद के जिला मजिस्ट्रेट डॉ. विजय कुमार सिंह ने तीन मई के आदेश में फर्रुखाबाद व कन्नौज में स्थित 10 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां कुर्क करने का निर्णय दिया है। यह संपत्तियां बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव संजीव पारिया की बताई गईं हैं। उनके खिलाफ धारा 12 (1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत संपत्तियां कुर्क करने का निर्णय पारित हुआ है। निर्णय में उल्लेख है कि अभियुक्त संजीव पारिया ने अलग-अलग एक साथ अपराध कार्य के परिणाम स्वरूप अनैतिक रूप से धन अर्जित किया है। इसमें स्वयं व परिजनों के नाम अचल संपत्ति अर्जित हुई है। जिला मजिस्ट्रेट ने विपक्षीगण से भी कहा गया है कि अचल संपत्ति के बारे में अपना स्पष्टीकरण 29 मई तक दे सकते हैं। उधर, इस बाबत डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह का कहना है कि अब तक उनको विद्यालय की कुर्की व संचालन आदि को लेकर पत्र नहीं मिला है। डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने बताया कि कुर्की के बाबत कोई जानकारी नहीं है न ही कोई पत्र मिला है।



शहर के मकरंदनगर में संचालित सोनी पारिया पब्लिक स्कूल का भवन। अमृत विचार

- कन्नौज के अधिकारी बोले, अब तक नहीं मिला कोई पत्र
- बच्चों का भविष्य खराब नहीं होगा, स्कूल में प्रवेश भी होंगे

### पंजीकृत हैं 302 छात्र-छात्राएं

डीआईओएस कार्यालय के मुताबिक यू-डायस पंजीकरण में सोनी पारिया पब्लिक स्कूल में 302 छात्र-छात्राएं हैं। यह शैक्षिक सत्र 2023-24 की है। इसकी रिपोर्ट जनवरी 2024 को निकाली गई थी। हालांकि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम निकल जाने के बाद यह संख्या घट-बढ़ सकती है।

"प्रतिदिन की तरह विद्यालय खुला था। प्रवेश चल रहे हैं। कक्षाएं भी लगीं। कन्नौज का विद्यालय डॉ. आशीष पारिया का है। अब तक कुर्की को लेकर कोई पत्र नहीं मिला है। स्कूल में करीब 400 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं।
**चंद्रप्रकाश शर्मा, प्रधानाचार्य, सोनी पारिया इंटर कॉलेज, कन्नौज**

फर्रुखाबाद डीएम की ओर से जो आदेश जारी हुआ है उसमें कहा गया है कि डीआईओएस के जरिए वहां प्रबंधन कमेटी बनेगी। बच्चों का भविष्य खराब नहीं होगा। स्कूल में छात्र-छात्राओं के प्रवेश चलेंगे। शिक्षक व अन्य स्टाफ की सैलरी खातों के जरिए जाएगी। लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की वजह से हो सकता है कि आदेश न पहुंचा हो। एक-दो दिन में कन्नौज में मिल जाएगा।"
**श्रद्धा पांडेय, तहसीलदार, फर्रुखाबाद सदर**

# कोर्ट में बिना आए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से गवाही मान्य

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर में दी गई जानकारियां

**अमृत विचार।** तहसील सदर सभागार में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर लगा। इसमें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई की प्रकिया और इसके लाभ व वैवाहिक विवादों में मुकदमा दायर होने से पहले सुलह-समझौते के आधार पर मामले निपटाने के बारे में बताया गया।

तहसीलदार सदर राम शंकर ने कहा, आधुनिक संचार तकनीक से दो या इससे अधिक स्थानों से एक साथ ऑडियो-वीडियो माध्यम से कई लोग जुड़ सकते हैं। इसका प्रयोग खासकर किसी बैठक या सम्मेलन के लिए तब किया जाता है जब कई लोग अलग-अलग स्थानों में बैठे हों। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अभिलेखों और कम्प्यूटर पर चल रही सूचनाओं का आदान-प्रदान भी किया जा सकता है। कोई गवाह न्यायालय में बिना उपस्थित हुए भी अपनी गवाही अंकित करा सकता है। इस मौके पर पराविधिक स्वयं सेवक अनूप शर्मा, निर्मल कुमार, सीमा बानो, जगदीश यादव, आशीष श्रीवास्तव, अनेश, गौरव मिश्रा मौजूद हुए।

नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं नालसा ऐप मोबाइल में डाउनलोड कर लाभ के बारे में भी बताया गया।

### साथ रहने को राजी हुए दंपति

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने बताया कि प्राधिकरण कार्यालय में चल रहे मध्यस्थता केंद्र में लगभग एक वर्ष पुराने वैवाहिक विवाद का निस्तारण किया गया। घरेलू हिंसा उत्पीड़न की एफआईआर थाना ठठिया में दर्ज हुई थी। न्यायालय में आरोप पत्र आने के बाद सुलह के प्रयास हुए। दंपति में सुलह हो गई और साथ रहने को राजी हो गए।

# सोशल मीडिया पर आस्था से खिलवाड़, लोगों में गुस्सा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सूचना और समस्याओं की जानकारी के आदान प्रदान के लिये सोशल मीडिया एक प्रभावी मंच है। वहीं दूसरी ओर अफवाह फैलाने और माहौल बिगाड़ने का भी मंच बन गया है। फेसबुक से ईश्वर के प्रति आपत्तिजनक पोस्ट के मामले में पुलिस तथा मुख्यमंत्री से शिकायत की गई है।

मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी मुहिम संचालक बनवारी नगर निवासी गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि बहबलपुर निवासी पूर्व सभासद का बेटा पंकज शाक्य सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर और कई लोग प्रत्यक्ष रूप से सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से पोस्ट कर रहे है। बताया कि अज्ञात सोर्स से जहां बहुजन क्रांतिकारी, पियाली राय, सुनील यादव नाम से अज्ञात फेसबुक आई डी संचालित की जा रही है।

दूसरी ओर बहबलपुर निवासी पंकज शाक्य के द्वारा लगातार हिन्दू मान्यताओं के खिलाफ पोस्ट की जा रही है और शहर का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। हिंदू धर्म के आस्था के प्रतीक भगवान कृष्ण, हनुमान जी, तथा खाटू श्याम जी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा है। गौरव त्रिपाठी अमर ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक के अलावा मुख्यमंत्री से कर तत्काल कार्यवाही की मांग की।

# गायत्री जयंती समारोह 14 से 16 जून तक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा भोलानाथ धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें 14 जून से 16 जून तक होने वाले गायत्री जयंती समारोह की रूपरेखा बनाई गई एवं जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में तय किया गया कि 14 जून को सायं 5 बजे एस बी एस इन्टर कालेज से कलश यात्रा निकाली जायेगी जो नगर भ्रमण करेगी। 15 जून को प्रातः एस बी एस इन्टर कालेज में गायत्री महायज्ञ का आयोजन होगा।

यज्ञ के साथ संस्कार भी कराये जाएंगे। सायं सात बजे 5 हजार दीपकों के साथ दीपयज्ञ का भव्य आयोजन होगा। 16 जून को गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी और पूर्णाहुति के बाद भण्डारे का आयोजन किया जायेगा।

गोष्ठी में अशोक कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार गुप्ता, राजन कश्यप, पिंकू भैया, सोनू शर्मा, श्याम जी प्रजापति, पंकज कुशवाह, मनीष कुशवाह, राजेश कुशवाह, सचिन शर्मा, सोनू यादव, रोहित कश्यप, अमित बाथम उपस्थित रहे। इस गोष्ठी में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।


बैठक में हिस्सा लेते गायत्री परिवार के लोग। अमृत विचार

- समारोह में यज्ञ के साथ संस्कार भी कराए जाएंगे

# साथियों पर लगाया 14 लाख रुपये हड़पने का आरोप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** साझेदारी में आलू के व्यापार के दौरान आढ़ती ने साथियों पर 14 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। कोतवाली के असालत नगर निवासी राहुल दुबे पुत्र विजय बहादुर दुबे की नगर के नवीन मंडी में आढ़त है। राहुल ने मोहल्ला गणेश चौधरी निवासी दो लोगों के साथ आलू का व्यापार साझेदारी में किया। राहुल का आरोप है कि दोनों लोगों ने अपने परिचितों की आढ़त पर 15 लाख 69 हजार रुपये का आलू भेजा और पैसा ले लिया। इसके बाद उसे एक लाख 46 हजार रुपया ही वापस किया। शेष 14 लाख 23 हजार रुपये मांगने पर गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दी। राहुल ने शिकायत कोतवाली पुलिस से की है।

## सार-संक्षेप

### नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में दीपू ने जीता गोल्ड मेडल


गोल्ड मेडल दिखाते दीपू पाल।

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गांव की माटी में पली एक प्रतिभा ने नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर जिले का नाम रोशन किया। बेटे की सफलता पर घर में खुशियों का माहौल है। विशुनगढ़ थाना के गांव रसूलाबाद (ऐंचापुर) के रहने वाले दीपू पाल ने इटावा की एक अकादमी में शूटिंग का प्रशिक्षण लिया। 6 वीं नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता उत्तराखंड में आयोजित हुई। अकादमी के कोच चन्द्रमोहन तिवारी ने बताया कि दीपू ने व्यक्तिगत व टीम स्पर्धा में गोल्डमेडल जीता है। इसकी जानकारी मिलते ही परिवार में खुशी का माहौल हो गया। सौरिख के शिक्षक अजय पाल ने बताया कि दीपू बचपन से खेलों के प्रति जागरूक रहा। थाईलैंड में होने वाली अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी दीपू पदक जीत कर देश का नाम रोशन करेंगे।

### मतदान करने गई महिला बच्चों सहित हुई लापता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर से बच्चों के साथ मतदान करने गई महिला घर नहीं लौटी। ससुरालियों ने काफी खोजबीन की। पता न लगने पर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मझपुरवा चौकी के ग्राम निवासी युवक ने बताया है कि उसकी लगभग 40 वर्षीय पत्नी मानसिक रूप से मंद है। वह 13 मई को पुत्र (08) व पुत्री (10) के साथ गांव के प्राथमिक विद्यालय स्थित बूथ पर मतदान करने गई थी। जब मतदान करके वह बच्चों के साथ घर नहीं लौटी तो उसके सहित ससुरालियों ने आसपास के क्षेत्र में खोजबीन की। पीड़ित युवक ने पुलिस से पत्नी व बच्चों की तलाश करने की गुहार लगाई है।

### भूमि विवाद में बच्चे को पीटकर किया लहूलुहान

**तिर्वा, कन्नौज।** ज़मीन के विवाद में आरोपियों ने बच्चे के साथ मारपीट कर उसे लहूलुहान कर दिया। परिजनों ने घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के अहेर गांव निवासी शिवदेवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव के ही निवासी आशीष ने ज़मीन पर कब्ज़ा कर लिया था। इसको लेकर पुराना विवाद चल रहा है। कहा कि तीन दिन पहले बेटा कृष्णा गांव में ही खेल रहा था। इसी दौरान आशीष, पत्नी नैना, साला मुकुल व बेटा कल्लू बेटे कृष्णा को गाली देने लगे। इसके बाद मारपीट करने लगे। इससे बेटे के सिर समेत अन्य जगह गंभीर चोट आई है। चीख पुकार सुन मौके पर पहुंची तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। गंभीर हालत देख बेटे को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चचेरी बहन के ससुरालियों ने किया युवती का अंतिम संस्कार

**तिर्वा, कन्नौज।** तालाब से निकाले गए युवती के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद भी परिजन नहीं पहुंच सके। इस पर मृतका की चचेरी बहन के ससुरालियों ने शव का अंतिम संस्कार किया। थाना ठठिया के कौलेपुर्वा गांव निवासी निक्की पत्नी शीलू का शव गांव के बाहर तालाब से पुलिस ने बरामद किया था। इसकी जानकारी होते ही पति समेत ससुरालीजन घर छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बिहार के पूर्णिया जनपद के बरारा थाना क्षेत्र के कलम्बा गांव निवासी मृतका के परिजनों को सूचना दी थी। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को आने में देरी होते देखकर जठियन गांव निवासी मृतका की चचेरी बहन के ससुरालीजन शव लेने पहुंचे। पुलिस ने साक्ष्य जुटाकर शव को चचेरी बहन के ससुरालियों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष किशनपाल ने बताया कि मृतक के परिजनों के आने में देरी हो रही थी। गर्मी को देखते हुए शव को चचेरी बहन के ससुरालियों को सौंप दिया। उन्हीं लोगों ने उसका अंतिम संस्कार किया है। चचेरी बहन ने ही उसकी शादी कराई थी।

# स्ट्रांग रूम की हो रही ऑनलाइन निगरानी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 24 घंटे चालू रहते सीसीटीवी कैमरे, सीओ सिटी ने निरीक्षण कर दिए निर्देश
- सीआईएसएफ के जवानों को दी निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन की जानकारी

**अमृत विचार।** निगम मंडी में बने ईवीएम स्ट्रांग रूम की ऑनलाइन निगरानी हो रही है, जिन्हें भारत निर्वाचन आयोग सहित जिला स्तरीय अधिकारी भी देख रहे हैं। आयोग द्वारा सीसीटीवी कैमरों को 24 घंटे चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं। सीओ सिटी ने भी स्ट्रांग रूमों का निरीक्षण कर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों को निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के बारे में बताया।

गुरुवार को सीओ सिटी कमलेश कुमार ने निगम मंडी में बने ईवीएम स्ट्रांग रूमों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम के इनर कोर्डन व आउटर कोर्डन समेत आइसोलेशन वार्ड की ड्यूटी को चेक किया तथा सीआईएसएफ के जवानों को भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिन्हें ऑनलाइन किया गया है।

यह कैमरे 24 घंटे चालू रहेंगे और कहीं से भी निगरानी की जा सकती है। स्ट्रांग रूम को सील उनके सामने ईंटों की मजबूत दीवार बना दी गई है, जिससे कि उसे कोई खोल न सके। दिन हो या रात, ड्यूटी पर तैनात जवानों को हर समय सतर्क रहना है। स्ट्रांग रूमों के पास किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को आने की इजाजत नहीं है। राजनीतिक दलों के लोग प्रत्याशी दूर से ही निगरानी कर सकेंगे। चार जून को मतगणना होगी, तब तक ईवीएम की सुरक्षा इसी तरह रहेगी।


निगम मंडी ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते सीओ सिटी कमलेश कुमार।

# तिर्वा विस क्षेत्र में महिलाओं ने कम किया मतदान

**तिर्वा, कन्नौज।** मतदान में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं ने कम रुचि दिखाई। इस कारण मतदान में महिलाओ की हिस्सेदारी कम रही।

भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया लेकिन फिर भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिला। लोगों ने मतदान को लेकर ज्यादा रुचि नहीं दिखाई। तिर्वा विधान सभा में कुल 381297 मतदाता पंजीकरण है। इसमें से पुरुष मतदाता 204569, महिला 176706 व थर्ड जेंडर मतदाता 22 हैं। लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को हुए मतदान में महिलाओ की भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही। तिर्वा विधान सभा के 487 बूथों पर 1,28,070 पुरुषों तो 1,08,459 महिलाओं ने मतदान किया। थर्ड जेंडर 22 मतदाताओं में से चार ने ही मताधिकार का प्रयोग किया।

# शहर के नलकूपों की सीसीटीवी से निगरानी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के नलकूपों से जनता को पानी की सप्लाई ठीक से दी जा रही है, ऑपरेटर अपनी ड्यूटी को लेकर गंभीर हैं या नहीं, कहीं टंकी परिसर में कुछ गलत तो नहीं हो रहा, इसको लेकर सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जा रही है। इसका कंट्रोल रूम नगर पालिका ईओ का कक्ष है जहां पर छोटे स्क्रीन के अलावा एक बड़ी स्क्रीन भी लगाई गई है। इनकी मॉनीटरिंग प्रतिदिन लखनऊ से भी की जाती है।

यह जानकारी देते हुए ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि लोगों को बेहतर पानी सप्लाई मिले इसको लेकर पालिका क्षेत्र में लगे ट्यूबवेलों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। इनके माध्यम से नलकूप पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। वे स्वयं तथा मुख्यालय के अधिकारी भी रोज निगरानी कर रहे हैं। इसी क्रम में कार्यालय कक्ष में बड़े आकार का एलईडी स्क्रीन पांच लाख सात हजार रुपये की लागत से लगाया गया है। पॉलीथिन मुक्ति के अभियान को लेकर कहा कि समय-समय पर अभियान चलाकर सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से दूर रहने की सलाह लोगों को दी जाती है। कहा कि लोगों को स्वयं ही जागरूक होना होगा तभी पॉलीथिन का प्रयोग रोका जा सकेगा।


जानकारी देते ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी।

नसीहत

## कन्नौज व फर्रुखाबाद की संयुक्त एआरपी कार्यशाला में शामिल हुए एडी बेसिक कानपुर

# विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए टीम भावना से करें काम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को निपुण बनाने के लिए टीम भावना से काम किया जाए। प्रधानाध्यापक, शिक्षक व शिक्षामित्र मेहनत के साथ अपनी जिम्मेदारी तय करें। कार्ययोजना बनाकर निपुण भारत मिशन को साकार किया जाए तो सफलता मिलना तय है। यह बात कानपुर से आए एडी बेसिक राजेश वर्मा ने कही।

गुरुवार को वह नसरापुर स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित कन्नौज व फर्रुखाबाद जनपद की संयुक्त एआरपी कार्यशाला (द्वितीय चरण) में शामिल हुए। इससे पहले बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ अनुशासन भी जरूरी है। सीडीओ ने कहा कि वह स्वयं प्राइमरी विद्यालय में ही पढ़े हैं। वृत्ताकार आकृति में बच्चों को व्यवस्थित कर रोचक ढंग से शिक्षा दी जाती थी जो अब भी प्रासंगिक है। निपुण विद्यालय बनाने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने कहा कि हम सभी लोग मिलकर कन्नौज को जल्द ही निपुण जनपद बनाएंगे। इससे पहले उन्होंने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। बीएसए फर्रुखाबाद गौतम प्रसाद ने भी एआरपी व एसआरजी से निपुण को लेकर बात रखी। इस मौके पर डायट वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा, बीईओ विपिन कुमार, विश्वनाथ पाठक, शिवेंद्र वर्मा, सर्वेश यादव, संजीव कटियार, आशुतोष दुबे, राकेंद्र शर्मा, भोलेशंकर चतुर्वेदी मौजूद रहे।



एडी बेसिक कानपुर राजेश वर्मा, बीएसए उपासना वर्मा व फर्रुखाबाद के बीएसए गौतम प्रसाद के समक्ष प्रस्तुति देते एआरपी व अन्य लोग। अमृत विचार

### मंच पर बीईओ, एआरपी ने दी प्रस्तुति

निपुण भारत मिशन को सफल बनाने के लिए दोनों जिलों के बीईओ, एसआरजी व एआरपी ने अपने-अपने तरीके से प्रस्तुति दी। सवाल-जवाब भी हुए। समस्याएं भी बताई गईं। उनके निराकरण को लेकर भी चर्चाएं हुईं। अधिकारियों ने भी बात रखी। कार्यक्रम में कहा गया कि शिक्षामित्र को 10 हजार रुपये मिलते हैं तो वह कम पढ़ाने की बात करते हैं। स्कूलों में शिक्षकों की कमी है तो विद्यालय व बच्चों को कैसे निपुण बनाएं। अध्यापकों के लंबी छुट्टी चले जाने व बीच में आवश्यक विभागीय काम पड़ने पर कैसे पूरा करें आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस पर एसआरजी अमित मिश्र ने कहा कि अच्छा काम करने पर शिक्षामित्रों को सम्मानित किया जाए। एआरपी अरशद अली ने कहा कि निपुण को लेकर शिक्षामित्र सहयोग जरूर करें। बताया गया है कि अब प्रधानाध्यापकों पर जिम्मेदारी डाली गई है कि वह खुद समय सारिणी बनाएंगे।

### सितंबर में खुद को निपुण घोषित करेंगे विद्यालय

जिला समन्वयक गौरव दीक्षित ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षक व अन्य जिम्मेदारों के शैक्षिक सत्र 2024-25 को लेकर लक्ष्य निर्धारित कर विद्यालयों को निपुण बनाना है। इस मौके पर राज्य परियोजना कार्यालय से नामित नोडल अधिकारी लक्ष्य, अश्वनी, परोमा ने बात रखी। रोल प्ले के माध्यम से भी धरातल पर आने वाली चुनौतियों पर चर्चा कर सुझाव सत्र संचालित हुआ। निपुण विद्यालय बनाने के लिए प्रथम चरण में विद्यालय सितंबर में खुद इसकी ऑघोषणा करेंगे। इनका आकलन अक्टूबर में किया जाएगा। द्वितीय चरण में विद्यालयों की ओर से नामांकन नवंबर में तथा आकलन दिसंबर में करेंगे। निपुण विद्यालय न करने व अन्य खुद निपुण की घोषणा नहीं करने वाले स्कूलों का आकलन फरवरी 2025 में किया जाएगा। कार्यक्रम समापन पर एडी बेसिक कानपुर ने सभी को शपथ भी दिलाई।


प्रेस वार्ता में जानकारी देते नवाब सिंह यादव। अमृत विचार

# 'पार्टी कार्यकर्ताओं से मारपीट बर्दाश्त नहीं'

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनावों में कार्यकर्ताओं के साथ हुई मारपीट को लेकर वरिष्ठ सपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की ताकत होती है। अगर किसी कार्यकर्ता के साथ सत्ता पक्ष के नेता ने डराया धमकाया यह अच्छी बात नहीं होगी। हम समाजवादी लोग हैं हम सबक सिखाना भी जानते हैं।

वे सपा नेता रवि गुप्ता व प्रत्येश तोमर की मौजूदगी में पत्रकारों से बात कर रहे थे। कहा, प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि जिन लोगों ने हमारे कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की व धमकियां दीं, उन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करें। गुरुवार को नवाब सिंह ने पीड़ित कार्यकर्ता रिशू यादव नगला भजा, दीपक शर्मा कटरा मौहल्ला छिबरामऊ, विम्मी वर्मा बजरिया मौहल्ला , अवनीश यादव, अभिषेक यादव रंधीरपुर सहित कई अन्य कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। कहा मतदान के दिन इन कार्यकर्ताओं से भाजपा नेताओं ने मारपीट कर धमकी दी। समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता बदला लेना जानता है। प्रशासन ने भाजपा नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही नहीं की तो ईंट से ईंट बजा देंगे। इस दौरान योगेंद्र यादव, बबल प्रधान, रवि गुप्ता, रहीस मंसूरी, अशोक चौहान, पॉटी यादव, अच्छे खान, राघवेंद्र यादव, गोल्डन, नरेंद्र शर्मा, दिनेश शाक्य, प्रदीप शुक्ला, राजन गुप्ता रहे।

# सोलर रेडिएशन के असर से पारा पहुंचा 43 डिग्री के करीब

## 18 किलोमीटर प्रतिघंटा के वेग से चलीं गर्म हवाएं, लोग हो रहे डिहाइड्रेशन के शिकार, रविवार तक तापमान 44 डिग्री तक पहुंचने के आसार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पश्चिमी विक्षोभ और सोलर रेडिएशन के असर से वातावरण का तापमान अब सातवें आसमान पर पहुंचने लगा है। गुरुवार को दोपहर के समय जब पारा 42.5 डिग्री से ऊपर पहुंचा और 18 किलोमीटर प्रतिघंटा से गर्म हवाएं चलीं तो लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो गए। मौसम की मार से लोग डिहाइड्रेशन के शिकार भी हुए। मौसम विभाग का कहना है कि विक्षोभ और रेडिएशन के कारण रविवार तक तापमान 44 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं।

मौसम का मिजाज और तल्ख होता जा रहा है। गुरुवार को पारा फिर 42.5 डिग्री पर पहुंच गया, जिससे दिन में तेज धूप से लोग बिलबिला उठे। वहीं, दिन में चली लू के थपेड़े लोगों को परेशान करते रहे। मौसम विभाग के अनुसार विक्षोभ और रेडिएशन के कारण तापमान बढ़ रहा है। दिन में अधिकतम तापमान 42.5 और न्यूनतम 24.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दोपहर के समय गर्म हवाएं भी 18 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलीं। इससे कई लोग डिहाइड्रेशन का शिकार हो गए। गर्म हवाएं लोगों का मुंह सुखा रहीं थीं। उत्तर-पश्चिम तरफ से आने वाली हवाएं लोगों को परेशान कर रहीं थीं। मौसम विभाग ने बताया कि इस समय सूर्य की किरणें सीधी पृथ्वी पर पड़ रहीं हैं, जिससे काफी मात्रा में सोलर रेडिएशन हो रहा है। वहीं, लगातार हवा की गति और दिशा बदलने से विक्षोभ भी उत्पन्न हो रहा है। यही वजह है कि प्रतिदिन तापमान बढ़ता जा रहा है। आने वाले दिनों में हीटवेब और तेज होगी, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।


कन्नौज रेलवे स्टेशन पर दोपहर में प्यास बुझाता युवक। अमृत विचार

- हीटवेब तेज होगी, स्वास्थ्य पर पड़ेगा प्रतिकूल प्रभाव

### गुरुवार को मौसम का हाल

- अधिकतम तापमान : 42.5 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम तापमान : 24.6 डिग्री सेल्सियस
- हवा की दिशा : पश्चिम
- हवा की गति : 18 किमी प्रतिघंटा
- नमी की मात्रा : 64 प्रतिशत

### कैसे होता है सोलर रेडिएशन

- कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम विभाग के प्रोफेसर डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि पृथ्वी सूर्य की एक परिक्रमा 365 दिन में पूरी करती है। पृथ्वी भी अपने अक्ष पर घूमती है। परिक्रमा के दौरान जब पृथ्वी सूर्य के ठीक सामने आती है और उस समय जो भू-भाग सूर्य की किरणों के प्रभाव में आता है तो उस पर किरणें पृथ्वी से परावर्तित होकर अधिक मात्रा में रेडिएशन को उत्पन्न करतीं है। जिसके फलस्वरूप हवा की तरंगें गर्म होकर प्रवाहित होने लगतीं हैं, जिसे हीटवेब कहते हैं और इस पूरी प्रक्रिया को सोलर रेडिएशन कहा जाता है। हीटवेब में त्वचा जलने लगती है और डिहाइड्रेशन होने से लोगों की मृत्यु भी हो सकती है।


छात्र-छात्राओं को जानकारी देते शिक्षक व विशेषज्ञ।

### डेंगू से बचने के लिए पानी का भराव न होने दें

**कन्नौज।** ब्लॉक सौरिख इलाके के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किसई जगदीशपुर में डेंगू दिवस मनाया गया। इसके तहत 'डेंगू रोकथाम : सुरक्षित कल के लिए हमारी जिम्मेदारी' थीम पर छात्र-छात्राओं को डेंगू बीमारी और मच्छरों से बचने के उपाय बताए गए। शिक्षकों ने बताया कि शरीर को मच्छरों से बचाना पहली प्राथमिकता है। इस मौसम में मच्छर काफी पनपते हैं जो बारिश में अधिक हो जाते हैं। इनसे बचने के लिए लंबी बाजू वाले कपड़े पहनें। पैरों को भी ढककर रखें। लाइट कलर के कपड़े गर्मी से तो बचाते ही हैं साथ ही मच्छरों से भी सुरक्षित रखते हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि मच्छर गहरे रंग की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं। आगे बताया गया कि नियमित रूप से नालियों, गमलों और अन्य जगहों की सफाई व जांच करते रहें। उनमें पानी न जमा होने दें। इससे डेंगू का लार्वा पैदा नहीं होगा। मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का प्रयोग जरूरी है।

## समधन में चिकनपॉक्स की दस्तक, बढ़े रोगी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कस्बा समधन में भीषण गर्मी के चलते चिकनपॉक्स ने दस्तक दे दी है। इससे लगातार रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों ने चिंता व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य विभाग से टीम भेजकर जांच करा कर दवा वितरित कराए जाने की मांग की है। नगर के मोहल्ला लोहिया नगर निवासी पंचायत कर्मी हनीफ अली ने बताया कि उनका पुत्र अताउल्ला अली (27) उसका पुत्र मो. अफ्फान (7) तीन दिन से चिकनपॉक्स रोग से पीड़ित हैं। जबकि इसी मोहल्ले की उमरा बानों (12) व सबीना बानो (15) पुत्री जान मोहम्मद भी बीते 08 दिन से चिकनपॉक्स की चपेट में है। मोहल्ले में फैल रही चिकनपॉक्स बीमारी की चपेट में आ रहे लोगों को देख मोहल्लेवासियों में रोग को लेकर भय व्याप्त है।

- लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से टीम भेजकर जांच करा कर दवा वितरित कराने की मांग की

सभासद शिवा यादव ने भी स्वास्थ्य विभाग की टीम से मोहल्ले में कैंप लगा कर दवा वितरित कराए जाने की मांग की है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी में दसवीं के मेधावी


कलपेन्द्र पाल, 94.2 प्रतिशत


दीपक 94 प्रतिशत


हैप्पी 94 प्रतिशत


इरम 93.6 प्रतिशत

### जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी, 12 वीं के मेधावी


कुमुद यादव 92.4 प्रतिशत


निखिल राजपूत 91.8 प्रतिशत


विवेक कुमार 87.8 प्रतिशत


अभय प्रताप 85.4 प्रतिशत

### एक नजर

#### अभिनव विद्यालय में दसवीं का परिणाम शत प्रतिशत

**कन्नौज।** मॉडल अभिनव राजकीय विद्यालय गंगधरापुर के प्रभारी प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव ने बताया कि सीबीएसई के दसवीं परीक्षा परिणाम में सभी पंजीकृत 17 छात्र-छात्राएं पास हो गए हैं। विविक राजपूत ने सबसे अधिक 80 फीसदी अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट में पंजीकृत 11 विद्यार्थियों में से 10 उत्तीर्ण हुए और एक कंपार्टमेंट में शामिल होगा। परीक्षा परिणाम का प्रतिशत 90.90 रहा। सबसे अधिक नंबर देवांशु के 79 फीसदी आए हैं।

#### मारपीट में तीन घायल

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महाबलीपुर निवासी किशोरी लाल ने बताया कि गांव के रमेश, रामनरेश, रमेश का साला व सोनी ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके चोटें आईं। वहीं, दूसरे पक्ष से सरमावती ने बताया कि किशोरीलाल, अजय व उसके दामाद अवनीश ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में उनकी दो बेटियां भी जख्मी हो गईं। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज की है।

#### सपा नेता ने युवती को पीटा

**कन्नौज।** शहर के मोहल्ला मौसमपुर मौरारा निवासी अंशिका यादव पुत्री शेर सिंह ने बताया कि वह घर के बाहर बैठी थी। उसी समय मोहल्ले के ही सपा नेता उदयवीर यादव, जयवीर यादव, अंश यादव व मयंक यादव ने मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। आरोपियों ने पुलिस से शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

#### रंजिश में मां-बेटे को पीटा

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तुलापुरवा निवासी अरविंद कुमार पुत्र रामकुमार ने बताया कि रंजिश के चलते गांव अंकित, पंचम, गीता व रामखिलावन ने उसकी मां रुकमणी को पीट दिया। मां ने शोर मचाया तो वह बचाने गया। आरोपियों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया।

## बंद मकान का ताला तोड़ नकदी सहित जेवर पार

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** चोरों ने बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर नकदी समेत जेवर पार कर दिये। घटना की जानकारी होने पर मकान मालकिन मौके पर पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस से की।

कोतवाली क्षेत्र के दीपकपुर रोड किदवईनगर निवासी मुनीश कुमार ट्रक चालक है। घर पर पत्नी प्रीती बच्चों के साथ रहती है। बुधवार की शाम सात बजे प्रीती बच्चों के साथ कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर अकबरपुर मकान में ताला लगाकर चली गई। गुरुवार सुबह 4 बजे के करीब पड़ोसी ने फोन पर मकान का ताला टूटा होने की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची प्रीती ने देखा घर में रखी सेफ का लाकर टूटा पड़ा है और उसमें रखी 30 हजार रुपये की नकदी, एक सोने की जंजीर, पांच सोने की अंगूठी, दो सोने की चूड़ी, एक जोड़ी झाले, पायलें सहित अन्य सामान चोरों ने पार कर दिया। प्रीती ने मामले की सूचना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर चोरों की तलाश शुरू कर दी।


बिखरा पड़ा सामान और चोरी की जानकारी देता युवक। अमृत विचार

- लाखों का माल ले गए चोर पुलिस से की गई शिकायत

## तीन दिवसीय बहरुल इरफान उर्स आज से

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** खानकाहे आफाकिया हम्मालीपुरा का पांचवां सालाना उर्स हुज़ूर बहरुल इरफान रहमतुल्लाहअलैह व अल्जामिअतुल अहमदिया की बारहवीं इंटरनेशनल अहसनाते सहाबा व अहले बैत कान्फ्रेंस 17, 18, व 19 मई को साहिबे सज्जादा मौलाना अहमद सईद मुजद्दिदी सरपरस्ती में मनाया जाएगा। उर्स में देश-विदेश के उलमा व सूफी संत भी शिरकत करेंगे, जिसमें छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

गुरुवार की उर्स की तैयारियों का जायजा लेने के बाद उर्स कमेटी के सदस्य मौलाना नूरुद्दीन आफाकी ने बताया कि शुक्रवार को शाम आठ बजे उर्स का आगाज होगा, जिसमें बज्मे नात व मनकबत पढ़ी जाएगी। शनिवार को सुबह 9 बजे से अंतरराष्ट्रीय सिंपोजियम की बैठक 11 बजे तक होगी। इसके बाद दूसरी बैठक दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे तक महिलाओं के विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और शाम को मदरसे के 40 छात्र-छात्राओं को हाफिज, आलिम व कारी की डिग्री प्रदान की जाएगी तथा मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा। शनिवार को ही 12वीं इंटरनेशनल कान्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश के उलमा व सूफी संत अपने विचार व्यक्त करेंगे। रविवार की सुबह 9 बजे समापन से पहले दोपहर तक जलसा होगा और कुल शरीफ की महफिल का आगाज होगा। इस दौरान विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। उर्स में भीड़ होने के चलते सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।


उर्स के लिए दरगाह शरीफ पर की गई सजावट। अमृत विचार

- देश-विदेश से आएंगे उलमा व सूफी संत, होगी अहले बैत कान्फ्रेंस
- 40 छात्र-छात्राओं को दी जाएगी हाफिज, आलिम व कारी की डिग्री

## परिषदीय स्कूलों में हर रोज होंगी अलग-अलग प्रार्थनाएं

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए जारी हुआ एकेडमिक कैलेंडर
- सोमवार से शनिवार तक निर्धारित हुईं प्रार्थनाएं

**अमृत विचार।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने परिषदीय स्कूलों के लिए शैक्षिक सत्र 2024-25 का एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि सप्ताह में रविवार को छोड़कर छह दिन अलग-अलग प्रार्थनाएं होंगी। उसके बाद राष्ट्रगान व पांच-सात मिनट का ध्यान (मेडिटेशन) बच्चों से कराया जाएगा।

एकेडमिक कैलेंडर में कहा है कि प्रार्थना के समय प्रधानाध्यापक के अलावा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहेंगे। प्रधानाध्यापक बच्चों समेत प्रार्थनास्थल का फोटो हर रोज लेंगे और बीईओ को भेजेंगे। टैबलेट में फोटो सुरक्षित करेंगे। पढ़ाने से पहले बच्चों से अनौपचारिक बातचीत होगी। इसमें स्वयं का परिचय, नाम व बच्चों का परिचय, उनके परिवार, गांव, तहसील, जनपद, राज्य व देश के बारे में बताया जाएगा। शिक्षक सामान्य प्रशासन पर भी जानकारी देकर बच्चों को कक्षा-शिक्षण के लिए सहज करेंगे। समय सारिणी के मुताबिक सकारात्मक वातावरण में शिक्षक अपने विषय को 40 मिनट में पूरा करेगा। शैक्षिक पंचांग का शत-प्रतिशत पालन किया जाएगा। महानिदेशक ने कहा है कि सभी कक्षाओं के लिए माहवार निर्धारित पाठ्यक्रम उसी महीने हर हाल में पूरा किया जाएगा। विद्यार्थियों की ओर से लाइब्रेरी के के लिए सप्ताह में दो पीरियड निर्धारित किए जाएंगे। **अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराएंगे:** दीक्षा पोर्टल, यूट्यूब, व्हाट्सएप, ई-विद्या चैनल व अन्य पोर्टल पर अध्ययन सामग्री को लिंक के जरिए छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराया जाएगा। जो भी नए प्रवेश पाए छात्र हैं, उनके लिए पूर्व से पढ़ने वाले बच्चों के कक्षा, शिक्षण के दो-तीन दिन कुछ समय छात्र परिचय के रूप में कक्षा संचालित होंगे। इससे छात्र घुलमिल सकेंगे। **मई के लिए यह आई गाइड लाइन:** क्रॉफ्ट दिवस होगा। बच्चों को परिवेश के आसपास में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों जैसे हवा, धूप, पानी, पेड़, पौधे व सामान्य कौतुहल का विषय हवा का चलना, आंधी आना, पानी बरसना, ओले गिरना, सूरज का उदय व अस्त होने के बारे में बताया जाएगा।

> प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में नए शैक्षिक कैलेंडर का हर हाल में पालन करना होगा। इससे पढ़ाने में सहूलियत मिलेगी। साथ ही बच्चों का शैक्षिक स्तर भी सुधरेगा।
>
> उपासना रानी वर्मा, बीएसए

### इस तरह होंगी प्रार्थनाएं

- सोमवार को वह शक्ति हमें दो दयानिधे...
- मंगलवार को दया कर दान भक्ति का, हमें परमात्मा देना...
- बुधवार को ऐ मालिक तेरे बंद हम...
- गुरुवार को सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु...
- शुक्रवार को हर देश में तू, हर भेष में तू...
- शनिवार को इतनी शक्ति हमें देना दाता...

### विद्यालय समय में अन्य गतिविधि में नहीं होंगे शामिल

- महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने स्पष्ट किया है कि शिक्षक या उनके संगठनों की ओर से विद्यालय समय में कोई अन्य गतिविधि आयोजित नहीं की जाएगी। न ही इसमें अध्यापक शामिल होंगे। अपरिहार्य कारणों से ही सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के बाद ही प्रतिभाग किया जा सकेगा।

## ट्रांसफार्मर में लगी आग, बिजली घंटों गुल

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर के तिराहा स्थित पार्क के निकट लगे ट्रांसफार्मर में बुधवार की देर रात लगभग 12 बजे आग लग गई। ट्रांसफार्मर से ऊंची-ऊंची लपटें निकलते देख लोगों में दहशत फैल गई। जानकारी पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दमकल को सूचना दी। सभी के सहयोग से लगभग डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। ट्रांसफार्मर जलने से लगभग 20 घंटे से अधिक समय बीत चुका है लेकिन बिजली चालू नहीं हुई।

विद्युत विभाग के द्वारा नगर के तिराहा पार्क के निकट 400 व 600 केवीए के दो ट्रांसफार्मर रखे गए हैं। शार्ट सर्किट से 400 केवीए ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई और धू-धूकर जलने लगा। आग की लपटें देख स्थानीय लोगों की मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकल सहित बिजली विभाग को खबर दी। दमकल व स्थानीय लोगों की मदद से विकराल हो रही आग पर लगभग डेढ़ घंटे बाद काबू पाया जा सका। यदि समय रहते आग न बुझाई जाती तो पास में लगा 600 केवीए का ट्रांसफार्मर भी इसकी जद में आ जाता है। उधर आग बुझने के बाद तो लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन बिजली गुल हो जाने से भीषण गर्मी में लोगों की परेशानी बढ़ गई। सुबह पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो गई और रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो गए। विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर न बदले जाने से दिनभर बिजली गुल रही। पूरे दिन आपूर्ति वाधित रहने के कारण तिराहा, जीटी रोड, मोहल्ला किदबई नगर, शास्त्री नगर, अफसरी के लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे स्थानीय लोग भीषण गर्मी में उबल रहे हैं और मोबाइल चार्ज करने के लिए भी इधर-उधर मोहल्लों में भटक रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई है। इस संबंध में जेई विकास कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन फोन रिसीव न होने से बात नहीं हो सकी।


धू-धू कर जलता ट्रांसफार्मर।

- भीषण गर्मी में उत्पन्न हुई पेयजल समस्या
- 20 घंटे बीतने के बाद भी आपूर्ति बाधित

## गैंगस्टर एक्ट में दो बदमाशों को चार-चार साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) ने सुनाई सजा, पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना भी लगाया
- तालग्राम में दुष्कर्म के बाद मां-बेटी की कर दी थी हत्या, डेढ़ साल से जेल में बंद

**अमृत विचार।** तालग्राम थाना क्षेत्र में दुष्कर्म के बाद मां-बेटी की हत्या कर सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को गैंगस्टर एक्ट में चार-चार साल कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। दोनों पर पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। दोनों जिला कारागार में पिछले डेढ़ साल से बंद हैं। दुष्कर्म-हत्या के मुकदमों का ट्रायल कोर्ट में चल रहा है।

शासकीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पांडेय ने बताया कि तालग्राम थाना के एक गांव में अक्टूबर 2022 में मां-बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने भोजापुर गांव निवासी योगेश व समर पाल को गिरफ्तार किया था। विवेचना में पता चला कि योगेश और समर संगठित गिरोह बनाकर अपराध करते हैं और इनके ऊपर हत्या, दुष्कर्म, लूट, चोरी व डकैती के कई मुकदमे हैं। तालग्राम थाने के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा ने दोनों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया और 20 फरवरी 2024 को आरोपपत्र कोर्ट में पेश किया। गुरुवार को विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) नंद कुमार ने योगेश उर्फ पंगा व समर पाल को उत्तर प्रदेश गिरोहबंद अधिनियम के अंतर्गत चार-चार साल का कठोर कारावास व पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## धक्का-मुक्की के बाद शिक्षिकाओं में मारपीट

संवाददादता बिछिया उन्नाव

- चोट न आने से पुलिस तक नहीं पहुंचा प्रकरण
- बीईओ बोले, लंबे समय से चल रहा है विवाद

**अमृत विचार।** ब्लाक क्षेत्र की टीकर गढ़ी ग्राम पंचायत स्थित के उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधान शिक्षिका व सहायक शिक्षिका के बीच किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद नौबत मारपीट तक पहुंच गई। हालांकि किसी को गंभीर चोट न आने से मामला पुलिस तक नहीं पहुंचा। लेकिन सहायक शिक्षिका ने विभागीय अधिकारियों से शिकायत करने का दावा किया है।

विद्यालय में काफी समय से अलका सिंह प्रधानाध्यापक पद पर हैं। सहायक शिक्षिका अमिता शुक्ला को भी यहां तैनात हुए अर्सा हो चुका है। गुरुवार को प्रधान शिक्षिका और सहायक शिक्षिका के बीच पहले तू तू-मैं मैं शुरू हुई। बात यहीं तक सीमित नहीं रही शिक्षिकाएं आपस में मारपीट करने लगीं। विद्यालय में मौजूद बच्चों सहित अन्य स्टाफ मूकदर्शक बने रहे। हालांकि मारपीट में किसी शिक्षिका के चोटें नहीं आई। प्रधान शिक्षिका ने मारपीट करने से इंकार किया है। दूसरी तरफ सहायक शिक्षिका ने आरोपों की झड़ी लगा दी। आरोप लगाया कि प्रधान शिक्षक सप्ताह में दो-तीन दिन ही आती हैं, जबकि हस्ताक्षर पूरे माह के दर्शाकर वेतन उठाती हैं। यही नहीं महीनों बच्चों के बीच मिड्डे मील के तहत पका हुए भोजन भी नहीं परोसा जाता है।

अमृत विचार विशेष

आर्थिक सर्वेक्षण के बाद रेलवे बोर्ड ने प्रस्ताव को दी मंजूरी, पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय गोरखपुर से निर्धारित होगी समयसारिणी

## खुशखबरी : कानपुर-फर्रुखाबाद रूट पर जल्द चलेगी मेमू ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कानपुर से फर्रुखाबाद व कन्नौज आने-जाने वाले दैनिक यात्रियों को अब पैसेंजर ट्रेनों में धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। जल्द ही इस रूट पर मेमू (मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) ट्रेन की सुविधा हो जाएगी। दैनिक यात्रियों और व्यापारियों की मांग पर रेलवे बोर्ड ने आर्थिक सर्वेक्षण के बाद इस रूट पर दो मेमू ट्रेन चलाने को मंजूरी दे दी है। ट्रेन को रेलवे कोच फैक्ट्री में तैयार कराकर समय सारिणी जारी की जाएगी।

कानपुर-फर्रुखाबाद रेलखंड पर प्रतिदिन 35 से अधिक ट्रेनें गुजरतीं हैं, जिनमें अधिकतर लंबी दूरी की और साप्ताहिक हैं। इन ट्रेनों का ठहराव भी कम स्थानों पर ही होता है। पैसेंजर ट्रेनों की संख्या कम और उनमें भीड़ अधिक रहती है, जिस कारण दैनिक यात्रियों और व्यापारियों को आने-जाने में दिक्कत होती है। कानपुर से फर्रुखाबाद की दूरी 140 किलोमीटर है और दोनों जनपदों में कई विभागों के कर्मचारी और व्यापारी प्रतिदिन कानपुर की यात्रा करते हैं।

पैसेंजर ट्रेनों का समय भी उनके माफिक नहीं हैं। इस रूट के विद्युतीकरण के बाद से ही मेमू ट्रेन चलाने की मांग ने जोर पकड़ लिया था, जिसको लेकर रेलवे के आला अधिकारियों को ज्ञापन भी दिया गया था। इसके बाद अमृत भारत स्टेशन योजना का निरीक्षण करने आए पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल को भी दैनिक यात्रियों ने ज्ञापन देकर मेमू चलाने की मांग की थी।

उन्होंने मंडल वाणिज्य प्रबंधक से आर्थिक सर्वे कराया, जिसमें पाया गया कि मेमू चलने से रेलवे को घाटा नहीं होगा और न ही अन्य ट्रेनें प्रभावित होंगी। इसी आधार पर रेलवे बोर्ड ने दो मेमू ट्रेन चलाने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है।


कन्नौज रेलवे स्टेशन पर दोपहर के समय पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

### कपूरथला या चेन्नई में होगा निर्माण

- जिस रूट पर मेमू ट्रेन को मंजूरी मिलती है, उसके लिए नई ट्रेनों का निर्माण किया जाता है। कानपुर-फर्रुखाबाद रूट के लिए मेमू का निर्माण रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला या इंटीग्रल कोच फैक्ट्री चेन्नई में होगा। यह रेलवे बोर्ड ही तय करता है, जिसके लिए बजट केंद्र सरकार की तरफ से जारी किया जाता है। मेमू ट्रेन में अलग से इंजन या कोच नहीं लगाए जाते हैं, बल्कि यह पूरी ट्रेन इंटरकनेक्टेड होती है, जिसमें यात्रियों के केवल बैठने की व्यवस्था होती है।

### ये स्टेशन होंगे लाभान्वित

- फर्रुखाबाद जंक्शन, फतेहगढ़, याकूतगंज, कमालगंज, खुदागंज, मलिकपुर, गुरसहायगंज, खुदलापुर, जसोदा, जलालपुर पनवारा, कन्नौज सिटी, कन्नौज, मानीमऊ, गंगवापुर, अरौल मकनपुर, बकोठी खास, बिल्हौर, धौरसलार, उत्तरीपुरा, बर्राजपुर, चौबेपुर, मंधना जंक्शन, कल्याणपुर, रावतपुर, कानपुर अनवरगंज, कानपुर सेंट्रल।

> कानपुर-फर्रुखाबाद रूट पर मेमू ट्रेन चलाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है। ट्रेन कब से चलेगी, यह रेलवे बोर्ड ही तय करेगा। अधिसूचना जारी होने के बाद मंडल के अधिकारियों व स्टेशन मास्टरों को जानकारी दी जाएगी।
>
> -राजेंद्र सिंह, जनसंपर्क अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे-इज्जतनगर मंडल

## एक नजर

### युवक ने संदिग्ध हालात में खाया जहर, हालत बिगड़ी

**फर्रुखाबाद** । थाना कम्पिल क्षेत्र के गांव हकीकतपुर निवासी 26 वर्षीय अरुण कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घर वालों ने आनन फानन में युवक अरुन कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर भानु प्रताप सिंह ने बताया कि जहरीला पदार्थ खाया हुआ युवक अरुन कुमार को लाया गया है । भर्ती का इलाज शुरू कर दिया गया है।

### डीएम की मौजूदगी में विदेशी मदिरा की दुकानें आवंटित

**फर्रुखाबाद** । जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये विदेशी मदिरा की 02 फुटकर दुकानों हेतु ई लॉटरी का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में किया गया ।जिसमें 2 दुकानों के लिये कुल 40 आवेदन प्राप्त हुये ।जिसमे रूनी की दुकान का आवंटन विमलेश कुमार व सुल्तानगंज खरैटा का आवंटन सीमा यादव को हुआ। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह,जिला आबकारी अधिकारी, क्षेत्राधिकारी सदर व संबंधित अधिकारी व आवेदनकर्ता मौजूद रहे।

### छत से गिर कर वृद्ध घायल अस्पताल में भर्ती

**क़ायमगंज फर्रुखाबाद** । कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जटवारा निवासी 52 वर्षीय रुकसार पिता छम्मी छत से नीचे उतर रहे थे। तभी वृद्ध रुकसार का पैर फिसल गया। रुकसार छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घर वालों की मदद से आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अभय श्रीवास्तव ने बताया कि रुकसार को घायल अवस्था में लाया गया है। भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।

### मार्ग दुर्घटना मे दो घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग मार्ग दुर्घटना मे शमसाबाद क्षेत्र के गांव अद्दूपुर निवासी कमलेश (37) व कम्पिल क्षेत्र के गांव विहारीपुर निवासी हाकिम सिंह (75) घायल हो गए। घायलों को लोगो ने अस्पताल भर्ती कराया जहाँ उनका उपचार जारी है।

### युवक को ज़हरीले कीड़े ने काटा, गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अताईपुर जदीद निवासी विनय कुमार (36) को किसी ज़हरीले कीड़े ने काट लिया परिजन अस्पताल लाये जहां उसका उपचार चल रहा है।

# परेशानी: झुलसाने वाली गर्मी में फीडर नहीं उठा पा रहे लोड

## ट्रिपिंग होने से बिजली की आवाजाही से जूझ रहे शहरवासी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद




**अमृत विचार** । भीषण गर्मी के चलते शहर क्षेत्र के फीडर ओवरलोड होने लगे हैं। इसके चलते दिन और रात में कई-कई बार ट्रिपिंग होने से उपभोक्ताओं की नींद खराब हो रही है। अधिकारियों का तर्क है कि गर्मी में बिजली चोरी होने से फीडर ओवरलोड हो रहे हैं। सबसे ज्यादा चोरी रात में हो रही है। जल्द ही शहर क्षेत्र में बिजली चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

शहर क्षेत्र में आठ पावर हाउस और 22 फीडर संचालित हैं। लगभग 70 हजार बिजली कनेक्शनधारी हैं। बिजली विभाग ने जहां गर्मी में शहरियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति दिए जाने के लिए रिवैंप व अन्य योजनाओं के तहत करीब 35 करोड़ से ज्यादा धनराशि देते हुए ट्रांसफार्मर, जर्जर तार आदि बदलवाने के निर्देश दिए थे। कहा था कि फीडर ओवरलोड न रहें। इसके तहत अभी काम चल रहा है। करोड़ों रुपये खर्च भी हो चुके हैं, लेकिन शहर क्षेत्र के उपकेंद्र अभी भी ओवरलोड हैं।

सबसे बुरा हाल मिल्क डेयरी, ठंडी सड़क और आईटीआई उपकेंद्र का है। गर्मी के चलते दिन हो या रात उपभोक्ताओं को कई-कई बार ट्रिपिंग की समस्या से जूझना पड़ता है। बीती रात राजीव गांधी नगर व गढ़ी कोहना में आठ से दस बार ट्रिपिंग हुई। राजीव गांधी नगर के अनिल पांडेय व गढ़ी कोहना के अब्दुल सत्तार बताते हैं कि गर्मी आते ही ट्रिपिंग शुरू हो गई है। रात में ट्रिपिंग सबसे ज्यादा हो रही है।

## सीढ़ी से गिरकर चौकीदार घायल सीएचसी में भर्ती

**फर्रुखाबाद** । शमसाबाद थाने की टंकी ठीक करने जाते समय सीढ़ी से गिरकर चौकीदार घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

थाना शमसाबाद में पानी की टंकी का पाइप बंदरों ने तोड़ दिया है। गुरुवार को पाइप मिस्त्री से ठीक न कराते हुए थाने में तैनात चौकीदार परवेज से कहा गया। चौकीदार परवेज पाइप ठीक करने के लिए सीढ़ी पर चढ़ रहे थे, तभी पैर फिसलने से वह नीचे गिरकर घायल हो गए। एसओ बलराज भाटी ने चौकीदार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

डॉ. अलीम अंसारी ने घायल चौकीदार का इलाज शुरू किया। एसओ ने बताया कि चौकीदार छत पर जाने के लिए चढ़ रहा था, तभी पैर फिसलने से घायल हो गया। उससे पाइप ठीक करने के लिए नहीं कहा गया था। फिलहाल उसका सीएचसी में इलाज चल रहा है। तबियत में सुधार है।

## एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट को यूपीडेस्को से मिल गई मान्यता

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** 'ओ लेवल' डिप्लोमा करने में नाकाम रहने वाले युवाओं के लिए खुशखबरी भरी खबर है। सरकार ने 'ओ लेवल' के समकक्ष डिप्लोमा इन इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी (डीआईटी) कंप्यूटर कोर्स प्रारंभ किया है। यह डिप्लोमा जहां आसान भी होगा, वहीं इसमें खर्च भी न के बराबर रहेगा। सभी सरकारी नौकरियों में 'ओ लेवल' की तरह ही 'डीआईटी' डिप्लोमा भी मान्य होगा।

ओ लेवल डिप्लोमा करने में युवाओं को काफी दिक्कत होती है। कठिन कोर्स होने के चलते अधिकतर छात्र-छात्राएं इसे एक वर्ष में नहीं निकाल पाते। वहीं इसकी सालाना फीस करीब 22500 रुपये है। सरकारी नौकरियों में ओ लेवल की मांग बढ़ती देख सरकार ने युवाओं के पक्ष में निर्णय लेते हुए इसी माह डीआईसी कंप्यूटर डिप्लोमा जारी किया है। अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने कंप्यूटर कोर्स ओ लेवल तथा उसके समकक्षता के कंप्यूटर कोर्स निर्धारित करने के निर्देश दिए हैं। 28 कंप्यूटर डिप्लोमा कोर्सों में डीआईटी कोर्स भी शामिल है। अपर मुख्य सचिव ने सभी विभागाध्यक्ष, मंडलायुक्त व जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि ओ लेवल के समकक्ष ही डीआईटी समेत अन्य समस्त डिप्लोमाधारियों को भविष्य मंआ आने वाली सरकारी नौकरियों में लागू किया जाए। इस संबंध में मोहल्ला जोगराज स्थित एक कंप्यूटर सेंटर के निदेशक सुरेंद्र पांडेय ने बताया कि शासन ने ओ लेवल के समकक्ष ही 28 कंप्यूटर कोर्स निर्धारित किए हैं। इनमें डीआईटी डिप्लोमा सबसे सस्ता है। एक साल के डीआईटी डिप्लोमा का सालाना शुल्क दस हजार रुपये है। इसकी परीक्षा भी जनपद में ही होगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित यूपीडेस्को से उनकी संस्था का अनुबंध हो गया गया है। कंप्यूटर सेंटर पर युवाओं को डीआईटी का कोर्स कराया जाएगा। हर वर्ग का युवा यह कोर्स कर सकता है।

## आरटीई के तहत 107 बच्चे चयनित, 25 के आवेदन हुए निरस्त

**फर्रुखाबाद** । शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत तीसरे चरण में 107 बच्चों का चयन निजी स्कूलों में किया गया।

आरटीई के तीसरे चरण में जनपद में 225 लोगों ने आवेदन किए थे। आवेदन पत्रों के सत्यापन में 200 आवेदन पात्र पाए गए, जबकि 25 निरस्त कर दिए गए। गुरुवार को लॉटरी से बच्चों का चयन किया गया तो 107 का चयन हो गया, जबकि 93 बच्चे वंचित रह गए। पटल प्रभारी विशाल गगन ने बताया कि आरटीई के तीसरे चरण में 107 बच्चे चयनित हो गए हैं। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद ने बताया कि जल्द ही चयनित बच्चों की सूची स्कूलों को भेज दी जाएगी। उन्होंने निजी स्कूल संचालकों से आह्वान किया है कि वह लोग आरटीई के प्रवेश में लापरवाही न बरतें। प्राथमिकता के आधार पर चयनित बच्चों का प्रवेश करें। शिकायत मिलने पर स्कूल संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सपा जिलाध्यक्ष ने भितरघातियों की तलाश करने को बनाई कमेटी

**खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी ने चुनाव में पार्टी से गद्दारी करनें वाले नेताओं का पता लगानें के लिए कमेटी का गठन किया है। जो एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट देगी। जिसके आधार पर प्रदेश नेतृत्व कार्यवाही तय करेगा । यह निर्णय जिलाध्यक्ष ने अमृत विचार में खबर छपने के बाद लिया है।

सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव नें जनपद में हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य का साथ न देकर विरोधी पार्टी का गुप्त तरह से साथ देनें के मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने पार्टी से गद्दारी करनें वाले नेताओ का पता लगाने के लिये एक 7 सदस्यों की कमेठी का गठन किया है। कमेठी सभी विधानसभाओं में जाकर इस जाँच करेंगी । किसने ने पार्टी के साथ धोखा किया है। कमेठी की आख्या जिलाध्यक्ष के माध्यम से प्रदेश नेतृत्व को भेज दी जायेगी। जिसके बाद प्रदेश नेतृत्व ही कार्यवाही तय करेगा। बताते चले कि अमृत विचार ने इस खबर को 16 मई के अंक में बरियता से प्रकाशित किया था। इसको संज्ञान में लेकर अध्यक्ष में जांच कमेटी गठित कर दी है।

**यह सदस्य करेंगे भितरघातियों की जांच**

- जिलाध्यक्ष ने बनाई कमेठी में जिला उपाध्यक्ष मुन्ना यादव, वोट जिहाद का बयान देनें वाली जिला उपाध्यक्ष व कायमगंज प्रभारी मारिया आलम, जिला उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र यादव, प्रभारी अमृतपुर व जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर, भोजपुर प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष सौरभ कटियार, जिला उपाध्यक्ष सुभाष सिंह शाक्य व जिला उपाध्यक्ष चाँद खां को नामित किया है। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव नें बताया कि जितेन्द्र सिंह यादव के निष्कासन की उन्हें कोई जानकारी नही है। फिलहाल उनके द्वारा बनायी हुई कमेठी इस बात की जाँच करेगी कि भितरघात किसने नें किया। यह रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को भेजी जायेगी।

## बाजार में गेहूं के दामों में उछाल, किसान क्रय केंद्र से हुए 'दूर'

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में संचालित गेहूं खरीद केंद्रों में किसानों के न आने से बीते दो दिनों से केंद्रों में सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं खुले बाजार में गेहूं के दामों में उछाल आने पर किसान क्रय केंद्रों से दूर हो रहे हैं।

स्थानीय मंडी समिति में विपणन शाखा के दो केंद्र व पीसीएफ का गेहूं खरीद केंद्र संचालित है। ग्रामीण क्षेत्रों में पांच केंद्र खोले गए हैं। जिसमें ढाई माह में 208 किसानों ने 9568 गेहूं बेचा है। खुले बाजार में गेहूं के दामों में उछाल आने पर इन केंद्रों से किसान न आने से केंद्रों में सन्नाटा फैला हुआ है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के साघन सहकारी समिति कुरारा में 22 किसानों ने 1282 क्विंटल, कुसमरा साघन सहकारी समिति में 20 किसानों ने 1150 क्विंटल , मिश्रीपुर में 21 किसानों ने 1684 क्विंटल , शेखूपुर में 18 किसानों ने 1899 क्विंटल , बेरी में आठ किसानों ने 250 क्विंटल गेहूं बेचा है। केंद्र प्रभारी शंकर ने बताया कि खुले बाजार में गेहूं के दामों में उछाल से किसान मंडी जा रहा है।

## टैंकर की टक्कर से बाइकसवार पंचायत मित्र की मौत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना जहानगंज क्षेत्र में टैंकर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। मरने वाला बाइक सवार पड़ोसी जिला कन्नौज का रहने वाला था।

कन्नौज जिले के थाना जलालपुर पनवारा क्षेत्र के गांव रतनापुर निवासी जगविजय उर्फ रिंकू(35) पुत्र जगदीश कन्नौज में पंचायत मित्र के पद पर तैनात हैं।वह बाइक से मोहम्मदाबाद क्षेत्र में आए हुए थे। वापस जाते समय थाना जहानगंज क्षेत्र में बहोरीकपुर तिराहा के पास टैंकर ने जगविजय उर्फ रिंकू की बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार जगविजय उर्फ रिंकू गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां से गुजर रहे आदित्य यादव और अतुल यादव ने पुलिस की मदद से जगविजय उर्फ रिंकू को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया।

जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अभिषेक चतुर्वेदी ने पंचायत मित्र जगविजय उर्फ रिंकू को मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवा कर पुलिस सूचना भेज दी है। वहीं सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक पंचायत मित्र की पत्नी करिश्मा मां सुदामा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। जगविजय उर्फ रिंकू पांच बहनों में से इकलौता भाई था।

## जेठानी की बहू से विवाद होने के बाद चचिया सास ने खाया जहरीला पदार्थ

**फर्रुखाबाद** । शहर कोतवाली क्षेत्र में चचिया सास और बहू में गेट में ताला डालने को लेकर विवाद होगया। गुस्साई चचिया सास ने जहर गटक लिया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली के मोहल्ला अंगूरीबाग निवासी 55 वर्षीय प्रीति पत्नी नरेश जेठानी रानी की बहू सुधा से गेट में ताला डालने को लेकर विवाद हो गया। तभी गुस्से में आकर प्रीति ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर घर वालों ने प्रीति को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया । ड्यूटीपर तैनात डॉ भानु प्रताप सिंह ने बताया कि जहरीला पदार्थ खाई हुई महिला मामले पर पूरी घटना की जानकारी प्रीति की बेटी सोनी ने दी है।

## सार-संक्षेप


सदस्यता ग्रहण करते विमलेश मिश्रा। अमृत विचार

### हिंदू महासभा छोड़ विमलेश बने रालोद के जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद** । हिंदू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा राष्ट्रीय लोक दल में शामिल होगये। उन्होंने लखनऊ प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय लोकदल की सक्रियत सदस्यता ग्रहण कर ली है। राष्ट्रीय लोकदल से विमलेश मिश्रा को पार्टी का फर्रुखाबाद जिलाध्यक्ष घोषित किया है। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय और प्रदेश महासचिव राजीव रंजन की मौजूदगी में पार्टी ज्वाइन की है। उन्होंने कहा किराज्य सभा सांसद जयंत चौधरी के विचारों से प्रेरित होकर किसानों के संघर्ष हेतु पार्टी ज्वाइन की है। पिछले दस वर्षों में जिले में हिंदुत्व का झंडा हमेशा बुलंद किया। उसी प्रकार से पार्टी के माध्यम से लोगों की सेवा की जायेगी।


निगरानी करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### ईवीएम की रखवाली में लगे सपा कार्यकर्ता

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरी गेट क्षेत्र में सातनपुर मंडी स्थित लोकसभा चुनाव में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीन रखी हुई है। भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत और समाजवादी पार्टी प्रत्याशी डॉ नवल किशोर शाक्य 8 प्रत्याशियों के किस्मत ईवीएम मशीन में कैद है। 4 जून 2024 को मतगणना होगी। कोई गड़बड़ी न हो इसलिए ईवीएम मशीन की रखवाली के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं ।सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एमपी सिंह शाक्य, विमलेश यादव, केशव पाल और राहुल शाक्य को लगाया गया है।

### भाकियू ने की किसानों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग

**शमसाबाद फर्रुखाबाद** । भारतीय किसान यूनियन कार्यालय पर बुधवार को आयोजित बैठक में किसानों को 14 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग की गई। जिलाध्यक्ष राम बहादुर राजपूत के नेतृत्व में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को पर्याप्त बिजली आपूर्ति की जाए। कम से कम 14 घंटे तो बिजली मिले। आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला में भिजवाएं। नहरों व माइनरों में पानी छुड़ाया जाए। पदाधिकारियों ने छह सूत्रीय ज्ञापन थानाध्यक्ष बलराज भाटी को देते हुए किसान दीपक गंगवार पर लगाए गए मुकदमे को हटाए जाने की मांग की। जिला महासचिव संजय गंगवार, राम मोहन दीक्षित, सलमान अहमद, नन्हेंलाल राजपूत व ऊरूज खां आदि मौजूद रहे।

### दो लोगों ने पीया जहर, दोनों की हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग स्थानों पर नगर से सटे गांव प्रेमनगर निवासी प्रेमपाल की 19 वर्षीय पुत्री मूर्ति व कम्पिल क्षेत्र के गांव हकीकतपुर निवासी विकास (26) ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत मे दोनों के परिजन अस्पताल लाये जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## प्रभारी डीआईजी जेल ने वार्डन के स्वजनों से ली जानकारी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- वार्डन की मौत के मामले में जांच करने आए थे जिला जेल

**अमृत विचार।** जिला जेल के वार्डन की मौत के मामले में गुरुवार को प्रभारी डीआईजी जेल ने आकर मामले की छानबीन की। उन्होंने मृत वार्डन के स्वजनों से मामले के बारे में विस्तार से जानकारी की। साथ ही अन्य वार्डनों के भी बयान लिए।

बुधवार शाम जिला जेल में तैनात वार्डन जगदीश प्रसाद की लोहिया अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उसकी मौत के बाद जेल के अन्य वार्डनों में रोष है। जेल वार्डन पवन कुमार और जितेंद्र ने आरोप लगाया था कि जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद वार्डनों को छुट्टी नहीं देते हैं। छुट्टी मांगो तो अभद्र व्यवहार करते हैं। गुरुवार को पुलिस ने वार्डन जगदीश प्रसाद के शव का पोस्टमार्टम कराया। डॉ. शोभित शाक्य ने पोस्टमार्टम किया। हालांकि अभी रिपोर्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। प्रभारी डीआईजी जेल पीएन पांडेय मामले की जांच करने आए। उन्होंने मृत वार्डन की पत्नी व उनके बच्चों से जानकारी की। जिला जेल के अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने बताया कि किसी को भी अवकाश के लिए परेशान नहीं किया। उन पर लगाए गए आरोप निराधार हैं।

## लोहिया अस्पताल के इमरजेंसी गेट पर लगा बैरियर

**लागू किया आदेश**

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- तीमारदारों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा
- सीएमएस ने कहा- मरीजों के हित में लिया गया फैसला


लोहे की चैन का लगा बैरियर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल के अंदर घुस रही बाइको पर रोक लगाने के लिए सीएमएस ने इमरजेंसी गेट पर लोहे की चेन डलवा कर बैरियर लगवा दिया है। जिससे गंभीर मरीजों को लाने और ले जाने में तीमारदारों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। रोक के बाद भी मोटरसाइकिल लोग अंदर ले जा रहे है।

थाना कादरीगेट क्षेत्र लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी गेट से स्टाफ के स्टोर व मरीजों से मिलने आने वाले तीमारदार भी मोटरसाइकिल लेकर अंदर तक चले जाते हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए सीएमएस ने गुरुवार की सुबह इमरजेंसी के मुख्यगेट पर लोहे की चेन डलवा दी है। इमरजेंसी गेट पर 24 से गंभीर मरीजों का आना-जाना लगा रहता है। लिहाजा एंबुलेंसकर्मी और तीमारदार हड़बड़ी में मरीजों को जान बचाने की मंशा से लाते और ले जाते हैं। लोहे की चेन लगने के बाद अब मरीजों को एक साथ तेजी से अंदर नहीं ले जा सकते है। इसमें एक व्यक्ति लोहे चेन ऊपर करके निकल पाएगा। दिन भर मरीजों को लाने-ले जाने में तीमारदारों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सीएमएस डॉक्टर अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि लोहे चेन ढीली बांध रखी है। लोग बहुत आसानी से लोहे की चेन ऊपर करके निकल सकता है। वही उन्होंने ने बताया कि मरीजों और तीमारदार के हितों के लिए यह फैसला लिया गया है ।

**लोकसभा चुनाव-2024** फर्रुखाबाद सीट पर सांसद का ताज किसके सिर पर सजेगा, गली-चौराहे पर हो रही जोरदार चर्चा

# उम्मीदवारों के समर्थक जीत के लिए बता रहे तरह-तरह की गणित

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत।


सपा उम्मीदवार नवल किशोर शाक्य।


बसपा उम्मीदवार क्रांति पांडे।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद अब कौन बनेगा सांसद की चर्चा हर तरफ हो रही है। हर गली, नुक्कड़ और चौराहे पर लोग सांसद बनने की चर्चा कर रहे हैं। यहां 8 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। जिनमें मुख्य मुकाबला सपा भाजपा के बीच बनता नजर आ रहा है। भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत 2014 में हुए चुनाव से लगातार जीत रहे हैं। इस बार भी मुकेश राजपूत के चुनाव जीत जाने की चर्चा उनके समर्थक कर रहे हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्यपाल सिंह का कहना है कि हालात कुछ भी रहे हो लेकिन मतदाताओं ने अपना मत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी और प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर दिया है। भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत हैट्रिक लगाने जा रहे हैं। भाजपा नेता का मानना है कि पिछले चुनाव में मुकेश राजपूत ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मनोज अग्रवाल सपा और बसपा गठबंधन के प्रत्याशी को हराया था। इस बार भी मुकेश राजपूत विजय हासिल करने जा रहे हैं। पिछले चुनाव में उन्हें दो लाख मतों से विजय मिली थी लेकिन इस बार उनकी जीत कम मतों से हो सकती है।

इसी तरह से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ नवल किशोर शाक्य के समर्थकों का कहना है की मुकेश राजपूत ने अपने 10 साल के कार्यकाल में क्षेत्र में जाकर किसी भी मतदाता का दुख दर्द नहीं सुना। इस वजह से उनसे मतदाताओं की नाराजगी थी। मतदाताओं की नाराजगी का लाभ सपा उम्मीदवार नवल किशोर को मिला है। सपा के रामवीर सिंह और विजय यादव का कहना है कि इस बार चुनाव भाजपा को जीतना लोहे के चने चबाने के बराबर होगा। दूसरी जीत का कारण यह भी है कि बदलते चुनावी समीकरणों की वजह से मुस्लिम, शाक्य और यादव मतदाताओं का सपा के पक्ष में ध्रुवीकरण हो गया है। ध्रुवीकरण हो जाने से सपा उम्मीदवार नवल किशोर शाक्य भारी मतों से विजयी होंगे। हालांकि बसपा उम्मीदवार क्रांति पांडे का कहना है की मुकेश राजपूत से नाराज ब्राह्मण मतदाता का समर्थन उन्हें मिला है और सलमान खुर्शीद को टिकट न मिलने से नाराज मुस्लिम मतदाता भी बसपा की झोली में चला गया है।

इस वजह से वह लड़ाई में आ गए हैं । यह बात अलग है की मतदाताओं ने किसके पक्ष मेंजनादेश देकर संसद भेजने का फैसला किया है। इसका खुलासा तो मतगणना के बाद ही होगा, लेकिन भी अपनी जीत का डंका पीट रहे हैं। फिलहाल मत गणना होने के अभी कई दिन बाकी है । इससे पहले ही हर एक मतदाता चुनाव परिणाम जानने के लिए चर्चा करता नजर आ रहा है ।

कहीं-कहीं तो बहस के दौरान लोग हार जीत पर शर्त लगाते देखे जा रहे हैं। इसके अलावा भारतीय राष्ट्रीय मोर्चा से अमर सिंह ,शक्ति चेतना मोर्चा से दिनेश सिंह और भारतीय जवान किसानपार्टी से विद्या प्रकाश तथा भारतीय नागरिक पार्टी से श्याम सिंह और निर्दलीय से हरिनंदन सिंह चुनाव मैदान में थे । यह सभी उम्मीदवार भी अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे है। यह सब भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत से अपनी लड़ाई बता रहे है।

अष्टौ गुणा : पुरुषं दीपयन्ति प्रज्ञा च कौल्यं च दम : श्रुतं च।
पराक्रमश्चाबहुभाषिता च दानं यथाशक्ति कृतज्ञता च ॥

बुद्धि, उच्च कुल, इंद्रियों पर काबू, शास्त्रज्ञान, पराक्रम, कम बोलना, यथाशक्ति दान देना तथा कृतज्ञता- ये आठ गुण मनुष्य की ख्याति बढ़ाते हैं।

## संपादकीय

# पुतिन की चीन यात्रा

पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति बनने के बाद व्लादिमीर पुतिन की चीन यात्रा पर अमेरिका समेत पश्चिम देशों ने नजर जमा रखी है। यूक्रेन युद्ध में रूस के प्रति अपना समर्थन वापस लेने के लिए अमेरिका और यूरोपीय संघ की ओर से पड़ रहे दबाव के बीच चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके रूसी समकक्ष पुतिन ने गुरुवार को अपने रणनीतिक संबंधों के भविष्य पर बातचीत की। महत्वपूर्ण है कि बातचीत के बाद दोनों देशों ने एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया जिसमें वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाली कई अहम घोषणाएं की गईं। दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नाटो के रुख को विनाशकारी करार देने के साथ ही पूर्वोत्तर एशिया में शक्ति संतुलन को बदल कर अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की। पुतिन की ये यात्रा ऐसे समय पर हो रही है, जब यूक्रेन में रूसी सेना आगे बढ़ती जा रही और नाटो देश सीधे जंग की चेतावनी दे रहे हैं। रूस भी यूक्रेन में एक नए हमले की तैयारी कर रहा है। युद्ध के मैदान में रूस ने रफ्तार पकड़ ली है। पिछले सप्ताह उसने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर हमला करने के स्पष्ट प्रयास के तहत उत्तर-पूर्व में एक नया आक्रमण शुरू किया।

यूक्रेन अमेरिका से नए हथियार मिलने की उम्मीद कर रहा है, लेकिन यह साफ नहीं है कि यह सब रूसी हमले का सामना करने के लिहाज से पर्याप्त होगा या नहीं। पुतिन का तात्कालिक लक्ष्य इस युद्ध को जीतना है, लेकिन उनके पास जीत का कोई स्पष्ट रास्ता नहीं है। वास्तव में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के चलते भू-राजनीतिक रूप से दुनिया में उथल पुथल है और रूस, चीन के नजदीकी भागीदार के रूप में उभरा है। इसका असर यह हुआ है कि रूस के खिलाफ पश्चिमी गठबंधन और सख्त हो गया है तथा चीन को भी इसका कुछ खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उधर चीन भी यूरोप से संबंध सुधारने की मुहिम में जुट गया है। पश्चिमी प्रतिबंधों की वजह से रूस की अर्थव्यवस्था चीन पर निर्भर हो गई है। साथ ही पश्चिमी देश चीन पर आरोप लगा रहे हैं कि चीन युद्ध में इस्तेमाल होने वाला सामान भी रूस को भेज रहा है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पुतिन के साथ शिखर सम्मेलन में उम्मीद जताई कि यूरोप में जल्द ही शांति और स्थिरता लौटेगी और चीन रचनात्मक भूमिका निभाएगा। जानकारों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में चीन यूक्रेन और रूस के बीच शांति समझौते की पहल कर सकता है। क्योंकि युद्ध ने पश्चिम के साथ रूस के रिश्तों को स्थायी नुकसान पहुंचाया है और रूस को चीन के हाथों में धकेल दिया।

# लोकतंत्र के उत्सव में कहां है लोक और लोक चेतना



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> संविधान लोकतंत्र का शरीर है और आत्मा लोक चेतना है। संविधान बड़ी बात है, किंतु उससे भी बड़ी बात है-लोक चेतना। आत्मा के बिना जैसे शरीर निष्प्राण हो जाता है, व्यर्थ हो जाता है, वैसे ही लोक चेतना के बिना संविधान किताब ही है, जड़ वस्तु और उसकी राष्ट्र के जीवन में कोई सजीव भूमिका नहीं रहती, लालची लोग उसके हजार अर्थ कर देते हैं।

बड़े जोर-शोर के साथ लोकतंत्र के उत्सव की बात कही जा रही है। लोकसभा का चुनाव हो रहा है। कोई नेता संविधान की प्रति को लेकर चिंता जता रहा है तो किसी को हिंदू-मुस्लिम की चिंता है। किसी को अगड़ी-पिछड़ी जातियों की चिंता है। बाजार की शक्तियां हैं, वे चुनाव में पैसा बहा रही हैं। रैलियों और रोड शो में प्रायोजित भीड़ भी है, किंतु भीड़-भीड़ ही होती है, प्रायोजित भी, तदर्थ और तात्कालिक भी। सवाल यह है कि लोकतंत्र के उत्सव में लोक कहां है? लोक चेतना कहां है?

संविधान लोकतंत्र का शरीर है और आत्मा लोक चेतना है। संविधान बड़ी बात है, किंतु उससे भी बड़ी बात है-लोक चेतना। आत्मा के बिना जैसे शरीर निष्प्राण हो जाता है, व्यर्थ हो जाता है, वैसे ही लोक चेतना के बिना संविधान किताब ही है, जड़ वस्तु और उसकी राष्ट्र के जीवन में कोई सजीव भूमिका नहीं रहती, लालची लोग उसके हजार अर्थ कर देते हैं। लोक चेतना के अभाव में संवैधानिक संस्थाएं सजावट की वस्तु बन जाती हैं। जिन लोगों के लिए हम वोट देने को पवित्र कर्तव्य बतला रहे हैं, उनका चरित्र सचमुच क्या है? सच-सच बतलाना कि समष्टि जीवन में इन लोगों की भूमिका क्या रही है? क्या ये सचमुच जनता के हितों के प्रहरी बन सकते हैं? या लोकसभा का कोरम पूरा करना है? इसी को लोकतंत्र का उत्सव कहा जा रहा है? विभिन्न चैनल प्रत्येक चुनाव क्षेत्र में जातियों की वोट संख्या बतला रहे हैं। यह लोकतंत्र है या जातितंत्र?

लोक चेतना सामान्य जन की चेतना होती है। विशेष उसमें सम्मिलित होता है, क्योंकि अंततः तो विशेष भी सामान्य ही है। दूध विशेष है, किंतु उसका सामान्य तत्व जल है। विशेष की चेतना विशेष जन और स्थान तक सीमित होती है, कुछ खास-खास लोग या विशेष जन ही उसमें सम्मिलित होते हैं, उसका सरोकार भी सीमित होता है और उसका परिणाम भी सीमित होता, जबकि सर्वसाधारण की चेतना अगणित लोगों की चेतना होती है-कोटि-कोटि कंठ कल-कल निनाद कराले। लोक चेतना में बिना भेदभाव के विविध जाति, विविध वर्ग, विविध संप्रदाय, विविध स्तर सम्मिलित हो जाते हैं। विभिन्न प्रदेशों, जनपदों, जंगलों, पहाड़ों, नगरों, गांवों में यत्र-तत्र-सर्वत्र लोक चेतना का स्वर गूंज जाता है। लोक चेतना विभक्त चेतना नहीं होती, लोक चेतना अविभक्त चेतना होती है। विभक्त चेतना में जाति, वर्ग-वर्ण, मजहब-पंथ, क्षेत्रीयता आदि और पार्टियों के हित या स्वार्थ का आग्रह होता है। यदि विभक्त चेतना है तो वह जाति चेतना है, मजहबी चेतना है, पंथ चेतना है, वर्ग चेतना है, क्षेत्र चेतना है, संकीर्ण भाषा चेतना है, वह लोक चेतना नहीं है, वह राष्ट्र चेतना भी नहीं है। जाति, वर्ग, वर्ण, मजहब-पंथ, क्षेत्रीयता आदि की संकीर्ण चेतनाएं लोगों को बहुत जल्दी उत्तेजित करती हैं, किंतु वे लोक चेतना को खंडित करती हैं। राष्ट्रचेतना को विकृत करती हैं। सत्ता का सरोकार लोक मानस-लोक चेतना को विभक्त करता है। व्यक्ति चेतना में निजी लाभ की चेतना होती है, इसलिए उसमें भय और लालच होता है। राजस और तामस भाव होता है, जबकि लोक चेतना का भाव सात्विक होता है।

> लोक एकीकरण में जगता है। एक भरोसे की टेर से जगता है। एक आदमी के लिए दूसरा आदमी जान से प्यारा है। इसका मतलब लोक जग रहा है और सभी को अपनी अपनी पड़ी है, कोई किसी का नहीं है। सब सयाने हो गए हैं, इसका मतलब लोक सो गया है। विच्छिन्नता है तो लोक सोया हुआ है।

लोक चेतना का दूसरा महत्वपूर्ण लक्षण है। लोक चेतना सर्व चेतना होती है, सर्वजन-हित अथवा व्यापक सरोकार। व्यापक सरोकार के बिना समष्टि की कल्पना ही नहीं की जा सकती। लोक चेतना में मानुष भाव प्रतिष्ठित होता है। लोक चेतना में वैश्विक-दृष्टिकोण होता है। अभिनव जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा होती है। लोक चेतना में मनुष्य और मनुष्य के संबंध की भी चिंता होती है और मनुष्य तथा प्रकृति के संबंध की भी चिंता होती है। लोक चेतना समग्र चेतना है, वह सामाजिक चेतना भी है, आर्थिक चेतना भी है और सांस्कृतिक चेतना भी है। वास्तव में लोक जागरण या लोक चेतना एक युग से दूसरे युग में संक्रमण का कारण और परिणाम होती हैः युग परिवर्तन। जैसे-भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मध्यकालीन वैचारिक परिवेश से आधुनिक वैचारिक परिवेश में संक्रमण का आंदोलन था। लोक जागरण किसी युग सत्य के प्रयोजन से होता है। जब समूचा जमाना एक अवधारणा को जीवन के प्रयोजन के रूप में स्वीकार कर लेता है। वह उस समय का युग सत्य होता है, जो शब्द लोक जीवन में उतरकर व्यापक बन जाता है, तब उस शब्द का अर्थ भी उतना ही व्यापक बन जाता है जितने लोग अपने-अपने भाव से अपने-अपने परिवेश में उस शब्द को जितने अर्थों में ग्रहण करते हैं। वे सभी अर्थ उस शब्द में प्रतिष्ठित हो जाते हैं। वह अपने युग जीवन का केन्द्रीय सत्य होता है, युग सत्य।


विकास शब्द का कोलाहल है, किंतु विकास क्या है? सबका साथ, सबका विकास, सब का विश्वास और सबका प्रयास बिल्कुल सच बात है, किंतु यदि व्यवहार में सबका विकास, कुछ का विकास न बन जाए तभी यह एक सौ एक प्रतिशत सच है, लेकिन यदि उसमें से "सब" की जगह "कुछ" की प्रतिष्ठा हो जाए तो वह "विकास" केवल शब्द की चकाचौंध ही है। क्या उद्योगों का अव्यवस्थित जाल विकास है? क्या प्रकृति में हस्तक्षेप और छेड़छाड़ विकास है? क्या जंगलों का विध्वंस विकास है? क्या सड़क और रेल का विकास सामाजिकता का विकास है? पर्यावरण को जीवन के लिए समस्या बना देना विकास है? नदियों को विषाक्त बना देना विकास है? क्या सुरसा की तरह विषमता के प्रसार का नाम विकास है? लोगों का जीवन स्तर इतना गिर जाए कि उनको मुफ्त में पांच किलो या दस किलो अनाज की खैरियत या रहामत मिले, क्या इसका नाम विकास है? लोक चेतना को जगाए बिना विकास का अर्थ ही क्या है? लोक चेतना में अध्यात्म का सूत्र अंतर्निहित होता है। सच तो यह है कि लोक चेतना अध्यात्म है। सच यह है कि आस्था के बिना लोक चेतना जगती भी नहीं, सर्व के प्रति आस्था, समष्टि के प्रति आस्था, सामान्य के प्रति आस्था। मनुष्य और मनुष्य के बीच सघन संबंध और परस्पर भरोसा अध्यात्म की ही देन है। अध्यात्म का माने संकीर्ण नहीं हो सकता, खंडित अहम का नाम आत्म नहीं है। आत्म व्यापक है जिसमें सर्व समाया हुआ है जिसमें पूर्ण समाया हुआ है। उदाहरण के लिए आजादी की लोक चेतना सत्य के आग्रह के साथ जगी थी, सत्य के आग्रह से बड़ा कौन सा अध्यात्म हो सकता है? यही कारण है कि संविधान का सूत्र वाक्य बना-सत्यमेव जयते। सत्यमेव जयते अध्यात्म का ही सूत्र है। सच्चाई, ईमानदारी, सामाजिकता का भाव, श्रम, समानता, लोक कल्याण स्वतंत्रता आंदोलन के जीवन-मूल्य हैं। लोक चेतना का एक महत्वपूर्ण लक्षण और है-लोक जीवन की निरंतरता या परंपरा।

लोक मानस मिथकीय बिंब और मिथकीय भाषा में सोचता है। मिथक समष्टि को आंदोलित करता है, प्रेरित करता है, उत्तेजित करता है। लोकभावों का संचार करता है। भारत माता की जय। यह कोटि-कोटि जन की एकता का मंत्रघोष है। भारत माता की जय। यह सामूहिकता का भावसूत्र है। सामूहिक-स्वीकृति का कोई विकल्प नहीं होता। अन्याय-अत्याचार-विषमता के विरुद्ध बगावत का इतना प्राणवान स्वर दूसरा और कौन सा है? इस मंत्रघोष ने जनता को जगाया उसमें प्राणों का संचार किया। लोक चेतना दिखती नहीं है, किंतु बिजली के करंट की तरह काम करती है। लोक जागता भी है, किंतु हर समय जगा नहीं रहता। सोता है, तब सो भी जाता है।

लोक एकीकरण में जगता है। एक भरोसे की टेर से जगता है। एक आदमी के लिए दूसरा आदमी जान से प्यारा है। इसका मतलब लोक जग रहा है और सभी को अपनी अपनी पड़ी है, कोई किसी का नहीं है। सब सयाने हो गए हैं, इसका मतलब लोक सो गया है। विच्छिन्नता है तो लोक सोया हुआ है। इस समय लोक विच्छिन्न है, सोया हुआ है। संविधान लोकतंत्र का शरीर है और आत्मा लोक चेतना। लोक चेतना : जिसका न आयात हो सकता है और न निर्यात।

## प्रसंगवश

# आलोचना और विपक्ष की भूमिका



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

सरकार के अनुचित कदमों और कामों की जमकर आलोचना होनी चाहिए, लेकिन आलोचना उचित होनी चाहिए। अनुचित कदमों और कामों की अनुचित आलोचना या सरकार के खिलाफ अनुचित विरोध प्रदर्शन सेल्फ-डिफीटिंग होता है। खासकर तब जब सरकार में अपने अनुचित कदमों और कामों का औचित्य सिद्ध करने के लिए ऐसी आलोचनाओं की नियत और गुणावगुण को लेकर आलोचक की जमकर खिंचाई करने की प्रवृत्ति और क्षमता हो। साथ ही एक बड़ा वर्ग उसे मानने को तैयार बैठा हो। तब सरकार ऐसे आलोचकों की अविश्वसनियता का डंका पीट-पीट कर उन्हें अविश्वसनीय मनवा लेती है। ऐसे में सरकार की सही आलोचनाओं को भी अविश्वसनीय माना जाने लगता है और सरकार को ऐसी आलोचना से राजनीतिक हानि के बजाय राजनीतिक लाभ होने लगता है। मनुष्य का स्वभाव दूसरों से अपेक्षा का मानदंड बहुत ऊंचा रखता है। अपने लिए कोई मानदंड रखता ही नहीं, सहज प्रवृत्तिवश जो भी उससे हो जाए, वही उसके लिए मानदंड है। इसमें असहज होने की कोई बात नहीं, अमूमन लोग ऐसे ही पाए जाते हैं। फेसबुक ने इस बात को सूरज की रोशनी की तरह स्पष्ट कर दिया है। बड़बोले, बड़बड़िया और छद्म लोगों की बाढ़ लाने में इसने बड़ा योगदान दिया है। इसलिए कि ऐसे लोग अपने जीवन में क्या और कैसे करते हैं? इसे जानने का कोई सुराग नहीं होता। गरीबों, पीड़ितों, मजलूमों का मसीहा बनने में एक टका नहीं जाता, बस सुंदर भाषा आनी चाहिए। नफरत मनुष्य का सहज गुण है। किसी न किसी से नफरत पाले बिना जीवन निःसार लगता है।

नफरत प्रेम की तरह ही अंधी होती है। प्रेम की तरह ही नफरत की गिरफ्त में पड़े लोग उसके नाना रूपों को फैंटेसाइज करने की प्रवृत्ति रखते हैं। फिर इन्हीं फैंटेसीज को सत्य की तरह प्रस्तुत कर टारगेट के प्रति भड़ास निकालने का मौका खोजते रहते हैं। ऐसे में यदि नफरत का टारगेट मूढ़ता या उन्माद में उनकी मदद करने लगे तो समझ लीजिए, वह बिना समझे अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने में लग गया है।

# झूठे-भ्रामक विज्ञापनों की जालसाजी



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

> भ्रामक विज्ञापनों को लेकर दर्शक रिपोर्ट भी करते हैं, लेकिन कोई एक्शन नहीं होता। ऐसे विज्ञापनों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध की सख्त दरकार है।

देशभर में झूठे, भ्रामक, फरेब, जालसाज जैसे विज्ञापनों का मामला गर्माया हुआ है। चाहे टीवी हो, अखबार हो या सोशल मीडिया हर जगहे झूठे एड भरे हैं। झूठे विज्ञापनों पर रोकथाम के लिए तमाम सख्त नियम मौजूद हैं। कानून भी हल्के नहीं, कठोर हैं, लेकिन सभी हाथी के सफेद दांत जैसे निष्क्रिय ही हैं? निष्क्रिय क्यों हैं या किए हुए हैं! इस गणित को भी आसानी से समझ सकते हैं।

दरअसल 'झूठा विज्ञापन तंत्र' कइयों की जेबें भर रहा है। एक पूरी चेन है इस खेल में? विज्ञापन कंपनियां से लेकर नामचीन हस्तियां, आर्टिस्ट व सरकारों का सीधा वास्ता है, सभी मिलकर मोटा माल काट रहे हैं। ताज्जुब होता है कि ऐसी फिल्मी हस्तियां जो शराब नहीं पीती, लेकिन दारू का विज्ञापन करती हैं। ऐसे क्रिकेटर जो गुटखा-खैनी को हाथ तक नहीं लगाते? पर पैसों की चाह में उसका एड करते हैं। ऐसे भ्रामक विज्ञापनों पर प्रतिबंध और हस्तियों पर जुर्माने का दिखावा-डर कैसे दिखाया जाता है जिसका ताजा उदाहरण सामने हैं।

आज से पांच वर्ष पहले, जब उपभोक्ता संरक्षण कानून-1986 को रिफार्म करके केंद्र सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों में नए कानून उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 के रूप में इस नियत से पारित किया था कि अब झूठे विज्ञापनों पर पूर्ण विराम लगेगा, लेकिन दुर्भाग्य वैसा हो न सका। तब नियम तो ऐसे बनाए गए थे कि किसी ब्रांड का अगर कोई नामचीन व्यक्ति झूठा एड करेगा, उस पर 10 लाख रुपये का जुर्माना या पांच वर्ष तक की जेल भी हो सकती है। वो बदला हुआ कानून भी कराह रहा है। मौजूदा समय में टीवी के पर्दे झूठे विज्ञापनों से भरे पड़े हैं। सवाल उठता है, क्या उन्हें सरकार की निगरानी समिति नहीं देखती? जरूर देखती है, लेकिन देखकर अपनी आंखें मूंद लेती हैं। बीते कुछ महीनों में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की विज्ञापन निगरानी समिति ने खाद्य व्यवसाय ऑपरेटरों के जरिए भ्रामक दावों वाले करीब तीन दर्जन केसों की पहचान की और ये सिलसिला रूका नहीं, बल्कि तेजी से आगे बढ़ रहा है। समिति केंद्र सरकार को अप्रोच करती है कि रोकथाम लगाए, लेकिन उनकी भी कोई नहीं सुनता? झूठे विज्ञापन के लिहाज से हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने अब तक का सबसे बड़ा मामला एक्सपोज किया।

भ्रामक विज्ञापन प्रसारित करने पर बाबा रामदेव द्वारा संचालित कंपनी 'पतंजलि आयुर्वेद' को तगड़ी फटकार लगाई, उनकी मार्केटिंग गतिविधियों पर प्रतिबंध भी लगाया। सरकार को कमर कसना होगा, वरना चीजें और बिगड़ेगी। बाएं हाथ का खेल है हुकूमतों का? हर्जाना और सजा दोनों बिना देर किए एक्टिव की जाएं। हालांकि कंपनियां और हुकूमतें भी अच्छे से जानती हैं कि ये धंधा गंदा हैं, जनता परेशान है, पर क्या करें, अंधी कमाई के सामने वो भी नतमस्तक हैं। पतंजलि केस को सुप्रीम कोर्ट में 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' ने दायर किया था। उनका आरोप है कि पतंजलि ने एलोपैथिक चिकित्सा को बदनाम किया है। कोविड-19 के दौरान टीकों के बारे में गलत जानकारी देश में फैलाई। यद्यपि इस मामले में चारों तरफ से जब बाबा रामदेव फंसे तो उन्होंने सार्वजनिक रूप से मांफी भी मांगी, पर कायदे से देखें तो उनकी माफी इस बात पर मुहर लगाती है कि उनकी मंशा झूठे दावों की आड़ में क्या करने की रही होगी? पंतजलि का मामला इसलिए उजागर हुआ, क्योंकि उसे 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' ने कोर्ट में खदेड़ा था। वरना शिकायतें और भी बहुतेरे पीड़ित करते हैं जिनकी सुनवाई कोई करना मुनासिब नहीं समझता? एक बात पल्ले नहीं पड़ती कि पढ़ा-लिखा और जागरूक समाज भी भ्रामक विज्ञापनों के चंगुल में फंस रहा है। ये सोची समझी साजिश ही है।

बहरहाल झूठे और भ्रामक विज्ञापनों पर जैसे ही हमले होने शुरू हुए, उन्होंने अपना रास्ता बदल लिया है। सोशल मीडिया की घेराबंदी कर ली। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर भद्दे, अश्लील और अशोभनीय विज्ञापनों की मौजूदा समय में भरमार है। लिंग वृद्धि, स्टेमिना बढ़ाना, मर्दाना जोश बढ़ाना, लंबाई-ऊंचाई में वृद्धि करने जैसे तमाम असभ्य विज्ञापन इस वक्त दिखाई पड़ते हैं। इन पर प्रतिबंध लगाना केंद्र सरकार के लिए कोई बड़ी बात नहीं? भ्रामक विज्ञापनों को लेकर दर्शक रिपोर्ट भी करते हैं, लेकिन कोई एक्शन नहीं होता। ऐसे विज्ञापनों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध की सख्त दरकार है। अगर दिक्कत है तो इस आफत को भी 'एआई' तकनीक से काबू करना चाहिए।

## सोशल फोरम

# शुभ मुहूर्त...



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

कभी कभी फिल्मों में एक दृश्य आपने देखा होगा। पति बाथरूम में नहा रहा है और अंदर से ही आवाज लगा पत्नी को तौलिया देने को कहता है। फिर पति तौलिया देने आई पत्नी का हाथ पकड़ उसे बाथरूम में खींच लेता है। अब आगे मत पूछिए नव दंपतियों के शुरुआती दांपत्य जीवन के ऐसे बहुत से किस्से होते हैं, जहां जवानी के आवेगों के बस में कपल ऐसी हरकतें करते हैं।

ऐसा कमोबेश सभी के जीवन में घटा होगा। इससे कम ही लोग इंकार कर पाएंगे। अब सवाल है कि क्या इन हरकतों से पहले किसी ने भी घड़ी देखी, शुभ-अशुभ पर विचार किया। मुझे नहीं लगता कि ऐसा करना या सोचना भी किसी को याद रहा होगा। ऐसा क्यों है कि प्रकृति की सबसे खूबसूरत नेमत के वक्त हमें वक्त, शुभ-अशुभ का ध्यान नहीं रहता, लेकिन बाकी जिंदगी में हम शुभ अशुभ वक्त के चक्कर में पड़े रहते हैं। व्रत-रोजा अच्छी बात है, लेकिन सहरी और इफ्तार का वक्त मुकर्रर होने की वजह मुझे समझ नहीं आती। इसका रोजे से मिलने वाले सवाब से क्या संबंध है? इसका खुलासा कोई विद्वान मित्र करें। ऐसा ही कुछ बहुसंख्यकों के धर्म में व्रत-उपवास और किसी खास शुभ घड़ी में ही पूजा-पाठ त्योहार मनाना बताया गया है। यहां तो शादी-ब्याह भी कुंडली और शुभ लग्न देखकर ही तय किए जाते हैं। अब इसमें एक बड़ी रोचक बात पता लगी कि पंचांगों में ग्रहों की जिन स्थितियों के आधार पर गणना कर मुहूर्त निकाला जाता है। दरअसल ग्रहों की वास्तविक स्थिति उससे अलग होती है। इसमें लगभग पांच दिन का अंतर होता है।

पंचांगों के अनुसार सूर्य मकर में 15 जनवरी को प्रवेश करता है, जबकि वास्तव में ये 19/20 जनवरी को होगा। अब सवाल बड़ा सीधा है कि पंचांगों के अनुसार दिखाई गई गलत ग्रह स्थितियों के आधार पर सही मुहूर्त कैसे निकलेगा? क्या शुभ मुहूर्त एक विश्वास के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं जिसका हकीकत से कोई संबंध नहीं। आखिर बहुसंख्यक आबादी अगर इस पर विश्वास करती है तो इसकी वजह क्या है? और जो ये सब नहीं मानते उनका क्या बिगड़ गया और जो मानते हैं उनका क्या बन गया?

-फेसबुक वॉल से

# कर्तव्यों के पालन में जीवन की सार्थकता



हरिकांत त्रिपाठी
सेवानिवृत्त आईएएस

> मेरे रिटायरमेंट के बाद ऐसे अनेक अवसर मिले जब मुझे समाज के प्रति योगदान ने अपनी सार्थकता की प्रतीति कराई। मेरा मानना है कि कोई इंसान रिटायर्ड हो जाने से अगले ही दिन फ्यूज बल्ब नहीं हो जाता।

सोशल साइट पर एक पोस्ट पढ़ रहा था कि एक रिटायर्ड आईएएस सज्जन अपने गृहनगर, जो अपेक्षाकृत छोटा शहर था, में सपरिवार किसी मजबूरी में रहने चले गए। अमूमन वे पार्क में घूमते वक्त लोगों से मिक्सअप नहीं होते थे, केवल एक-दूसरे बुजुर्ग सज्जन से कभी कभार बातें करते थे तो अक्सर अपने आईएएस होने की डींग हांकते और इस शहर के छोटी जगह होने को लेकर अपनी हिकारत व्यक्त करते रहते थे। एक दिन उन बुजुर्ग सज्जन ने पूर्व आईएएस अधिकारी को समझाया- देखिए भाई, जो रिटायर्ड हो जाता है वो फ्यूज बल्ब हो जाता है।

फ्यूज होने के पहले वो किस कंपनी का था, क्या कीमत थी, कितनी रोशनी देता था, आदि महत्वहीन और मूल्यहीन हो जाते हैं। उन बुजुर्ग सज्जन ने आगे बताया कि वे कभी किसी को यह नहीं बताते कि वे दो बार सांसद रह चुके हैं, उन्होंने बहुत सारे अन्य वॉकर्स की ओर इशारा करके बताया कि वे सब रिटायरमेंट के पूर्व बड़े-बड़े महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत थे, पर अब सामान्य नागरिक बन चुके हैं और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। मुझे यह बेहद व्यावहारिक बात लगी कि रिटायरमेंट के बाद अपने पदीय रुतबे को पूरी तरह त्यागकर सामान्य नागरिक की तरह रहना चाहिए, पर यह रिटायरमेंट के बाद ही क्यों? इंसान को तो हमेशा अपने को आम आदमी महसूस करते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इसके बड़े फायदे हैं। मैंने अपनी सेवा के आखिरी नौ साल सचिवालय में बिताए और सेवानिवृत्ति के दिन मेरे सरकारी ड्राइवर ने मेरी पत्नी से कहा कि उसने अपनी लंबी सेवा अवधि में बहुत सारे अधिकारियों को सेवानिवृत्त होते देखी है, पर इतने सहज भाव में प्रसन्नता से सेवानिवृत्त होते किसी को नहीं देखा। मैं जब लंबी अवधि में सचिवालय के महत्वहीन पद पर कार्यरत था तो मेरे लिए सेवानिवृत्त होने पर किसी अतिरिक्त महत्वहीनता महसूस होने का अवसर ही नहीं था। मेरे तमाम साथी जिलाधिकारी, कमिश्नर और विभागाध्यक्षों के महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित कर रहे थे और निश्चय ही जब वे सेवानिवृत्त हुए होंगे तो उनमें से बहुतों को लगा होगा कि उन्हें आसमान से एकाएक धरती पर पटक दिया गया। मैं अब भी रोज सायं जब पैदल भ्रमण पर निकलता हूं तो पार्क के अतिरिक्त बाजार, सब्जी मंडी, फल की रेहड़ियों तक भी जरूर जाता हूं। तमाम सारे दुकानदार, रेहड़ी वाले, सब्जी मंडी के दुकान वाले न मेरा नाम जानते हैं और न मेरी पृष्ठभूमि, पर वे प्रायः मुझे देख कर खुश हो जाते हैं और उनमें से बहुत सारे बाबूजी नमस्ते भी बोलते हैं और मैं उनसे बहुत प्यार से भैया, बेटा कहकर बात करता हूं, दोनों पक्षों को अच्छा लगता है। फ्यूज बल्ब वाले उदाहरण से मैं सहमत नहीं हो पाता। फ्यूज बल्ब मतलब निष्प्रयोज्य जिसकी जगह कूड़ेदान में हो। क्या वाकई रिटायर्ड होते ही एकाएक कोई निष्प्रयोज्य हो जाता है? मैं अपने परिवार के लिए तो अब भी बहुत काम का हूं। अनेक विशेष कामों के अलावा रोजमर्रा की जिंदगी को चलाने के लिए भी मेरी परिवार में बड़ी उपयोगिता बनी हुई है। परिवार के अलावा मैं समाज के लिए भी अभी अपनी भूमिका को सार्थक पाता रहता हूं।

तीन चार दिन पहले मेरे एक मित्र घर आए और बोले कि उनकी बेटी को कनाडा की परमानेंट रेजिडेंटशिप लेनी है जिसमें बर्थ सर्टिफिकेट की आवश्यकता है। चुनाव की व्यस्तता के कारण काशीपुर (उत्तराखंड) के एसडीएम साहब के आदेश नहीं हो पा रहे हैं, लगता है मेरी बेटी का आवेदन बर्थ सर्टिफिकेट के अभाव में रिजेक्ट हो जाएगा। मैंने एसडीएम साहब को फोन कर उनकी समस्या बताई तो उन्होंने सहृदयतापूर्वक अगले दिन ही आदेश कर दिया। करीब ढाई महीने पहले मेरे बचपन के मित्र आचार्य जी को मेजर हार्ट अटैक पड़ा। वे सेवानिवृत्त शिक्षक हैं और फैजाबाद में रहते हैं। उनका जीवन बेहद सात्विक है और वे मजबूत शरीर के पूर्ण स्वस्थ व्यक्ति हैं। फैजाबाद में प्राथमिक चिकित्सा के बाद घर वाले उन्हें डिवाइन हार्ट हॉस्पिटल गोमती नगर ले आए जहां आधा तो वे मुझे देखकर ही स्वस्थ महसूस करने लगे। उनकी एंजियोग्राफी वगैरह कराकर एंजियोप्लास्टी करा दी गई और फैजाबाद अगले ही दिन वापस लौट गए। बीच- बीच में वे नियमित चेकअप के लिए आते रहे और अब लगभग ठीक हो चुके हैं।

अमेठी के तेईस वर्षीय युवा पांडेय जी को मैं फेसबुक पर जानता था। लगभग छह महीने पहले पता चला कि उनके हृदय का वाल्व एकदम खराब हो गया है, उसे रिप्लेस करवाना पड़ेगा जिसमें लगभग चार पांच लाख रुपए लगेंगे। पांडेय जी अद्भुत विद्वत्ता और प्रतिभा संपन्न हैं, पर निर्धनता इतनी है कि वे हताशा में डूब गए। उनका आयुष्मान कार्ड बनवाकर पीजीआई में उनका वाल्व बदलवा दिया गया और अब वे पूर्ण स्वस्थ हो गए हैं।

मेरे रिटायरमेंट के बाद ऐसे अनेक अवसर मिले जब मुझे समाज के प्रति योगदान ने अपनी सार्थकता की प्रतीति कराई। मेरा मानना है कि कोई इंसान रिटायर्ड हो जाने से अगले ही दिन फ्यूज बल्ब नहीं हो जाता। यह व्यक्ति की सोच पर निर्भर करता है कि वह एक सार्थक जीवन जीता है या फ्यूज बल्ब बनना चाहता है, इसका नौकरी में रहने या रिटायर होने से कोई लेना-देना नहीं है।

# बैंकों की प्रमुख जिम्मेदारी



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत के नवरत्न कहे जाने वाले उपक्रमों में से एक राष्ट्रीयकृत बैंकों के मार्च 2024 को खत्म हुए वित्त वर्ष के मुनाफे के आंकड़े जारी किए। इन 12 राष्ट्रीयकृत बैंकों ने एक बार फिर नए प्रतिमान स्थापित करते हुए 1.41 लाख करोड़ का शुद्ध मुनाफा दर्शाते हुए अपनी उपयोगिता सिद्ध कर दी है। यह ऐतिहासिक प्रदर्शन सार्वजनिक उपक्रमों पर जनता के भरोसे को भी दर्शाता है। इस मुनाफे में सबसे बड़ा हिस्सा सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक का ही है।

यह लाभ कुल 61077 करोड़ है, जबकि यूनियन बैंक ने रुपये 13649 करोड़, पंजाब नेशनल बैंक ने 8249 करोड़ रुपये और सेंट्रल बैंक ने कुल रुपये 2549 करोड़ लाभ अर्जित किया। इसके साथ ही भारतीय स्टेट बैंक ने इसी वित्तीय वर्ष में 300 नई बैंक शाखाएं और खोलने तथा 15000 नई नियुक्तियों का भी ऐलान किया है। यह अभूतपूर्व मुनाफा भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों, कुशल प्रबंधन और स्टाफ के भरपूर योगदान से ही मुमकिन हो सका है। इसका श्रेय खराब ऋण (एनपीए) की वसूली को भी दिया जाना चाहिए।

अब देखना होगा कि इस उल्लेखनीय मुनाफे के मद्देनजर स्टेट बैंक की तरह अन्य बैंक भी जो स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। क्या नई भर्ती की सौगात देंगे। क्योंकि विगत समय में बैंकों में स्टाफ की अत्यधिक कमी देखने को मिल रही है। 2014 में बैंकों का कुल स्टाफ 842813 था, जो मार्च 2023 तक घटकर 785892 रह गया है। अच्छे मुनाफे के साथ नए स्टाफ की भर्ती बैंकों की प्रमुख जिम्मेदारी होनी ही चाहिए।

# भीषण गर्मी से हाहाकार, 44 डिग्री पहुंचा पारा

## सुबह 10 बजे सड़कों पर पसर जाता है सन्नाटा, सूरज ढलने के बाद भी लोगों को हलकान करती रहीं गर्म हवाएं

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और सूरज की तपिश ने जनजवीन अस्त-व्यस्त कर दिया है। कस्बा बकेवर, लखना व आसपास के ग्रमीण क्षेत्रों में हालात यह हैं कि लोग जरूरी कामों को निपटाने के लिए भी घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। दो जून की रोटी कमाने के लिए श्रमिकों को गर्मी के बीच काम करना मजबूरी है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री तो न्यूनतम 26 डिग्री दर्ज किया गया।

मई माह के दूसरे पखवारे में गर्मी अपना विकराल रूप धारण किए हुए है। दिनों दिन अधिकतम तापमान में वृद्धि होती जा रही है। बीते दिनों अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक पहुंच चुका है। गुरुवार को सुबह के 10 बजे ही भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में कर्फ्यू जैसा नजारा देखने को मिला। सूरज ढलने के बाद भी गर्म हवाओं का असर लोगों को सताता रहा।

**गरीबों की मुश्किलें बढ़ीं :** गर्मी के चलते खुले आसमान के नीचे गुजर-बसर कर रहे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं। गर्मी से परेशान ये लोग पेड़ों के सहारे ही दिन काट रहे हैं। बाजारों में सन्नाटे के चलते कारोबारी भी आराम को तवज्जो देने लगे हैं। बाजारों में गर्मी से राहत पहुंचाने वाले गन्ना का जूस, तरबूज एवं खरबूजा की बिक्री तेजी पर है।



दोपहर में तेज धूप में सड़क पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

### फाल्ट से बिजली गुल, गर्मी में परेशान रहे लोग

भीषण गर्मी के इस दौर में बार-बार हो रहे फाल्ट से बिजली गुल हो रही है। इसके चलते लोग परेशान हैं। गुरुवार को भी दोपहर इंजीनियरिंग कॉलेज फीडर में तकनीकी खराबी और केबल में फाल्ट होने के कारण बिजली गुल हो गई। इसी तरह शास्त्री चौराहे पर भी ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण बिजली गुल हो गई। इससे इन क्षेत्रों के लोग परेशान रहे। दोपहर के समय इंजीनियरिंग कॉलेज फीडर पर बिजली गुल हो गई। इसकी सूचना मिलने पर बिजली विभाग ने तत्काल मरम्मत का काम शुरू कराया। इसके बाद भी करीब तीन घंटे तक इस क्षेत्र की बिजली गुल रही। मरम्मत के बाद बिजली सप्लाई बहाल हो सकी। यही स्थिति शास्त्री चौराहे पर हुई। वहां भी ट्रांसफार्मर में खराबी आ जाने के कारण करीब तीन घंटे तक दोपहर के समय बिजली गुल रही। इससे इस इलाके के लोग परेशान रहे। गर्मी के दिनों में ओवरलोडिंग बड़ी समस्या है। ओवरलोडिंग के कारण फाल्ट होते हैं और बिजली चली जाती है। इसकी सूचना पर विभाग की ओर से मरम्मत का काम शुरु कराया जाता है लेकिन कितनी भी जल्दी मरम्मत हो दो तीन घंटे तो बिजली गुल हो ही जाती है।

# जिला अस्पताल में पहुंच रहे डायरिया के मरीज

**इटावा।** गर्मी के मौसम में इस बार लोगों को डायरिया खूब रुला रहा है। जिला अस्पताल के अलावा प्राइवेट अस्पतालों में भी डायरिया के मरीजों की भरमार है। जिला अस्पताल में सबसे ज्यादा डायरिया के मरीज पहुंच रहे हैं। गुरुवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में 1265 मरीज पहुंचे। इनमें 250 से अधिक मरीज डायरिया के जबकि 150 मरीज त्वचारोग थे। इसके अलावा खांसी, जुकाम व पेट दर्द उल्टी व सांस के मरीजों की संख्या भी अधिक रही। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इस मौसम में बीमार पड़ रहे हैं। ऐसे में डाक्टरों के द्वारा मरीजों को इलाज के साथ इस भीषण गर्मी से बचने की सलाह भी दी जा रही है ।

जिला अस्पताल में इस समय सबसे अधिक भीड़ जनरल फिजिशियन बाल रोग विशेषज्ञ चेस्ट फिजिशियन व ईएनटी सर्जन के पास हो रही है। ओपीडी में जनरल फिजीशियन के पास 440, बालरोग विशेषज्ञ के पास 110, चेस्ट फिजीशियन के पास 115 जबकि नेत्र रोग विशेषज्ञ के पास 125, ईएनटी सर्जन के पास के 105 मरीज इलाज के लिए पहुंचे। इसके अलावा हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जनरल सर्जन के पास भी मरीजों की भीड़ लगी रही।

### सिर ढंककर निकलें

**इटावा ।** बालरोग विशेषज्ञ डॉ विपिन कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में लोगों को छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है जरूरत पड़ने पर ही बच्चों को पूरी तरह से ढककर ही बाहर निकालें ।

# बैंक के सेवानिवृत कैशियर की दुर्घटना में मौत

**सैफई, इटावा।** बैदपुरा थाना क्षेत्र में सैफई-इटावा रोड पर कांटीहार पेट्रोल पंप के पास गुरुवार सुबह स्कूटी से जा रहे भूमि विकास बैंक के सेवानिवृत कैशियर अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गए। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मैनपुरी जिले के करहल थाना क्षेत्र के गांव गढ़िया निवासी शांति स्वरूप यादव (60) इटावा के विजय नगर चौराहे के पास मकान बनाकर परिवार के साथ रहते थे। गुरुवार सुबह स्कूटी पर सवार होकर करहल किसी काम से जा रहे थे। सैफई-इटावा रोड पर कांटिहार पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।




पुलिस ने उन्हें उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने मृतक घोषित कर दिया। थाना पुलिस नें शव का पोस्टमार्टम कराया।

# छात्रा का फोटो वायरल करने की धमकी देकर ऐंठे 50 हजार

संवाददाता बकेवर, इटावा

- दो भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, पुलिस कर रही तलाश

**अमृत विचार।** भरथना क्षेत्र के दो भाइयों ने बकेवर थाना क्षेत्र में स्कूल जा रही छात्रा की फोटो खींचकर वायरल करने की धमकी देकर 50 हजार रुपये ले लिए। दोबारा से रुपये मांगने पर छात्रा के पिता ने पुलिस से शिकायत की। दोनों भाइयों ने शिकायत वापस लेने को भी धमकाया। युवती के पिता की तहरीर के अनुरूप पुलिस ने दोनों भाइयों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया।

बकेवर थाना क्षेत्र की बराउख चौकी क्षेत्र में भरथना थाना क्षेत्र में गांव राऊरहारा के दो भाइयों आकाश और विकास की ननिहाल है। पिछले महीने दोनों भाई अपनी ननिहाल में आए तो एक छात्रा को स्कूल जाते समय बीहड़ में जबरन रोककर उसकी फोटो खींच ली। उसे फोटो दिखाकर फेसबुक पर वायरल करने की धमकी देकर लड़की से 50 हजार रुपये की मांग की। न देने पर फोटो वायरल करने की धमकी दी। फोटो वायरल करने के डर से किसी तरह लड़की ने अपने घर से चुपचाप 50 हजार रुपये लाकर दे दिए। कुछ दिन बाद दोनों भाई फिर से रुपये मांगे। इस पर छात्रा ने अपने पिता से घटना के बारे में बताया। पिता ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने उन दोनों युवकों को तलाशा। दोनों भाइयों ने 25 अप्रैल को युवती के पिता को शिकायत वापस लेने की धमकी दी। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

# ससुरालियों ने महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिश्नामई में ससुरालीजनों ने एक महिला के साथ मारपीट की। गांव के लोगों की सूचना पर मायके वाले मौके पर पहुंचे और महिला को साथ ले गए। ग्राम पृथ्वीरामपुर निवासी सर्वेश कुमार ने बताया कि उसकी बहन नेहा कुमारी की शादी ग्राम बिश्नामई बकेवर में हुई है। नेहा को गत 13 मई को उसके पति जितेंद्र कुमार पुत्र राम कुमार व ससुर रामकुमार पुत्र रघुवीर व देवर प्रतिओम व अमित कुमार ने एक राय होकर रात्रि 9 बजे बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने मारपीट की सूचना उसे दी। इसके बाद मायके वाले विवाहिता को घर ले आए और इलाज कराया। इसके बाद तहरीर देकर थाना बकेवर में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की जांच थाना पुलिस द्वारा की जा रही है।

# गौमाता की सेवा से सभी देवी देवता होते हैं प्रसन्न : डॉ. धर्मेंद्र

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स में रोटी बैंक योजना का शुभारंभ सिद्ध गुफा जीव रक्षा गौशाला के महंत शंभूनाथ जी महाराज, नारायन ग्रुप के चेयरमैन हरि किशोर तिवारी एवं प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेंद्र शर्मा ने किया।

छात्र-छात्राओं ने अपने टिफिन बाक्स की पहली रोटी गाय माता के लिए दान की। तत्पश्चात अतिथियों ने भी गाय को अपने हाथों से रोटी खिलाई। प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि रोटी बैंक का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में भारतीय संस्कृति तथा हिंदू दर्शन के मूल्यों को निहित करना है। हिंदू धर्म में गाय को देव तुल्य माना जाता है। गौशाला के महंत शंभूनाथ महाराज ने नारायन कॉलेज की इस पहल की सराहना की। कहा कि शास्त्रों में पशु-पक्षियों को अन्न खिलाने का विशेष महत्व माना गया है। गौमाता में लक्ष्मी जी का वास भी माना जाता है। अतः हम सबको अपने भोजन से पहली रोटी गाय को दान करनी चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल कोर्डिनेटर उरूसा रिज़वान, संदीप यादव तथा समस्त अध्यापक-अध्यापिकाओं का योगदान रहा।



पहली रोटी गाय को अभियान की शुरुआत करते नारायन कॉलेज के छात्र।

- नारायन कॉलेज में पहली रोटी गाय को अभियान की शुरुआत

# मतिरामपुर में जलभराव से परेशानी

संवाददाता महेवा, इटावा

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत शेरपुर के मजरा मतिरामपुर में जलभराव होने के चलते गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। गंदगी युक्त पानी सड़कों पर फैला हुआ है। इससे लोग हलकान हैं।

1500 की आबादी वाले गांव में सड़के एवं गलियां ठीक न होने से पैदल चलना भी दूभर है। नालियां न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है । संतोष कुशवाहा के मंदिर से राजेश कठेरिया के घर तक मुख्य गली में जल भराव के चलते बीमारियों ने पांव पसारना शुरू कर दिया है।

गांव की मुख्य सड़क गंदे पानी के भारी रहने से लोगों को आवागमन दिक्कत होती है। सफाई कर्मी सफाई करने नहीं आता। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। दुर्गंध आने से गांव में संक्रामक बीमारियां फैलने की संभावना बनी रहती है। ए डी ओ पंचायत इंद्रपाल भदौरिया ने बताया कि जलभराव की सूचना प्राप्त हुई है। रोस्टर के हिसाब से सफाई करवाई जाएगी । जल निकासी का भी प्रबंध किया जाएगा।



मतिरामपुरा की एक गली में भरा गंदा पानी। अमृत विचार

# भूसा से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी

**इकदिल।** थाना क्षेत्र में गांव कांकरपुर रोड पर एचपी गैस प्लांट के पास चढ़ाई से उतरते समय गुरुवार दोपहर भूसा से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। दोपहर में ट्रैक्टर- ट्रॉली पर भूसा लादकर चालक नेशनल हाईवे सर्विस रोड से आते हुए उपरोक्त मार्ग पर एक ईंट-भट्ठा पर जा रहा था। ट्रैक्टर-ट्रॉली पर ड्राइवर सहित चार मजदूर बैठे थे। इस दौरान मार्ग पर चढ़ाई होने के कारण उतरते समय मुड़ने के दौरान अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क पर पलट गई।

# आवास पर पहुंचकर जाना भाजपा नेता का हालचाल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** बलरई थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में विगत 6 मई को मैनपुरी लोकसभा चुनाव के मतदान से एक दिन पहले भाजपा के क्षेत्रीय नेता पुष्पेन्द्र सिंह धाकरे को उन्हीं के गांव के असमाजिक तत्वों ने जान से मारने की नियत से एक राय होकर हमला कर दिया। जिसमें पुष्पेन्द्र के सिर में सात टांके आए। आगरा भर्ती रहना पड़ा। उनके भाई और भतीजे के भी चोटें आयीं।

क्षत्रिय स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष विकास सिंह भदौरिया ने पुष्पेन्द्र के आवास पर पहुंच कर उनका हाल चाल जाना। थानाध्यक्ष से भेंट कर कड़ी कानूनी कार्रवाई के लिए कहा। बताया जाता है कि इस सारी साज़िश का सूत्रधार सपा का एक क्षेत्रीय नेता हैं जिससे पूरे क्षेत्र की आम जनता परेशान हैं। वह अपने रसूख के बल पर लोगों की जमीनों पर डरा धमका कर कब्जे भी करता रहता है। ऐसे समाजद्रोही भू माफिया को जेल में होना चाहिए। क्षत्रिय स्वाभिमान मंच अपने पीड़ित भाई के साथ हर स्तर पर खड़ा रहेगा।

धर्म-अध्यात्म

श्रीमद्भागवत कथा में मित्रता का प्रसंग सुनकर श्रोता भावविभोर

# सुदामा का नाम सुनते ही द्वार की तरफ दौड़ पड़े प्रभु



कथा सुनाते अजय कुमार शास्त्री।

संवाददाता ताखा, इटावा

**अमृत विचार।** गांव गंगदासपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन गुरुवार को कथा वाचक अजय कुमार शास्त्री ने कृष्ण सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया। इसे सुन श्रोता भावविभोर हो गए।

शास्त्री ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह श्रीकृष्ण-सुदामा जी से समझ सकते हैं। सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र से श्रीकृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। सुदामा ने द्वारिकाधीश के महल का पता पूंछा और महल की ओर बढ़ने लगे। द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा-सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया और सुदामा को अपने महल में ले गए ओर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर कथा परीक्षत विद्यावती, जोर सिंह, यज्ञकर्ता गीता देवी, विनोद यादव समेत सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे।

### मां पीतांबरा के दरबार में सजा भव्य फूल बंगला, लगाया गया छप्पन भोग

**इटावा।** माता बगलामुखी का अवतरण दिवस गुरुवार को श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। यमुना नदी के किनारे मां पीतांबरा धाम मंदिर में भव्य फूल बंगला सजाकर माता का आकर्षक श्रृंगार कर छप्पन भोग भी लगाया गया। एक शाम मां पीतांबरा के नाम भजन संध्या में पुष्प वर्षा के बीच देर रात तक श्रद्धालु खूब झूमे। यमुना नदी के किनारे प्राचीन ग्यारह रुद्रेश्वर महादेव मंदिर परिसर में माता पीतांबराधाम मंदिर पर प्रत्येक शनिवार व मंगलवार को तमाम श्रद्धालु पहुंचते हैं। माता बगलामुखी का अवतरण दिवस के चलते काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर के पुजारी पंडित अजय दुबे व कार्तिकेय दुबे ने माता पीतांबरा का पूजन कर विशेष श्रंगार किया। इसके बाद फूल बंगला सजायाकर छप्पन भोग अर्पित किया। शाम 7 बजे 101 दीपों से माता की महाआरती की गई। रात आठ बजे से भजन संध्या एक शाम मां पीतांबरा के नाम आयोजित हुई। इसमें भजन गायक हित आशीष हित प्रदीप के ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। वहीं गायिका सुचि पांडेय ने भी कई भजन सुनाए। राकेश त्रिपाठी, गिरीश चंद्र मिश्रा, कन्हैया सैनी, राहुल सैनी, गौरव ठाकुर, हर्ष, यश और अभि ने अपना सहयोग प्रदान किया।



मां पीतांबरा के दरबार में भक्तों के द्वारा सजाए गए छप्पन भोग। अमृत विचार



भजन प्रस्तुत करते हित आशीष व हित प्रदीप। अमृत विचार

# भूमाफिया कर रहे कब्जा, नहीं सुन रही पुलिस

**इटावा।** भाजपा के मैनपुरी लोकसभा प्रत्याशी ठाकुर जयवीर सिंह के सैफई कार्यालय प्रभारी अवनीश जाटव ने सैफई पुलिस पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भूमाफिया उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। जब राजस्व के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा रुकवा दिया तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी है।

इस संबंध में नगला सुभान निवासी अवनीश जाटव ने बताया कि 13 मई को जब इटावा जिले में चुनाव हो रहा था तो इसी का फायदा उठाकर भूमाफियाओं ने उनके प्लॉट पर अवैध कब्जा करवा दिया। इसकी शिकायत थाना सैफई के सीयूजी नंबर पर करने के लिए कॉल की लेकिन उनका नंबर ब्लैकलिस्ट था। मामले में जब थानाध्यक्ष सैफई से बात की तो उन्होंने पुलिस पर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया।

## सार-संक्षेप



डॉ. आशीष दीक्षित को मनोनयन पत्र देते सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य।

### डॉ. आशीष बने चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**इटावा।** समाजवादी पार्टी ने शहर के होम्योपैथ डॉ. आशीष दीक्षित को तीसरी बार चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पार्टी के सिविल लाइन स्थित कार्यालय पर उन्हें मनोनयन पत्र प्रदान किया। अपेक्षा की है कि वे पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचा कर पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के साथ ही पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। पार्टी के महामंत्री वीरभान सिंह, उपाध्यक्ष आशीष राजपूत आदि नेता मौजूद रहे। उनके मनोनयन पर डॉ. संजीव यादव, डॉ. हिमांशु यादव, डॉ. देवेंद्र यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष उदयभान सिंह यादव और गोरखनाथ वर्मा ने बधाई दी है।

### आग से खेत में जमा भूसा जलकर राख

**भरथना, इटावा।** गेहूं की कटाई के बाद खेत पर जमा भूसे में आग लग गई। आग के विकराल रूप धारण करने से गांव में हाहाकार मच गया। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। आग से 15 हजार रुपये का भूसा जलकर राख हो गया। गुरुवार दोपहर साढ़े 12 बजे थाना क्षेत्र में गांव मुसीकापुरा में चारा के लिए एकत्र किए गए भूसा में अज्ञात कारण के चलते आग लग गई। तेज उठता धुंआ देख गांव वालों ने कृषक व फायर बिग्रेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत करके आग पर काबू पाया। तब तक किसान अवधेश कुमार का 15 हजार रुपये की कीमत का भूसा जलकर राख हो गया।

### थ्रेसर चोरी में दोषी को एक साल 11 माह की सजा

**इटावा।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय ने पांच साल पुराने थ्रेसर चोरी के एक मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को दोषी पाया। कोर्ट ने उसे एक साल 11 माह की सजा सुनाई। सहायक अभियोजन अधिकारी प्रभात कुमार ने बताया कि चकर नगर थाना क्षेत्र के गांव कंधेसी धार निवासी हीरा सिंह पुत्र केदार सिंह ने 14 फरवरी 2019 को थाने में तहरीर दी थी कि उसका थ्रेसर घर के बाहर खड़ा था तभी चोर उसे चुरा ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। छानबीन में लवेदी थाना क्षेत्र के गांव नवादा खुर्द गांव निवासी सचिन कुमार तिवारी उर्फ मोनू का नाम प्रकाश में आया। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने थ्रेसर को बरामद कर लिया। विवेचना के बाद पुलिस ने सिचन तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय की कोर्ट में हुई। सहायक अभियोजन अधिकारी के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने सचिन तिवारी को दोषी पाया और उसे सजा सुनाई।




कछुआ संरक्षण की जानकारी देते डॉ. राजीव चौहान। अमृत विचार

### कछुओं के शिकार से मानव जीवन पर संकट

**इटावा।** विकास खंड बढ़पुरा के नदी किनारे के गांव धूमनपुरा, मिहोलीपार तथा विकास खंड चकरनगर के ग्राम जौनानी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पर्यावरण संकट तथा नदी तंत्र की स्वच्छता एवं कछुआ संरक्षण की आवश्यकता पर विशेषज्ञ के साथ चर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वन्य जीव विशेषज्ञ डॉ. राजीव चौहान ने बच्चों के साथ परिचर्चा करते हुए कहा कि आधुनिकता की आंधी दौड़ में हम अपनी प्रकृति में जहर घोल रहे हैं। कछुआ जो की हमारे नदी तंत्र को साफ रखता है मानव के द्वारा आर्थिक फायदे के लिए मारा जा रहा है। जिससे हमारे नदी तंत्र और अंततः मानव जाति पर संकट है। कछुओं का अवैध शिकार पारिस्थितिकी तंत्र को हानि पहुंचा रहा है जिसे रोकना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में स्टेट रिसोर्स पर्सन राम जनम सिंह ने कहा कि आज कछुए दुनिया के सबसे लुप्तप्राय कशेरुक समूहों में से एक हैं। एक तरफ तो हम उन्हे धार्मिक महत्व देते हुए उन्हें भगवान विष्णु के दस अवतारों में से एक मानते हैं। वहीं अपने स्वार्थ के लिए उनका शिकार करते हैं। प्रकृति में प्रत्येक जीव की महत्ता है यदि हम इसे न समझे तो हमारा जीवन संकट में पड़ सकता है।



समर कैंप की शुरुआत करते विधायक राघवेंद्र गौतम। अमृत विचार

### बच्चों ने लिया तैराकी और निशानेबाजी का आनंद

**बकेवर, इटावा।** लार्ड मदर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय समर कैंप की शुरुअता सपा विधायक राघवेंद्र गौतम ने किया। बच्चों ने समर कैंप के पहले दिन का जमकर आंनद लिया । समर कैंप में किताबी ज्ञान से हटकर कई क्रिया कलाप कराए जाएंगे। जैसे घुड़सवारी, तैराकी, निशानेबाजी, मैजिकल साइंस, लोकनृत्य, संगीत, आर्ट अंड क्राफ्ट, पेंटिंग, कुम्भकारी, मार्शल आर्ट, स्पोकन इंग्लिश आदि। विद्यालय के प्रबंधक पप्पन जी ने विद्यालय के बच्चों को घुड़सवारी के गुर सिखाए। उप प्रबंधक डॉ. मोरिस एवं डायरेक्टर सोनिका छाबड़ा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र सिंह ने भी बच्चो को मैजिकल साइंस से रूबरू करवाया। सुरेंद्र, उपेंद्र सेंगर, शशांक उपस्थित रहे।

### ताइक्वांडो में अन्विका को मिला मेडल

**इटावा।** सरस्वती इंटर कालेज मोतीझील की कक्षा सात की छात्रा अन्विका ने स्पोर्ट्स प्रतियोगिता ताइक्वांडो में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य शोभाराम तिवारी छात्रा को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रचार प्रसार प्रमुख आचार्य शिवम ने जानकारी प्रदान की।



छात्रा अन्विका को मेडल पहनाते प्रधानाचार्य शोभाराम तिवारी।

### सरकारी बीज भंडारों पर धान और ढैंचा के बीज उपलब्ध

**इटावा।** जिले के सभी विकासखंडों में स्थापित राजकीय कृषि बीज भंडारों पर धान और ढैंचा के बीज उपलब्ध हैं। अन्य फसलों से संबंधित बीज भी एक सप्ताह में आने की संभावना है। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया है कि जिले के लिए 297 .80 क्विंटल धान का बीज उपलब्ध हो गया है। इसी तरह 150 क्विंटल ढैंचा का बीज भी उपलब्ध है। बीज वितरण पर 50 प्रतिशत का त्वरित अनुदान मिलेगा।

### शिविर में लोक अदालत के बारे में दी जानकारी

**बिधूना, औरैया।** गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधि. औरैया के अध्यक्ष जिला जज गिरीश कुमार वैश्य , प्राधिकरण की सचिव स्वाति चंद्रा के निर्देशन में ग्राम पंचायत बढ़िंन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जहां ग्रामीणों को वरिष्ठ पीएलवी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने वादों को मिल बैठकर निस्तारित किए जाने को कहा।

# झाड़ू गोदाम में आग लगने से 10 लाख का माल राख

## फायर ब्रिगेड के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझाई आग

संवाददाता फफूंद,औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में झाड़ू के गोदाम में आग लग गई। आग की लपटें देखकर तमाम ग्रामीण मौके पर आ गए जिन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से पीड़ित का लगभग दस लाख रुपये का नुकसान हो गया।

थाना क्षेत्र के गांव केशमपुर निवासी मिथलेश कुमार झाड़ू बनाने का काम करता है। वह कच्चा माल लाकर घर पर हाथों से झाड़ू बांधकर तैयार कर दुकानों पर सप्लाई करता है। वह एक घर में गोदाम बनाए हुए है जिसमे दो कमरों और आंगन में तैयार झाड़ू और उसका माल रखा हुआ था। गुरुवार की दोपहर को मिथलेश कुमार के घर में रखी झाड़ू व कच्चे माल में आग लग गई।आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। बीच गांव में घर होने से गांव में अफरातफरी मच गई, गांव के लोगों ने पुलिस एवं फायर ब्रिगेड को सूचना दी और अपने संसाधनों से आग बुझाना शुरू कर दिया मौके पर पुलिस ने भी आग बुझाने में ग्रामीणों का सहयोग किया लेकिन आग पर काबू न पा सके। फायर ब्रिगेड के आने से पहले ही सब कुछ जलकर राख हो गया था। कुछ अधजली झाड़ू बची थीं वह भी प्रयोग में लाने लायक नहीं थीं। ग्रामीणों की मदद से फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीडित मिथलेश कुमार ने बताया कि लगभग पचास हजार रुपये नकद सहित दस लाख का सामान जल कर राख हो गया है। सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल भूपेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंच कर मौका मुआयना किया तथा प्रशासनिक मदद दिलाने का भरोसा दिया।


आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

- लेखपाल ने घटनास्थल पर पहुंच कर किया निरीक्षण

## ट्रांसफार्मर की केबिल में लगी आग

**अछल्दा।** कस्बा के सराय बाजार में थाने के पास रखे ट्रांसफार्मर के केबिल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग इतनी तेज लगी कि ट्रांसफार्मर की अन्य केबिलों को भी आग की चपेट मे ले लिया। मोहल्ले के लोगों ने विद्युत कर्मचारियों को आग लगने की सूचना देकर विद्युत सप्लाई बंद कराई और जैसे तैसे आग बुझाई। सूचना पर पहुंचे विद्युत कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद केबिल को सही कर 40 मिनट बाद सप्लाई शुरू की। जेई प्रभु दयाल ने बताया केबिल में आग लगने की वजह से सप्लाई बंद हुई थी जिसे सही करा दिया गया है।

# शिक्षिकाओं ने लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

संवाददाता ककोर,औरैया

- एआरपी से पिछले चार साल से त्रस्त हैं महिला शिक्षिकाएं

**अमृत विचार।** सहार ब्लाक के एआरपी (हिंदी) अरुण कुमार के दुर्व्यवहार से तंग आकर शिक्षिकाओं ने गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिकायत किया है।

शिक्षिकाओं ने आरोप लगाया कि पिछले चार वर्षों से लगातार एआरपी द्वारा हम लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है और हमेशा तेज और ऊंची आवाज में अमर्यादित शब्द बोलते रहते हैं । यह सब जानबूझकर निरीक्षण के नाम पर विद्यालय में आकर सिर्फ कुछ कमियों को लेकर घंटों तक उल्टा सीधा बोलते हैं । समस्त प्रधानाध्यापकों की मीटिंग में प्राथमिक विद्यालय सहायल को सबसे घटिया विद्यालय बता कर अपमानित किया गया। जबकि मैं अखिलेश निषाद प्रधानाध्यापक अपने तन मन धन से पूरी तरह से विद्यालय के प्रति समर्पित हूं। हमारे समस्त अध्यापक बच्चों के साथ मेहनत कर रहे हैं। वहीं एआरपी अरुण कुमार द्वारा निरीक्षण के दौरान पोर्टल पर लगातार कमियों को दर्शाया जा रहा है। लॉक डाउन के समय भी हम लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया गया था। जो सरासर अमानवीय है, जिसके कारण हम सभी का मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है। अरुण कुमार का कक्षा शिक्षण में बच्चों के साथ हमेशा ही शून्य सहयोग रहता है। इनके दुर्व्यवहार से हम सभी शिक्षक महिलाएं बहुत आहत हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। इस मौके पर अखिलेश निषाद, पूजा, जयंती, सुनीता, मधु लता, श्याम रानी सभी मौजूद रही।

वहीं बीएसए अनिल कुमार से ने कहा कि अभी हम जिले से बाहर हैं वापस आने के बाद मामले की पूरी जानकारी करने के बाद दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई की जायेगी।

## एफएसएल ने की मनोज हत्याकांड की जांच

**अयाना,औरैया।** मनोज हत्याकांड में गुरुवार सुबह झांसी की एफएसएल टीम ने घटना स्थल की जांच के साथ हादसे व हत्या के कई बिंदुओं पर सीन क्रिएट कर जांच रिपोर्ट तैयार की।

गुरुवार सुबह झांसी से आई एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम ने सीओ अजीतमल राममोहन शर्मा, थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल, अपराध निरीक्षक गंगा सिंह के साथ अयाना- रहटौली स्थित घटना स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद थाना परिसर से एक बाइक लेकर घटनास्थल पर भूसा लदे ट्रैक्टर व खाली ट्रैक्टर से टक्कर लगने का सीन रिक्रिएट किया। इसके बाद हत्या के कई बिंदुओं पर भी जांच पड़ताल कर रिपोर्ट तैयार की। बता दें कि 21 अप्रैल की सुबह अयाना निवासी मनोज दोहरे का शव अयाना - रहटौली मार्ग पर गांव से 800 मीटर की दूरी पर बाइक समेत पड़ा मिला था। पत्नी प्रीति देवी ने शिवपूजन व उसके दो अज्ञात साथियों पर हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सीओ राममोहन शर्मा ने बताया कि जांच टीम द्वारा मिलने वाली रिपोर्ट के आधार पर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# ई-पॉश मशीन से मिलेगा निःशुल्क खाद्यान्न

संवाददाता ककोर, औरैया

- राशन कार्ड पर खाद्यान्न वितरण 29 तक,ओटीपी से भी होगा उठान
- कोटेदार के खिलाफ शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार।** जिले में राशन उपभोक्ताओं को मई माह का राशन का वितरण मंगलवार से शुरू हो गया है। जो 29 मई तक किया जाएगा। जिन उपभोक्ताओं के अंगूठा मैच नहीं करेंगे वह 29 तारीख को मोबाइल ओटीपी से खाद्यान्न ले सकेंगे। साथ ही उपभोक्ताओं को पोर्टेबिलिटी की सुविधा भी मिलेगी। डीएसओ देव मणि मिश्रा ने कोटेदारों को नोडल अधिकारियों की मौजूदगी में राशन वितरण के निर्देश दिए हैं।

अंत्योदय राशन कार्डधारकों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न मुहैया कराया जाएगा। इसमें प्रति कार्ड 14 किलो गेहूं एवं 21 किलो चावल शामिल हैं। इसके अलावा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट के हिसाब से दो किलो गेहूं व तीन में किलो चावल का वितरण निःशुल्क। दिया जाएगा। इसमें उपभोक्ताओं को पोर्टेबिलिटी की सुविधा मिलेगी और वह अपनी पसंद के किसी भी कोटेदार के यहां राशन ले सकते हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी कोटेदारों से कहा है कि वह निर्धारित तिथि के अंदर अपने राशन का उठान कर लें। इसके साथ ही राशन वितरण में पारदर्शिता बरतने के लिए नोडल अधिकारियों को भी नामित किया गया है, जिनकी देखरेख में राशन का वितरण किया जा रहा है। यदि किसी कोटेदार के खिलाफ शिकायत मिलती है तो उसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा

संवाददाता फफूंद,औरैया

**अमृत विचार।** ब्लाक भाग्यनगर की ग्राम पंचायत सल्हापुर में श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। कौशल जी महाराज के नेतृत्व में कथा आयोजन स्थल से पवित्र जलस्त्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं।

पवित्र जलस्त्रोत से कलश को भर कर लाने के बाद कलश यात्रा ने पूरे ग्राम का भ्रमण कर कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चारण के साथ स्थापित किया गया। आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ कौशल जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। कहा जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसको सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियों को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। परीक्षित कुन्ती देवी एवं चन्द्र भानु कुशवाहा ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा का श्रवण करने की अपील की है।


कलश यात्रा निकालते भागवत प्रेमी अमृत विचार

### श्रीकृष्ण जन्म व नंदोत्सव का वर्णन सुन हर्षित हुए भक्त

**फफूंद,औरैया।** बाबरपुर मार्ग पर स्थित ग्राम भर्राफ्पुर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान उत्सव में सरस कथा वाचक साध्वी संगीता कृष्ण प्रिया दीदी जी के द्वारा कथा में गुरुवार को वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म की कथा एवं नंदोत्सव का वर्णन किया गया।श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए दीदी ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव- देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया बाद में मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया ।

## गाली गलौज कर की मारपीट

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के दिलीपपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार पुत्र बीरेंद्र सिंह ने थाने में तहरीर दी।

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 12 मई को प्रार्थी अपने दरवाजे पर खड़ा था तभी प्रदीप कुमार पुत्र जागेश्वर दयाल व नारयन पुत्र जागेश्वर दयाल व रिषभ कुमार पुत्र नारयन व रूचि देवी पत्नी प्रदीप कुमार निवासी दलीपपुर पुरानी नाली के विवाद को लेकर प्रार्थी के दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे प्रार्थी ने गाली देने से मना किया तो लड़ाई झगड़ा पर आमदा हो गए और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। कहा कि दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# हरे पेड़ों पर बेखौफ चल रही कुल्हाड़ी

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** फफूंद थाना क्षेत्र के बड़ी माता मंदिर निकट 500 मीटर दूर बाबरपुर रोड पर हरे नीम के पेड़ों का सरेआम कत्लेआम हो रहा है। इसके बावजूद फफूंद क्षेत्र में हरे नीम के पेड़ों पर कुल्हाड़ा चलाकर जमींदोज किया जा रहा है। वन विभाग व पुलिस प्रशासन कोई संज्ञान नहीं ले रहा है। जिसके चलते हरे पेड़ों पर आरा व कुल्हाड़ा चल रहा है।

ताजा मामला फफूंद थाना क्षेत्र के बड़ी माता मंदिर निकट 500 मीटर दूर बाबरपुर रोड पर का बताया जा रहा है। जहां हरी लकड़ी नीम जैसे पेड़ों की कटान हो रही है। सरकार लगातार पर्यावरण को सुधारने के लिए हर संभव प्रयास करती है। पौधारोपण कार्यक्रम, पर्यावरण बचाने को कई स्वयं सेवी संस्थाएं करती हैं। पौधारोपण व पौधों को बचाने के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते हैं। अजीतमल वन विभाग की उदासीनता के चलते हरे पेड़ों की कटान से पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। इस आशय का सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। फफूंद क्षेत्र में पेड़ों की कटान होना कोई नई बात नहीं है। ऐसी कई घटनाएं हो चुकी है इसके बावजूद नीम के पेड़ों पर खुलेआम आरा व कुल्हाड़ा चल रहा है।


पेड़ को काटते मजदूर। अमृत विचार

- वन विभाग एवं पुलिस को नहीं जानकारी, पर्यावरण को हो रहा भारी नुकसान

# मानव सेवा संस्थान ने समर्पित की एंबुलेंस

संवाददाता ककोर, औरैया

- सभी के लिए रहेगी निःशुल्क सुविधा, लोगों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचार।** दिबियापुर में गुरुवार को मानव सेवा संकल्प मिशन के अंतर्गत नगर वासियों को निःशुल्क इलाज के लिए एम्बुलेंस वैन प्रदान की गई। यदि किसी को भी आकस्मिक समस्या हो जाती है और एंबुलेंस नहीं मिल पाती है तो उसकी सेवा के लिये यह हमेशा तैयार रहेगी यह सेवा निशुल्क रहेगी। यह एंबुलेंस सेवा सभी के लिए हितकारी होगी। इस एंबुलेंस की जानकारी मिलने के बाद नगर के लोगों ने बाबा सेवा दल का विशेष आभार जताया है साथ ही इस पहल के लिये सदस्यों के प्रयास की सराहना की गई। इस सेवा दल के सदस्य के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा, विपिन पोरवाल,नवीन पोरवाल,संजीव कुमार पोरवाल गट्टे,डॉक्टर विजय आनंद,पूर्व चेयरमैन अरविंद पोरवाल,धीरज शुक्ला,कमलाकर दुबे,कुलदीप गुप्ता, पुनीत मिश्र,अंशू तिवारी ,गणेश सोनी,देवेश राजप,मनीष तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## गाली गलौज कर मारपीट का लगाया आरोप

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के घसारा गांव निवासिनी अंजू देवी ने पुलिस को तहरीर दी है।

उन्होंने तहरीर देते हुए बताया कि गुरुवार को दोपहर में प्रार्थिनी अपने घर पर थी तभी गांव के दो नामजद लोग दरवाजे पर आ गये और गाली गलौज करने लगे। जब मैंने गालियां देने से मना किया तो उन लोगों ने मुझे व मेरी पति के साथ मारपीट करने लगे और जातिसूचक गालियां देने लगे।थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि जांच की जा रही है। जांच करने के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर दिलाई शपथ

संवाददाता ककोर,औरैया

**अमृत विचार।** जिले में ब्रहस्पतिवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांव,घर, मोहल्ले,ब्लॉक जनपद को डेंगू मुक्त बनाने का विशेष अभियान चलाया जाएगा।

वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया डेंगू की महामारी से बचने के लिए ब्रहस्पतिवार को पूरे जिले में डेंगू से बचाव के उपाय के कार्यक्रम आयोजित किए गये। हमें प्रयोग न होने वाले बर्तन,छत व घर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा। इसके साथ-साथ रात में सोने के लिए मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें । यदि चक्कर आना भूख न लगना शरीर में टूटन हो तो तुरंत सरकारी अस्पताल जाकर डॉक्टर को दिखाएं। उसके बाद भी उसकी जांच अवश्य करवा दें। इन संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए खुद सचेत रहें तथा दूसरों को भी सचेत करें ।


अधिकारियों को शपथ दिलाते सीएमओ। अमृत विचार

# मजदूर पर जान से मारने की नीयत से किया हमला

संवाददाता अयान, औरैया

- इंटरलॉकिंग प्लांट में काम करते हैं दोनों पक्ष

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जसवंतपुर इंटरलॉकिंग प्लांट पर काम करने आए मजदूर ओमकार अपने चार साथियों के साथ ईंट प्लांट पर काम कर रहे थे। तभी उसका अपने ही साथी से मामूली सी बात को लेकर विवाद हो गया तो उसने उसपर चाकू से गर्दन पर हमला कर दिया । साथियों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अयाना भर्ती कराया,जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए सैफई रेफर कर दिया।

घायल युवक के भाई नेमपाल पुत्र केत सिंह ने बताया मनोज , दाताराम , महाराज सिंह व गेदा लाल ने मिलकर चार मई को प्लांट पर काम करने घर से आए थे, तभी आठ मई रात्रि लगभग 08.30 बजे ओमकार व मनोज में गाली गलौज व मारपीट हुई तभी साथ वाले लोगों ने शांत कराया इसी दौरान ओमकार चारपाई पर बैठा था तभी मनोज ने उस पर चाकू से उसकी गर्दन पर 2-3 वार कर घायल कर दिया।

सेहत | बुखार, खांसी, जुकाम, गला दर्द के मरीजों की रही भरमार, इस समय रोजाना लगभग 1000 पर्चे बन रहे हैं

# मौसमी बीमारी से अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़

संवाददाता ककोर,औरैया

**अमृत विचार ।** जिला के सौ सैय्या अस्पताल में मौसमी बीमारी के मरीज सबसे ज्यादा इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। दोपहर तक पांच सैकड़ा मरीजों ने ओपीडी के लिए पर्चे बनवाए थे। लैब में बीपी, शुगर, मलेरिया आदि की जांच हो रही थी। अस्पताल में भीड़ के चलते पंजीकरण कक्ष के बाहर धक्का मुक्की हुई। दिलचस्प बात यह है कि अस्पताल में सबसे ज्यादा भीड़ एक्सरे और अल्ट्रासाउंड के लिए देखी जा रही है।

प्राइवेट अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड की कीमत 600 से 1000 रुपये तक वसूली जाती है। जबकि यहां अस्पताल में निःशुल्क होता है। अल्ट्रासाउंड एक छोड़ एक दिन में किया जाता है। जहां अल्ट्रासाउंड के अकेले 200 से अधिक पर्ची आ रही हैं। वही मारामारी भीड़ के कारण व्यवस्थाएं तार-तार देखी गईं। यहां के डाक्टर ने बताया कि मौसम बदलने के कारण चर्म रोग , बुखार, खांसी ,गले में दर्द के अधिकतर मरीज आ रहे हैं।

इसके साथ ही साथ सर्दी, जुकाम और बुखार, एक्सरा ,अल्ट्रासाउंड के भी मरीज आ रहे हैं। ऐसे में सभी मरीजों को देखकर दवा दी जा रही है और मरीजों को बचाव के तरीके बताए जा रहे हैं। जिससे कि वह जल्द ठीक हो सकें। अस्पताल के सीएमएस अशोक कुमार ने बताया धूप के साथ गर्म हवाएं चलने से लोगों में बीमारियां पनप रही है। मौसम की तल्खी कम होने का नाम नहीं ले रही है। दोपहर के समय सूरज की तपन से लोगों में बेचैनी हो गई है।

इस समय रोजाना 1000 के आसपास पर्चे बन रहे हैं। बदलते समय में गर्मी का प्रकोप इस समय चरम पर है। इससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं दोपहर में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेंटीग्रेड पार कर गया है।

वहीं डॉक्टर का कहना है कि अस्पताल में इस समय मरीज ज्यादा आ रहे हैं। इसके पीछे बदलते मौसम का कारण है। जो भी मरीज आ रहे हैं उसमें खान पान को लेकर बहुत सी समस्याएं हैं।


पर्चा काउंटर पर लगी मरीजों की कतार। अमृत विचार


क्षय रोगियों को पोषाहार किट बांटते डॉ. कप्तान सिंह अमृत विचार

### गोद लिए गए 50 क्षय रोगियों को बांटी पोषाहार किट

**औरैया।** गुरुवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जनपद शाखा के द्वारा जिला क्षय रोग केन्द्र चिचौली में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोद लिए गए 50 क्षय रोगियों को डा.सन्त कुमार जिला क्षय रोग अधिकारी की मौजूदगी में पोषाहार किट का वितरण किया गया। सोसाइटी के पदाधिकारियों के द्वारा मौजूद क्षय रोगियों को नियमित दवा खाने एवं पोष्टिक भोजन करने की सलाह देते हुए पोषाहार किट वितरित की गई। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में डा. सन्त कुमार जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि जनपद में डेली रेजीमिन प्रणाली के अन्तर्गत टी.बी. के क्षय रोगियों को प्रतिदिन दवा खिलाई जा रही है। टी.बी. रोग के लक्षण जिसमें दो सप्ताह से अधिक खॉसी, वजन कम होना, बुखार, सीने में दर्द एवं बलगम के साथ खून आना आदि है। ऐसे लक्षण होने पर उसकी जाँच करायें। इसके अलावा टी.बी. मरीजों को इलाज के दौरान डी.बी.टी.के माध्यम 500 रूपये प्रतिमाह दिए जा रहें है। इस अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जनपद शाखा औरैया के चेयरमेन डा.कप्तान सिंह, सचिव कुलदीप सिंह यादव, प्रतिनिधि राज्य प्रबन्धन समिति, रवि भान सिंह, एवं डा. सर्वेश आर्य वाइस चेयरमेन तथा संदीप आदि मौजूद रहें।

# बीझलपुर के शहीदों के शौर्य का किया बखान

कार्यालय संवाददाता,औरैया

- बैटल ऑफ बीझलपुर के 81 शहीदों को किया नमन
- डीएम व एसपी ने स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया

**अमृत विचार।** सोलह मई 1858 को ब्रिटिश सैनिकों से गुरिल्ला युद्ध में शहीद हुए 81 क्रांतिवीरों को श्रद्धांजलि दी गयी।

शहीदों की स्मृति को समर्पित संस्था भारत प्रेरणा मंच के तत्वावधान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचीं डीएम नेहा प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि इन शहीदों का स्मरण हमें सच्चाई व देश धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। एसपी चारु निगम ने बलिदानियों के बताए रास्ते पर चलने की अपील की वहीं मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह,एसडीएम अजीतमल, राजकुमार दुबे व डीएसडीओ बब्बन प्रसाद मौर्य ने बलिदानियों को श्रद्धांजलि ज्ञापित की। भारत प्रेरणा मंच के महासचिव अविनाश अग्निहोत्री ने बताया कि प्रथम स्वाधीनता संग्राम में इटावा के कलेक्टर एओ ह्यूम व कर्नल रिडिल के नेतृत्व में यमुना के जलीय मार्ग से कालपी में रानी लक्ष्मीबाई के साथ में होने वाले युद्ध में ब्रिटिश सेना का साथ देने जा रही इटावा से चली अंग्रेजी सेना जैसे ही 12 मई 1858 को बीझलपुर के यमुना घाट पर पहुंची जनपद औरैया की क्रांतिकारी सेना ने यमुना के दोनों किनारों से अंग्रेजी सेना पर धावा बोल दिया। प्रहारों से क्रांतिकारी सेना ने चार दिन तक अंग्रेजी सेना को कालपी की तरफ नहीं बढ़ने दिया। कलेक्टर एओ ह्यूम ने इटावा से अतिरिक्त सेना मंगवा कर क्रांतिकारियों पर पीछे से हमला करवा दिया। घिरने के बाद भी क्रांतिकारी सेना पीछे नहीं हटी बल्कि लड़ती रही। इस युद्ध में 81 क्रांतिकारियों ने अपना बलिदान दिया । इनमें पांच सगे भाई भी शामिल थे। संचालन कर रहे कवि व भारत प्रेरणा मंच के अध्यक्ष अजय अंजाम ने कहा कि अपने पुरखों का वह शौर्य प्रणम्य है जिसमे उन्होंने फिरंगी तोपों और बंदूकों का सामना हंसिया,खुरपी,कुल्हाड़ी और कुदाली जैसे घरेलू औजारों से किया। इसके बाद सभी लोग पांच भाइयों के स्मारक पर दीप जलाते हुए यमुना तट पर पहुंचे। यहां 81 दीपक जलाकर यमुना में प्रवाहित किये गए। भारत प्रेरणा मंच ने सभी अतिथियों का सम्मान किया कैप्टन निर्भय सिंह गुर्जर, राहुल दुबे, रिंकू मिश्रा, अमित तिवारी, निर्मल पाण्डेय सहित सैकड़ों लोग रहे।


दीप प्रवाहित करतीं डीएम, एसपी,सीडीओ व अन्य । अमृत विचार

## एक नजर

### राज्यसभा सांसद से अभद्रता के आरोपी पर कार्रवाई करे आप : मायावती

अमृत विचार, लखनऊ : बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोशल मीडिया पर आम आदमी पार्टी (आप) की महिला राज्य सभा सांसद के साथ दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास पर होने वाली अभद्रता को लेकर इंडी गठबंधन व अन्य पार्टियों को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के मामले में इंडी गठबंधन के नेताओं को दोहरा मापदंड नहीं अपनाना चाहिए, बसपा के शीर्ष से सबक लेते हुए कार्रवाई करनी चाहिए। मायावती ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए गुरुवार को कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व उत्पीड़न के साथ किसी भी नेता द्वारा कोई भी गलत कार्य करने पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिये। मुख्यमंत्री आवास में घटित अभद्रता के गंभीर मामले में दोषी के विरुद्ध अब तक कार्रवाई न होना ही अनुचित है। ऐसे में सभापति व महिला आयोग को भी इस घटना पर समुचित संज्ञान लेने की जरूरत है।

### शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की

अमृत विचार, लखनऊ : इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र ने कर्मचारियों से अपील की है कि अपनी ताकत दिखाने के लिए लोकसभा निर्वाचन में परिवार सहित वोट अवश्य करें। यदि चुनाव ड्यूटी लगी है तो बैलेट पेपर से अवश्य वोट दें। परिवार से भी कहें कि मतदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि जो उम्मीदवार इप्सेफ की मांगों को पूरा करने का वादा करें उसी को वोट दें।

### सपा विधायक पर लगा पांच हजार का हर्जाना

अमृत विचार,लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने समाजवादी पार्टी से प्रतापगढ़ के रानीगंज क्षेत्र के विधायक राकेश कुमार वर्मा पर 5 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है। यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर की एकल पीठ ने रानीगंज से ही भाजपा प्रत्याशी रहे अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा की निर्वाचन याचिका पर पारित किया है। दरअसल अभय कुमार ने राकेश कुमार वर्मा के 2022 विधान सभा चुनाव में रानीगंज से विधायक निर्वाचित किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी हुई है। उनके अधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी की दलील थी कि राकेश कुमार वर्मा ने अपने हलफनामे में अपने आपराधिक इतिहास की जानकारी छिपाई। साथ ही उम्र संबंधी तथ्य भी गलत लिखे । गुरुवार को सुनवाई में राकेश कुमार वर्मा के अधिवक्ता ने सुनवाई टालने की अपील की। न्यायालय ने पाया कि पूर्व में कई अवसरों पर भी राकेश कुमार वर्मा की ओर से सुनवाई टालने का अनुरोध किया जा चुका है।

# साइबर ठगों ने लगाई टेलीकॉम कंपनियों और बैंकों में सेंध

## कारगुजारी : कर्मचारियों को लालच देकर हासिल करते हैं खातों और पंजीकृत फोन नंबर की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने सुनियोजित तरीके से टेलीकॉम कंपनियों और बैंकों में सेंध लगा दी है। बिना खाताधारक की जानकारी के खातों से रकम निकालने के कुछ मामलों में एसटीएफ निजी बैंक और टेलीकॉम कंपनियों के कर्मचारी और एजेंटों को गिरफ्तार भी कर चुकी है।

साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक बृजेश यादव के मुताबिक इसमें जालसाजों का नेटवर्क काम करता है। गिरोह के सदस्य बैंक कर्मचारियों से संपर्क करते हैं। उनको मोटी रकम का लालच देकर एक बार में सैकड़ों खातों की जानकारी हासिल कर लेते हैं। वहीं, कुछ सदस्य टेलीकॉम कंपनियों के कर्मचारियों के संपर्क में रहते हैं। जो आसानी से मोबाइल नंबर उपलब्ध कराते हैं। साथ ही कुछ एजेंट और कर्मचारी प्री एक्टिवेटेड सिम भी मुहैया कराते हैं।

**50 हजार से एक लाख रुपये होती है जानकारी की कीमत :** जालसाज बैंक खातों की जानकारी हासिल करने के लिए मोटी रकम खर्च करते है। 50 लाख रुपये से अधिक के खातों की जानकारी देने वाले कर्मचारी 25 से 50 हजार रुपये दिए जाते है। जो कर्मचारी करोड़ों बैंक बैलेंस वाले खातों की जानकारी देता है। उसे प्रति खाते एक लाख रुपये दिए जाते हैं। इसके लिए पहले ही रकम तय की जाती है।

### चीन के मोबाइल एप का करते हैं प्रयोग

साइबर ठगों के कुछ गिरोह आम लोगों को जिस तरह चीन के एप के जरिये ठगते है, उसी तरह के एप का प्रयोग कर बैंक व टेलीकॉम कंपनियों के कर्मचारियों के मोबाइल व डेस्कटॉप हैक कर लेते हैं। ऐसा मिलीभगत के चलते किया जाता है। इसके बाद डाटा हैक होने की जानकारी कर्मचारी अपने अधिकारियों को देता है ताकि एफआईआर दर्ज कराई जा सके।इससे कर्मचारी पर कोई संदेह नहीं करता। इसके बदले में साइबर ठगों के एजेंट उसे तय रकम भी पहुंचाते हैं।

### इन एप का करते है प्रयोग

हेलो, वी चैट, वीबो, शेयरइट, क्यूक्यू मेल, लिवयू, एपीयूएस, एएमओआर, वीगो, मीटू, वीवा, एमआई, मेल मास्टर और वीमैट का प्रयोग करते है। इसके अलावा कुछ अन्य एप जैसे टीम व्हीवर, एनी डेस्क, इनसाइडर, इंस्टॉल बैक ट्रैक ऑन एंड्रायड, फिंग नेटवर्क, डब्ल्यूपीएस और जांटी

### ये सावधानी बरतें

बैंक में खाता खुलवाने के दौरान कई दस्तावेज जमा कराए जाते हैं। बैंकों की कार्यशैली ऑनलाइन होने के कारण ज्यादातर दस्तावेज को स्कैन करने के बाद रद्दी में फेंक दिए जाते हैं। ग्राहकों को चाहिए के वे अपने स्कैन दस्तावेज ही बैंक को उपलब्ध कराएं।साथ ही इस बात की पुष्टि कर लें की वे आपके खाते की फाइल में लगाए गए हैं या नहीं।

### दर्जनों बैंककर्मी हो चुके गिरफ्तार

साइबर ठगी के मामले में दर्जनों बैंक कर्मचारी गिरफ्तार हो चुके है। हाल ही में एक महीने पहले वाराणसी पुलिस ने रिटायर्ड शिक्षिका से साढ़े तीन करोड़ की ठगी करने के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसमें आईसीआईसीआई बैंक लखनऊ में रीजनल हेड अयोध्या के पुरानी सब्जी मंडी निवासी सरफराज आलम और लखनऊ एचडीएफसी बैंक का कैशियर नुरूलहुदा शामिल है। इसके अलावा एसटीएफ ने दो साल पहले नोएडा से 10 जालसाजों को गिरफ्तार किया। उनमें एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक की दो महिला कर्मचारी सहित चार लोग शामिल थे जो साइबर ठगों को खातों की डिटेल उपलब्ध कराते थे।

### 21 लाख के गांजा के साथ दो गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ ने गाजीपुर जिले के जंगीपुर से अंतर्राज्यीय स्तर पर गांजा सप्लाई करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को 21 लाख रुपये के गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों तस्करों में एक आजमगढ़ तो दूसरा गाजीपुर का निवासी है। एसटीएफ के डीएसपी प्रमेश शुक्ला ने बताया कि विगत कुछ दिनों से एसटीएफ को असम, उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश आदि राज्यों से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी। इस दौरान एसटीएफ की एक टीम गाजीपुर पहुंची। टीम को सूचना मिली कि कुछ लोग असम राज्य से गांजे की बड़ी खेप लेकर ट्रक से आजमगढ़ पहुंचने वाले हैं। एसटीएफ ने शक के आधार पर जंगीपुर के पास एक ट्रक को रोककर तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में गांजा छिपाकर रखा गया था।

# छठे चरण में धनबलियों की भरमार
# 162 में 59 उम्मीदवार करोड़पति

## इस चरण के चुनाव में सबसे धनवान प्रत्याशी भाजपा की मेनका गांधी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** छठे चरण के चुनाव में सबसे धनवान प्रत्याशी भाजपा की मेनका गांधी हैं और सबसे ज्यादा आपराधिक मुकदमे सपा के बाबू सिंह कुशवाहा पर हैं। चुनाव लड़ने वाले 162 प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच में 59 उम्मीदवार करोड़पति हैं। 38 प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, इनमें 21 पर गंभीर मामले हैं।

उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा 14 निर्वाचन क्षेत्रों के नामांकनों पत्रों की जांच रिपोर्ट के आधार पर करोड़पति प्रत्याशियों में भाजपा सबसे आगे है, उसके सभी 14 उम्मीदवार करोड़पति हैं। जिनकी औसतन संपत्ति लगभग 28 करोड़ हैं। दूसरे नंबर पर सपा के 12 में 11 करोड़पति प्रत्याशियों के आधार पर औसतन संपत्ति 13 करोड़ हैं। वहीं, बसपा के 14 में से 9 प्रत्याशी करोड़पति हैं, औसतन संपत्ति चार करोड़ है।




- कुल 38 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज
- सपा के बाबू सिंह कुशवाहा पर 25 मामले दर्ज

धनवान प्रत्याशियों की बात करें तो सुल्तानपुर से भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी हैं। जिनकी संपत्ति लगभग 97 करोड़ के आसपास है। फूलपुर से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे प्रवीन पटेल के पास करीब 64 करोड़ रुपये की संपत्ति है। वहीं, प्रतापगढ़ से सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह पटेल के पास लगभग 46 करोड़ के आसपास की संपत्ति है।

### आपराधिक इतिहास वाले प्रत्याशी भी कम नहीं

छठे चरण के 38 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। कई पर तो गंभीर धाराओं में मुकदमे हैं। जौनपुर लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा पर 25 आपराधिक मामले दर्ज हैं। बसपा सरकार में मंत्री रहे बाबू सिंह का एनएचएम घोटालों में नाम आया था, जिसके बाद मायावती ने पार्टी से उन्हें निष्कासित कर दिया था। यूपी इलेक्शन वॉच एडीआर संजय सिंह ने बताया कि दूसरे नम्बर पर सुल्तानपुर सीट से सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद पर आठ मामले दर्ज हैं। वहीं, तीसरे नंबर पर मोइनुद्दीन अहमद खान जो बसपा से श्रावस्ती के उम्मीदवार हैं, उनके ऊपर 10 मुकदमे पंजीकृत हैं। दलवार देखें तो बसपा के कुल चार प्रत्याशियों पर, भाजपा के छह, सपा के नौ प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### अनपढ़ प्रत्याशी नहीं

छठे चरण में कोई प्रत्याशी असाक्षर या अनपढ़ नहीं है। उच्च शिक्षित उम्मीदवार सबसे ज्यादा 105 हैं, 5वीं और 12वीं के बीच शिक्षा ग्रहण करने वाले 51 प्रत्याशी हैं। डिप्लोमा धारक तीन प्रत्याशी हैं और तीन उम्मीदवार मात्र साक्षर हैं।

### सबसे गरीब प्रत्याशी

छठे चरण में प्रतापगढ़ से एसयूसीआई (सी) के प्रत्याशी राम कुमार यादव के पास मात्र 1686 रुपए हैं, दूसरे नंबर पर मछली शहर से निर्दलीय प्रत्याशी सुबास के पास मात्र 10 हज़ार रुपये और तीसरे नंबर पर मछली शहर से ही समाज परिवर्तन पार्टी की प्रत्याशी उर्मिला ने अपनी कुल संपत्ति 34 हज़ार रुपये बताई है।

### 27 प्रत्याशी 60 वर्ष से ज्यादा 10 महिला प्रत्याशी मैदान में

छठे चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, सन्तकबीर नगर, लालगंज (सु.), आजमगढ़, जौनपुर, मछली शहर (सु.) और भदोही में चुनाव है। इन सीटों पर कुल 162 प्रत्याशियों में मात्र 10 महिलाएं हैं और 61 से 80 साल की आयु के प्रत्याशियों की संख्या 27 है। वहीं, 25 से 40 वर्ष के बीच के 60 प्रत्याशी, सबसे ज्यादा उम्मीदवार 41 से 60 साल के बीच के हैं, जिनकी संख्या 75 है।



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार। अमृत विचार

# महंगाई-बेरोजगारी पर जवाब दे केंद्र सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार बोले, देश में अमन चैन के लिए इंडी गठबंधन सरकार बनना जरूरी

**अमृत विचार :** कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के भीतर देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है, इस पर केंद्र की भाजपा सरकार लोगों के समक्ष अपना जवाब पेश करे। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में देश का माहौल बिगड़ गया है, इसलिए अमन चैन स्थापित करने के लिए इंडी गठबंधन की सरकार बनना जरूरी है। उप मुख्यमंत्री गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।


उन्होंने कहा की महंगाई-बेरोजगारी ने सुरसा का रूप ले लिया है। कर्नाटक में सरकार बनने के बाद से हर माह 10 किलो अनाज गरीब परिवारों को दिया जा रहा है। गृह लक्ष्मी योजना के अंतर्गत एक करोड़ 20 लाख महिलाओं को दो हजार रुपये प्रति माह दिया जा रहा है। एक करोड़ 50 लाख परिवारों को 200 यूनिट फ्री बिजली दी जा रही है। यहां बेरोजगारों को तीन हजार रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता मिल रहा है। प्रदेश की महिलाओं को मुफ्त में बस यात्रा उपलब्ध कराई जा रही है। कर्नाटक की आबादी 6.7 करोड़ है। 52,000 करोड़ रुपये विकास कार्यों पर खर्च हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी और पार्टी ने घोषणा पत्र में जो गारंटी दी है, उसे लागू किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नाटक से राज्यसभा सदस्य सी चंद्रशेखर ,राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय, नेशनल कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी, चित्रा बाथम आदि मौजूद रहे।

# विकास के पथ पर बढ़ रहा उत्तर प्रदेश : राजनाथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के विकास की पहली शर्त होती है कि वहां की कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था में सुधार होने के बाद प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह राजाजीपुरम में आयोजित सभा के दौरान उक्त बात कहीं।

उन्होंने कहा कि सपा-बसपा की सरकार में विकास की सिर्फ बातें होती थी और धरातल पर कुछ नहीं दिखता था। विकास के कारण यूपी की चर्चा अब दूसरे प्रदेशों में भी होने लगी है। रक्षामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का निर्माण तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश भारत के लिए कभी अच्छी बात नहीं सोचता है मगर वहां के एक सांसद ने कहा कि भारत महाशक्ति बन रहा है और पाकिस्तान दुनिया के आगे हाथ फैलाकर खड़ा है। देश ने 31000 करोड़ के रक्षा उपकरणों का निर्यात किया है। देश में सबसे ज्यादा संविधान में बदलाव कांग्रेस ने किए हैं।



- आम आदमी के पार्टी के नेता जेल की यात्रा से आए हैं, जेल के साइड इफेक्ट के कारण कर रहे हैं भविष्यवाणी : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे देश में एक ही नारा गूंज रहा है कि अबकी बार चार सौ पार। उन्होंने आम आदमी पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनके नेता अभी जेल से बाहर आए हैं। जेल का साइड इफेक्ट होने के कारण ही भविष्यवाणी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास हो रहा है वहीं गरीब कल्याणकारी योजनाओं के नए कीर्तिमान बन रहे हैं। कोरोना जैसी महामारी के बाद भी प्रधानमंत्री के प्रबंधन के कारण हालात नहीं बिगड़े। देश के 80 करोड़ लोगों को निशुल्क राशन दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है और कोई विधायक, सांसद या पदाधिकारी मुझे पत्र लिखता है कि आयुष्मान कार्ड न होने के कारण किसी व्यक्ति का पैसा इलाज में खर्च हो रहा है तो मैं सीधे उसके खाते में धनराशि भेजता हूं। सभा में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, लोकसभा संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा, मेयर सुषमा खर्कवाल, अंजनी श्रीवास्तव, भारत डांगर, शंकर लाल लोधी, मनीष दीक्षित, जितेंद्र सिंह, रमेश तूफानी, अनुराग मिश्रा सत्येंद्र सिंह, दिवाकर त्रिपाठी, राघवेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# सजायाफ्ता अभियुक्त 10 वर्ष बाद गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 50 हजार का था इनामी, गांव के ही युवक की हत्या के मामले में मिली थी सजा
- एसटीएफ ने जानकीपुरम से किया गिरफ्तार, विभिन्न थानों में नौ मुकदमे हैं दर्ज

**अमृत विचार :** 2014 में रामनगर तरहर थाना कोतवाली देहात जनपद गोंडा निवासी एक युवक की हत्या के मामले में सजायाफ्ता अभियुक्त को एसटीएफ ने जानकीपुरम से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त विगत 10 वर्षों से फरार था। पुलिस ने उस पर 50 हजार का इनाम भी रखा था। बता दें कि हत्याकांड में शामिल चार अभियुक्त आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

एसटीएफ के एएसपी दिनेश सिंह ने बताया कि हत्या में अभियुक्त कप्तान मिश्रा की लंबे समय से तलाश की जा रही थी। कप्तान पर पुलिस ने 50 हजार का इनाम भी रखा हुआ है। गुरुवार को सूचना मिली कि अभियुक्त लखनऊ में छिपकर रह रहा है। इस दौरान हरि प्लाजा, नहर रोड, प्लाट नं. 36, तिवारीपुर, थाना जानकीपुरम में अभियुक्त की लोकेशन पाई गई। एसटीएफ टीम द्वारा उक्त स्थान पर पहुंचकर कप्तान को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ पर उसने बताया कि वह वर्ष 2014 में गांव की आपसी रंजिश को लेकर अपने साथी सोनू, सुरेन्द्र, सर्वेश, सुनील के साथ मिलकर गांव के ही अमित शुक्ला नामक युवक की हत्या कर दी थी और शव बाराबंकी के थाना क्षेत्र रामनगर में फेंककर फरार हो गए थे। घटना में शामिल चारों अन्य सहयोगियों को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है।

## वर्ग पहेली-72

**बाएं से दाएं**

1.1. तेज़ दौड़ने वाला 2. फुरतीला।

3.1. कमल, पद्म, कुईं 2. कनकचंपा, कनिआरी 3. सारस 4. (पुराण) कुश द्वीप में स्थित एक पर्वत।

6.1. रास्ता भूलना 2. भ्रम में पड़ना 3. व्यर्थ में इधर-उधर घूमते फिरना, मारे-मारे फिरना 4. बहकना, गुमराह होना।

7. न्योछावर करना, उत्सर्ग करना।

8.1. नीति संबंधी, नीति का 2. नीति के अनुसार होने वाला (आचरण या व्यवहार)।


**ऊपर से नीचे**

2.1. बचकाना, शिशुओं के समान 2. शिशुओं को होने वाला

3.1. किसी पदार्थ या चीज़ में नीचे की तरफ़ से कुछ निकालने के लिए ऊपर की परत को हटाना, खुरचना 2. किसी कठोर सतह पर कुछ उत्कीर्ण करना, खरोंचना, उकेरना, उभारना 3. लकड़ी

4. परिवर्तन, बदलाव, क्रांति।

5.1. जलबेंत 2. एक प्राचीन माप (परिमाण)।



### वर्ग पहेली -71 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 गुं | | 2 रि | | | | |
| ज | | 3 का | नू | न | गो | |
| न | | र | | | | |
| | 4 मॉ | ड | लिं | 5 ग | | 6 मे |
| 7 लो | | | | 8 ज | मी | न |
| भी | | | | दं | | हो |
| | 9 खु | रा | फ़ा | ती | | ल |

## सुडोकू -151

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 2 | | | | |
| | 4 | | 5 | | | | | |
| | | | 3 | | | 8 | | |
| 2 | | | 9 | 7 | | | | |
| 8 | | | | | | | | 9 |
| | | | | 6 | 1 | | | |
| | | 6 | | | 4 | | 2 | |
| | | 3 | | | 5 | | | |
| | | 9 | | 8 | | | 7 | |

### सुडोकू -150 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 8 | 2 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 2 |
| 6 | 4 | 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 | 7 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 3 | 9 | 2 | 8 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 08.48 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष** — आज व्यवसाय में आय बढ़ने से प्रसन्न रहेंगे। क्रोध व जल्दबाजी के कारण महत्वपूर्ण काम बिगड़ सकते हैं। प्रेमी जन को विवाह के लिए प्रपोज कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन में उत्तम सामंजस्य रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है।

**वृष** — आज जीवनसाथी से अपने दिल की बातें शेयर कर सकते हैं। आलस्य की वजह से कुछ काम लंबित हो सकते हैं। स्वार्थी व्यवहार से आपको बचना चाहिए। आपकी छवि भी खराब हो सकती है। व्यापार में अदूरदर्शी निर्णय लेने से बचना चाहिए।

**मिथुन** — आज सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। बौद्धिक कार्यों में आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। पैतृक संपादा से लाभ प्राप्त होगा। व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए कुछ चुनौतीपूर्ण हो सकता है। थोड़े से धन लाभ के लिए कोई गलत काम न करें। परिवार के सदस्यों से अपने संबंध अच्छे रखें। आपको अपनी आर्थिक स्थिति की चिंता रहेगी। बुरे व्यवहार के लोगों से मित्रता हो सकती है।

**सिंह** — आज सभी कार्य समय पूरे हो जाएंगे जिसके कारण काफी दिनों से चला आ रहा तनाव समाप्त होगा। विदेश में नौकरी कर रहे लोगों का वेतन बढ़ सकता है। नए कारोबार में लाभ प्रतिशत बढ़ने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या** — आज गलत कार्यों की तरफ आपका रूझान बढ़ेगा। अपना चरित्र अच्छा रखें। शेयर मार्केट और कमीशन संबंधी कार्यों में नुकसान हो सकता है। यदि संभव हो तो लंबी दूरी की यात्रा न करें। व्यापार में आपको काफी सावधान रहने की आवश्यकता है।

**तुला** — आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। घर की साज-सजावट का आप पूरा ध्यान रखेंगे। वैवाहिक संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। अधिकारी वर्ग आपके प्रति काफी नरम भाव रखेगा। व्यापार में नए अवसर मिलने की संभावना निर्मित हो रही है।

**वृश्चिक** — आज रुके हुए कार्यों में प्रगति होने की संभावना है। पुराने ऋण का भुगतान करने से आपके ऊपर से भार कम होगा। वाहन चलाते समय आपको सावधानी रखनी चाहिए। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो दिन आपके पक्ष का रहने वाला है।


**धनु** — आज उच्चाधिकारी आपके काम के ऊपर काफी निर्भर रहेंगे। गंभीर और बुद्धिमान लोगों की संगत में रहना पसंद करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपका कोमल व्यवहार लोगों को आकर्षित करेगा।

**मकर** — आज महिलाओं को स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है। घर और कार्यक्षेत्र में तालमेल की कमी रहेगी। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। शांतिपूर्वक परिस्थितियों का अवलोकन करें। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से विचलित हो सकता है।

**कुंभ** — आज धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था मजबूत होगी। जीवनसाथी को कुछ उपहार देने का प्लान कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा भी कर सकते हैं। आपको व्यवसाय में शानदार लाभ मिलेगा। धन संबंधित परेशानियां दूर होगी।

**मीन** — आज आपकी गलतियां लोगों के सामने आ सकती हैं। झिझक के कारण आप अपनी बातों को ठीक तरह से रख पाने में भी मुश्किल होगी। योग और व्यायाम अवश्य करें जिससे आपको फोकस करने में आसानी होगी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 21.18 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
मेला — सुबह : 10.00
हिरासत — रात : 07.00

**&pictures**
मालामाल वीकली — सुबह : 10.50
ऊंचाई — रात : 08.00

**Sony Pix**
स्पाइडर मैन : होमकमिंग — सुबह : 11.10
वंडर वुमन — रात : 08.29

**Zee Cinema**
नाम शबाना — सुबह : 10.45
अकेले हम अकेले तुम — शाम : 04.25

**Colors Cineplex**
हैलो ब्रदर — सुबह : 08.57
देवदास — दोपहर : 02.13

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बच्चा पार्क मैं बैठकर बहुत सारी चॉकलेट खा रहा था।
पास बैठी एक महिला बोली, ज्यादा मीठा खाने वाले जल्दी मर जाते हैं।
लड़का-आपको पता है मेरी दादी की उम्र 106 वर्ष थी,जब वह मरी थी।
औरत-वह कम मीठा खाती होगी
लड़का-नहीं, वह अपने काम से काम रखती थी।

नेता-हम आपको मोबाइल देंगे, लैपटॉप देंगे ,साइकिल देंगे।
जनता-और मालिक नौकरी?
नेता-वो हमारे मामा के साले के भतीजे के लिए हम जबान दे चुके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में नामांकन के दौरान दो दिन प्रवास करने के एक दिन बाद ही फिर से उत्तर प्रदेश में खासतौर पर पूर्वांचल के रण में हल्ला बोल दिया है। तपती-चुभती भीषण गर्मी की परवाह किए बिना मोदी ने गुरुवार को चार लोकसभा क्षेत्रों प्रतापगढ़, आजमगढ़, जौनपुर (मछली शहर) और भदोही में रैलियां करके बता दिया कि इस बार यहां वह कोई सीट खोना नहीं चाहते हैं। माना जा रहा है कि इन चार सभाओं से मोदी ने करीब एक दर्जन लोकसभा सीटों को साधने का प्रयास किया। जौनपुर से 2019 में बसपा के श्याम सिंह यादव ने जीत दर्ज की थी, तो मछली शहर में भाजपा के बीपी सरोज को 181 वोट के मामूली अंतर से जीत मिली थी। पूर्वांचल में आजमगढ़ के बाद जौनपुर को ही सपा का गढ़ माना जाता है। ऐसे में आजमगढ़ और जौनपुर में जीत के समीकरण साधने के साथ ही मोदी ने आसपास की चार और लोकसभा सीटों पर भी अपना संदेश फैला दिया है। प्रतापगढ़ से सुल्तानपुर और कौशांबी, अमेठी, रायबरेली और जौनपुर की सीमा लगती है। इसी तरह भदोही में जहां मोदी की सभा हुई वहां से वाराणसी, फूलपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर और जौनपुर लोकसभा क्षेत्र की दूरी केवल 35 किमी ही थी।

# पूर्वांचल का रण जीतने के लिए भाजपा ने शुरू की चढ़ाई

**2019**
में पूर्वांचल की 26 लोकसभा सीटों में भाजपा 17 पर ही जीत पाई थी चुनाव

## मुकाबला कांटे का

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल की चुनावी जंग जातीय समीकरणों के लिहाज से कठिन मानी जाती है। प्रदेश के इस हिस्से में जातियों का प्रभाव बहुत ज्यादा है। भाजपा ने इसे भांपते हुए ही प्रदेश में अपने लिए जिन चार सहयोगियों को चुना था, उनमें लोकदल को छोड़कर सुभासपा, अपना दल और निषाद पार्टी इसी इलाके से आती हैं। इसके बावजूद पिछली बार सात सीटों पर मिली हार को देखते हुए पीएम मोदी ने इस बार खुद आगे बढ़कर मोर्चा संभाल लिया है।

माना जा रहा है कि मोदी का पूरा फोकस अब पूर्वांचल क्षेत्र में ही रहने वाला है। तीन-चार दिनों के अंतर से वह पूर्वांचल के रण में फिर से धावा बोल सकते हैं, इसकी एक वजह इसी क्षेत्र में आने वाली उनकी वाराणसी सीट भी है, जिस पर सातवें और अंतिम चरण में मतदान होना है।






### सपा और बसपा ने कमजोर सीटों पर बिछाया है जातीय समीकरण का मजबूत जाल

- पूर्वांचल में 11 लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन पर सपा और बसपा जीत नहीं हासिल कर सकी है। सपा को वाराणसी, बस्ती, संत कबीर नगर, कुशीनगर और भदोही में जीत नहीं नसीब हुई है, जबकि बसपा वाराणसी, गोरखपुर, महाराजगंज, कुशीनगर, बासगांव और बलिया में जीत हासिल करने से दूर है। इस बार दोनों दलों ने अपनी कमजोर सीटों पर जातीय चक्रव्यूह का मजबूत ताना-बाना बुना है।

### प्रदेश में 80% लेकिन पूर्वांचल में स्ट्राइक रेट था 65%

- पूर्वांचल में कुल 26 लोकसभा सीटें आती हैं। 2019 में भाजपा इन 26 में 17 सीटों पर ही चुनाव जीत पाई थी। दो सीटों राबट्र्सगंज और मिर्जापुर पर उसके सहयोगी अपना दल (एस) ने जीत हासिल की थी, जबकि गाजीपुर, घोसी, आजमगढ़, लालगंज, श्रावस्ती, जौनपुर समेत सात लोकसभा सीटों पर सपा-बसपा का गठबंधन बाजी मारने में कामयाब रहा था। पूर्वांचल में भाजपा का स्ट्राइक रेट 65 फीसदी था, जो कि प्रदेश के ओवर आल स्ट्राइक रेट 80 फीसदी से काफी नीचे था। ऐसे में मिशन-80 और 400 पार के लिए इस बार भाजपा को यूपी में भी दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा, हिमाचल और गुजरात जैसे 100 फीसदी सफलता वाले स्ट्राइक रेट की जरूरत है।
- साल 2019 के लोकसभा चुनाव में आजमगढ़, लालगंज, घोसी, गाजीपुर, जौनपुर, श्रावस्ती और अंबेडकर नगर सीट पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। इनमें आजमगढ़ से सपा जबकि अन्य जगह बसपा के सांसद चुने गए थे। इस बार माना जा रहा है कि ज्यादातर सीटों पर भाजपा की लड़ाई इंडिया गठबंधन में सपा-कांग्रेस के गठजोड़ से है। जानकार भदोही सीट को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला बता रहे हैं। भदोही सीट पर भाजपा और टीएमसी में सीधी लड़ाई है। सपा ने यह सीट टीएमसी के लिए छोड़ी थी। टीएमसी से यहां ललितेश पति त्रिपाठी चुनाव मैदान में हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनके लिए सभा करने आने वाली हैं।

- वाराणसी में दो दिन प्रवास के एक दिन बाद ही चार रैलियां करके पीएम मोदी ने धावा बोला
- दो सीटों राबट्र्सगंज और मिर्जापुर में भाजपा की सहयोगी अपना दल (एस) को मिली थी 2019 में जीत
- गाजीपुर, घोसी, आजमगढ़, लालगंज, श्रावस्ती और जौनपुर में सपा-बसपा गठबंधन ने मारी थी पिछली बार बाजी

### पिछली बार था 50-50 का स्कोर, चार रैलियों से जीत की गारंटी का भरा जोश

इस बार भाजपा ने आजमगढ़ से सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, प्रतापगढ़ से सांसद संगमलाल गुप्ता, मछली शहर से सांसद बीपी सरोज, लालगंज सीट पर पिछली बार हारीं नीलम सोनकर, जौनपुर से कृपाशंकर सिंह और भदोही से अपने सांसद रमेश बिंद की जगह विनोद कुमार बिंद को चुनावी मैदान में उतारा है। 2019 के चुनाव में भाजपा इन छह लोकसभा सीटों में तीन पर ही जीत हासिल कर सकी थी। हालांकि 2022 में हुए उपचुनाव में आजमगढ़ सीट जीत ली थी। इस तरह से चार सीटों पर उसका कब्जा है और दो सीटें बसपा के पास हैं। गुरुवार को चार रैलियां करके पीएम मोदी इन सभी छह सीटों पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जीत का जोश भर दिया है।

# धनंजय और राजा भैया के फैसलों का असर तीन सीटों पर या और आगे तक

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** पूर्वांचल की जातीय सियासत में ओबीसी, दलित और सवर्ण तीनों वोटर अहम भूमिका में रहते हैं। इसके आधार पर ही इस बार भी यहां भाजपा, सपा और बसपा ने अपनी चुनावी बिसात बिछा रखी है। इसी क्रम में भाजपा ने अपना जातीय गणित दुरुस्त करते हुए जौनपुर में बाहुबली धनंजय सिंह का साथ हासिल कर लिया है। धनंजय ने जौनपुर और मछलीशहर सीट पर भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया है, लेकिन प्रतापगढ़ में राजा भैया का साथ भाजपा को नहीं मिल सका है। कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भैया' ने अपने समर्थकों को अपनी पसंद से वोट देने के लिए कहा है। इससे जानकार भाजपा के लिए प्रतापगढ़ और कौशांबी सीट पर राह थोड़ी मुश्किल भरी होना मान रहे हैं। लेकिन धनंजय सिंह के खुले समर्थन से कयास हैं कि जौनपुर के साथ ही पूर्वांचल की कई सीटों पर भाजपा को फायदा हो सकता है। धनंजय का अपनी ठाकुर बिरादरी में खासा प्रभाव है। जौनपुर में दो लाख से ज्यादा ठाकुर वोट हैं। धनंजय के समर्थन से पिछली बार जौनपुर सीट हारने वाली भाजपा अब राहत महसूस कर रही है। जौनपुर में अब तक हुए 17 चुनावों में 11 बार ठाकुर उम्मीदवारों को ही जीत मिली है। इस बार यहां भाजपा के कृपाशंकर सिंह का सपा-कांग्रेस गठबंधन के बाबू सिंह कुशवाहा और बसपा के सांसद श्याम सिंह यादव से मुकाबला है। जानकारों की माने तो जौनपुर के अलावा प्रतापगढ़, गाजीपुर, बलिया, अयोध्या, भदोही, चंदौली, मछलीशहर, घोसी, सोनभद्र और वाराणसी सीटों पर भी ठाकुर मतदाता अच्छी संख्या में हैं।

**सपा उठा सकती फायदा?:** कौशांबी से सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज ने भी राजा भैया से मुलाकात की थी। बताते हैं, 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज की आपत्तिजनक टिप्पणी पर राजा भैया के कानूनी सलाहकार ने मानहानि का मुकदमा दाखिल किया था। पिता-पुत्र ने राजा भैया से समर्थन मांगते हुए पुराने गिले शिकवे भूलने की बात कही थी। सपा सूत्रों की माने तो जनसत्ता दल के मुखिया ने पुरानी बात का भुला दिया है। कौशांबी में भाजपा ने दो बार के सांसद विनोद सोनकर को तीसरी बार चुनाव मैदान में उतारा है। बसपा से शुभ नारायण गौतम चुनाव लड़ रहे हैं। सपा प्रत्याशी 25 साल के पुष्पेंद्र सरोज लंदन से पढ़कर लौटे हैं। कौशांबी (सुरक्षित) लोकसभा की कुंडा और बाबागंज विधानसभा प्रतापगढ़ जनपद में आती हैं। इन दोनों विधान सभा क्षेत्र में राजा भैया का दबदबा चलता है।


विधायक रघुराज प्रताप सिंह।


बाहुबली धनंजय सिंह।

### ... जब जन सत्ता दल से बनते-बनते रह गई बात

धनंजय सिंह के साथ ही भाजपा कुंडा के विधायक और जनसत्ता दल के संस्थापक राजा भैया का भी समर्थन हासिल करना चाहती थी, लेकिन यह काम उससे मैनेज नहीं हो पाया। दावा किया है जा रहा है कि इसके पीछे राजा भैया की भाजपा के कौशांबी से सांसद विनोद सोनकर से कथित तौर पर नाराजगी रही। हालांकि भाजपा नेता केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के साथ कौशांबी से भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर ने राजा भैया से मिलकर समर्थन मांगा था। इससे पहले राजा भैया की गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात हुई थी।

# लालू की बेटियां दिखा पाएंगी कमाल

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की दो बेटियां मीसा भारती पाटिलपुत्र व रोहिणी आचार्य सारण लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। मीसा का यह तीसरा चुनाव है, वह दो बार हार चुकी हैं, जबकि सिंगापुर से आयीं रोहिणी राजनीतिक पारी शुरू कर रही हैं। सारण सीट पर भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी का मुकाबला राजद की रोहिणी आचार्य से है। सारण सीट पर रोहिणी के पिता लालू प्रसाद और मां पूर्व सीएम राबड़ी देवी को हार का स्वाद चखना पड़ा था, ऐसे में बड़ा सवाल है कि क्या रोहिणी उन दोनों की हार का बदला ले पाएंगी। सारण से लालू प्रसाद यादव 1977, 1989, 2004 और 2009 में चार बार सांसद रह चुके हैं। भाजपा के राजीव प्रताप रूडी भी यहां से चार बार 1996, 1999, 2014 और 2019 में चुनाव जीत चुके हैं।


मीसा भारती।


रोहिणी आचार्य।

- **सारण में पिता लालू प्रसाद और मां राबड़ी देवी की हार का बदला ले पाएंगी रोहिणी आचार्य**

रूडी इस बार पांचवी जीत के साथ लगातार जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। 2009 के चुनाव में रूडी ने लालू प्रसाद यादव ने हराया था। 2014 में रूडी ने लालू प्रसाद की पत्नी और पूर्व सीएम राबड़ी देवी को भी हरा दिया था। 2019 में उन्होंने राजद के चंद्रिका राय को एक लाख से अधिक वोटों से मात दी थी। राजद ने रोहिणी के लिए ताकत झोंक रखी है। लालू प्रसाद कई बार प्रचार करने आ चुके हैं।

**दो चुनाव हार चुकी हैं मीसा भारती :** पाटलिपुत्र लोकसभा सीट पर भी दिलचस्प मुकाबला हो रहा है। यहां से तीसरी बार राम कृपाल यादव और लालू प्रसाद की पुत्री मीसा भारती आमने-सामने हैं। मीसा ने 2014 और 2019 में भी यहां से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार का सामना करना पड़ा था। दोनों बार भाजपा के रामकृपाल यादव ने शिकस्त दी थी। इस बार भी मीसा भारती के खिलाफ रामकृपाल यादव ही मैदान में हैं। हालांकि इस बार असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी की एंट्री से समीकरण बिगड़ गए हैं। ओवैसी ने यहां इंजीनियर फारुख रजा को मैदान में उतारा है। वह पूर्व में राजद से जुड़े रहे हैं। पाटलिपुत्र लोकसभा सीट पर करीब 17 लाख मतदाताओं में सबसे ज्यादा यादव हैं, जिनकी संख्या करीब चार लाख है। भूमिहार मतदाता तीन लाख, एक लाख से अधिक ब्राह्मण, पौने दो लाख कुर्मी और डेढ़ लाख मुस्लिम और बाकी दलित व अन्य मतदाता हैं।

### जीत की अरदास


पंजाब में प्रचार के लिएपहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री आम आदमी पार्टी मुखिया अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ अमृतसर में स्वर्ण मंदिर पहुंचकर माथा टेका और चुनावी सफलता की कामना की।

# हावड़ा में फुटबालर प्रसून बनर्जी चौका लगाने की कोशिश में जुटे

चुनाव डेस्क

**अमृत विचारः** हावड़ा लोकसभा सीट पर इस बार त्रिकोणीय संघर्ष का मैदान बन गया है। भाजपा से डॉ. रथिन चक्रवर्ती और सीपीआई (एम) के सब्यसाची चटर्जी का मुकाबला तृणमूल कांग्रेस के सांसद प्रसून बनर्जी से हो रहा है। हावड़ा को कोलकाता का जुड़वां शहर माना जाता है। यहां स्थित हावड़ा ब्रिज या रवींद्र सेतु दुनिया में अपनी तरह का छठा सबसे लंबा पुल है। फुटबॉलर प्रसून बनर्जी ने 2013 में टीएमसी सांसद अंबिका बनर्जी की मृत्यु के बाद हुए उपचुनाव में यहां जीत हासिल की थी और तब से उन्होंने इस सीट पर कब्जा जमा रखा है। हावड़ा घनी आबादी वाला काफी हद तक अनियोजित इलाका है। एक समय में यहां तमाम लौह ढलाई के कारखाने थे जिनमें विभिन्न राज्यों के लोग कार्यरत थे। हावड़ा लोकसभा सीट पर 25 फीसदी से अधिक गैर-बंगाली मतदाता हैं, जो राजस्थान, बिहार या उत्तर प्रदेश से आकर यहां बसे हैं। हावड़ा के सात विधानसभा क्षेत्रों बाली, हावड़ा उत्तर, हावड़ा मध्य, शिबपुर, हावड़ा दक्षिण, सांकराइल और पंचला सभी पर टीएमसी का कब्जा है। 2019 के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के प्रसून बनर्जी 5,76,711 वोट पाकर जीते थे। भाजपा के रंतिदेव सेनगुप्ता 4,73,016 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर थे। सीपीआई (एम) के सुमित्रो अधिकारी 1,05,547 वोट तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के प्रसून बनर्जी ने सीपीएम के श्रीदीप भट्टाचार्य को हराया था। प्रसून बनर्जी को 488461 वोट जबकि सीपीएम के भट्टाचार्य को 291505 वोट मिले थे। भाजपा ने 22.05 फीसदी वोट पाए थे, जबकि कांग्रेस 5.62 फीसदी वोट पर ही सिमट गई थी।

# झारखंड में सीटें बचाने की चुनौती के लिए छिड़ा संग्राम

## पांचवें चरण में हजारीबाग, कोडरमा और चतरा के साथ गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव में पड़ेंगे वोट

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचारः** झारखंड में भाजपा लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की तीनों सीटें बरकरार रखने के लिए संघर्ष करती नजर आ रही है। राज्य में लोकसभा की तीन सीटों हजारीबाग, कोडरमा और चतरा के साथ गांडेय विधानसभा सीट के उपचुनाव में भी 20 मई को मतदान होगा। गांडेय में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन झामुमो उम्मीदवार के रूप में भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाए हैं। गांडेय विधानसभा सीट झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। सरफराज अब झामुमो से राज्यसभा के सदस्य हैं। इस बार के चुनाव में जहा कांग्रेस एक बार फिर से झामुमो और राजद के साथ गठबंधन में लड़ रही है, वहीं भाजपा को ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (एजेएसयू) समर्थन दे रही है।

### हजारीबाग को कांटे के संघर्ष में मिलेगा इस बार नया चेहरा

हजारीबाग लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा करते थे। बाद में उनके बेटे जयंत सिन्हा दो बार इस सीट से जीतकर केंद्रीय मंत्री बने। लेकिन 1998 के बाद यह पहला चुनाव है जब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में केंद्रीय वित्त और विदेश मंत्री रहे तथा विपक्ष के संयुक्त प्रत्याशी के रूप में राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने वाले यशवंत सिन्हा के परिवार का कोई भी सदस्य इस सीट से चुनाव नहीं लड़ रहा है। 2009 से हज़ारीबाग में भाजपा जीत रही है। 2009 में यशवंत सिन्हा के जीतने के बाद उनके बेटे जयंत सिन्हा ने 2014 और 2019 में दो बार जीत हासिल की थी। 2019 में जयंत सिन्हा ने कांग्रेस उम्मीदवार गोपाल प्रसाद साहू को 4,79,548 वोटों के बड़े अंतर से हराया था। उन्हें 67.42% यानी 7,28,798 वोट मिले थे। इतनी बड़ी जीत के बाद भी भाजपा ने जयंत के स्थान पर मनीष जयसवाल को उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतारा है, जो इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल का मुकाबला कर रहे हैं। कुर्मी उप-समुदाय के नेता जय प्रकाश पटेल झामुमो के सह-संस्थापक टेक लाल महतो के पुत्र हैं। पहले वह झामुमो में थे लेकिन बाद में भाजपा में चले गए और लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हो गए थे। जयप्रकाश पटेल ने कांग्रेस में जाने के लिए हज़ारीबाग सीट के मांडू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। इस बार दोनों प्रत्याशी नए होने से यह तय है कि हज़ारीबाग की जनता को सांसद के रूप में नया चेहरा मिलेगा। फिलहाल यहां करीबी संघर्ष होते नजर आ रहा है। इसकी वजह पटेल का मांडू से पूर्व विधायक होना है, वह तीन बार इस विधानसभा से जीत चुके हैं। कांग्रेस ने आखिरी बार यह सीट 1984 में जीती थी जब दामोदर पांडे ने सीपीआई उम्मीदवार को हराया था।


मनीष जयसवाल।


जय प्रकाश भाई पटेल।

### चतरा में ओबीसी, एससी-एसटी वोटर तीन चौथाई, मुकाबला ब्राह्मण और भूमिहार में

चतरा लोकसभा सीट पर अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एसटी) का वर्चस्व है। तीनों समुदायों का संयुक्त रूप से 75% से अधिक वोट शेयर है, लेकिन यहां मुकाबला भूमिहार और ब्राह्मण उम्मीदवारों के बीच हो रहा है। इस बार दोनों प्रत्याशी स्थानीय होने से इतना तय है कि पहली बार कोई स्थानीय व्यक्ति चतरा का सांसद बनेगा। भाजपा ने अपने दो बार के सांसद सुनील कुमार सिंह, जिन्होंने 2014 और 2019 में चतरा सीट जीती थी, के स्थान पर भूमिहार जाति से आने वाले कालीचरण सिंह को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने भी पिछला चुनाव हारने वाले मनोज कुमार यादव की जगह ब्राह्मण नेता पूर्व मंत्री कृष्णनंदन त्रिपाठी पर दांव लगाया है। भाजपा प्रत्याशी शिक्षक कालीचरण को चुनाव लड़ने का अनुभव नहीं है। वह प्रधानमंत्री की लोकप्रियता के सहारे जीत की उम्मीद लगाए हैं। वह पीएम का चेहरा आगे करके स्थानीय समीकरण साधके हुए कैडर वोट एकजुट करने में लगे हैं, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार जातीय समीकरण और राजद के वोटरों को साथ रखते हुए गुटबाजी दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा के लिए राहत की बात यह है कि बसपा से पूर्व सांसद नागमणि के मैदान में उतरने से कुर्मी-कोइरी वोट में सेंधमारी की संभावना है। बिहार के रहने वाले नागमणि अविभाजित बिहार के समय 1999 में लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। चतरा लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र सिमरिया, चतरा, मनिका, लातेहार और पांकी शामिल हैं।


अन्नपूर्णा देवी।


विनोद सिंह।


जय प्रकाश वर्मा।

### कोडरमा में त्रिकोणीय संघर्ष में फंसीं केंद्रीय मंत्री

कोडरमा लोकसभा सीट पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी लगातार दूसरी बार भाजपा उम्मीदवार के रूप में बगोदर से तीन बार के विधायक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के प्रत्याशी विनोद सिंह के खिलाफ मैदान में हैं। यहां झामुमो के बागी नेता पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने मुकाबले को लगभग त्रिकोणीय बना दिया है। कोडरमा को अगर भाजपा का गढ़ कहा जाता है, तो यह इलाका अपनी अभ्रक बेल्ट के लिए भी प्रसिद्ध है। 1977 में अस्तित्व में आई कोडरमा लोकसभा सीट पर अब तक 16 बार लोकसभा चुनाव हुए हैं। इनमें आठ बार भाजपा ने कमल खिलाया है। कांग्रेस को सिर्फ तीन बार जीत मिली है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में गांडेय विधानसभा के अलावा बगोदर, जमुआ, धनवार और कोडरमा विधानसभा सीटें आती हैं। यादव और कुशवाह जाति के मतदाता यहां बड़ी संख्या में होने के कारण चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्ष 2004 में बिहार से अलग राज्य बनने के बाद कोडरमा का प्रतिनिधित्व झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने किया था। अन्नपूर्णा देवी पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव से पूर्व वह भाजपा में शामिल हो गई थीं। इसके बाद भाजपा ने उन्हें कोडरमा से लोकसभा की प्रत्याशी बनाया था। अन्नपूर्णा देवी ने 2019 के चुनाव में झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) से मैदान में उतरे बाबूलाल मरांडी को हरा दिया था। अन्नपूर्णा देवी को 64.3% वोट मिले जबकि मरांडी 24.6% वोट ही हासिल कर पाए थे। उनकी जीत का अंतर 4.55 लाख वोट था। इस तरह कोडरमा से राजद के टिकट पर 2014 का विधानसभा चुनाव हारने वाली अन्नपूर्णा देवी पांच साल बाद भाजपा सांसद बन गईं। मरांडी जैसे दिग्गज नेता को हराने के इनाम के रूप में उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। जुलाई 2021 में मोदी मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ, तो उस समय भाजपा और जदयू में खींचतान चल रही थी। अन्नपूर्णा देवी को इसका फायदा मिला और यादव कोटे से वह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री बन गईं। उनका कद और बढ़ गया। माना जा रहा है कि बगोदर से विधायक कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के प्रत्याशी विनोद सिंह राजद के समर्थन से यादव वोटों में सेंधमारी कर पाने पर ही अन्नपूर्णा देवी के लिए चुनौती बन सकते हैं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक–985 फ्लैग–1100 डीएमओ–870 बोल्ड–1160
**चन्दौसी :** शिवालिक– 990 फ्लैग–1100 बोल्ड– 1140 डीएमओ– 870

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 88650 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 90000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75550 |
| गिन्नी (प्रति नग ) | 56300–56500 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,200 |
| चांदी आभूषण | 85,000 |

## कानपुर मंडी

गेहूं दड़ा 2350–2500, आर.आर.21 2550–2600, गेहूं फारम 2600–2700, जौ 2000 –2100, ज्वार 2000 –4000, बाजरा 2100–2150, मकाई 2200 –2400, चना 6000 –6200, अरहर 9000 –10000, मसूर 5500 –5600, मटर 3700 –4000, उड़द हरा 10000 –11000, उड़द काला 6000 –8000, मूंग 8500 –8800, अरहर फूल 16600–16800, अरहर स्पेशल 14000–14200, चना दाल 7500–7600, मटर दाल 4800–4900, मसूर मलका 7250–7300, मसूर दाल 7450–7500, उड़द दाल 9000–13000, उड़द धोवा 10000–13000, मूंग दाल 9500–10500, मूंग धोवा 10000–11500, अरवा 2000–2300, बासमती न01 8500–10000, सेला 2500 – 3000, बासमती न02 .6500 – 7500, आटा 1380–1430, मैदा 1350–1400, सूजी 1410–1430, शाहपसंद 1325–1350, लाही 5200–5250, अलसी 4500 –4600, अण्डी 4600 –4700, तिल्ली 11500– 12200, मूंगफली दाना शिवपुरी 9700– 11000, बटाली 9000 –10500, सेहुआं 4000 – 4500, सरसों कोल्हू 11200–11300, अलसी 9900–10000, अण्डी 12800–13000, सोयाबीन 1510–1506, सरसों 2500–2600, अलसी 5000–5100, अण्डी 1400–1450, बावर्ची 1510–1512, मयूर 1510–1512, मंगलौरलडडू 4700–4750, देशी भेली 4200–4400, शक्करदाना एम.30. 4200–4260, खुर्रा 60000–60100

# सेंसेक्स 676 अंक चढ़ा, निफ्टी भी 22 हजार पार

## एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में लिवाली, अमेरिका व एशिया के बाजारों में तेजी से मिला समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 676 अंक से अधिक के लाभ में रहा। वहीं एनएसई का निफ्टी भी 22,400 अंक के पार निकल गया। वहीं बुधवार को आई गिरावट के बाद बाजार गुरुवार फिर से संभल गया है और करीब एक प्रतिशत के लाभ में रहा। एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली तथा अमेरिका तथा एशिया के अन्य बाजारों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 676.69 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,663.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 73,749.47 अंक तक गया और नीचे में 72,529.97 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 203.30 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,403.85 अंक पर बंद हुआ।



- अमेरिका में मुद्रास्फीति अनुमान से कम रहने के मिल रहे संकेत

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच घरेलू बाजार में तेजी दिखाई दी है। मजबूत वैश्विक रुख यह संकेत देता है कि अमेरिका में मुद्रास्फीति अनुमान से कम रह सकती है। इससे इस साल वहां नीतिगत दर में कम-से-कम दो बार कटौती की उम्मीद जान पड़ती है।

वहीं सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, टाइटन, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और कोटक महिंद्रा बैंक आदि प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक आदि के शेयर शामिल हैं।

### उतार- वढ़ाव के बीच बाजार एक प्रतिशत लाभ लेने में रहा सफल

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि कारोबार के दौरान बाजार में उतार–चढ़ाव रहा लेकिन यह लगभग एक प्रतिशत लाभ लेने में कामयाब रहा। मझोली कंपनियों के शेयरों का सूचकांक (मिडकैप) 1.07 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों के शेयरों का सूचकांक (स्मॉलकैप) 0.85 प्रतिशत लाभ के साथ मजबूत हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग भी लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट बुधवार को भी बढ़त में था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.33 प्रतिशत घटकर 82.45 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,832.83 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

# विनिवेश के बाद एयर इंडिया नहीं रही सरकार की इकाई : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फैसले में कहा कि जनवरी, 2022 में टाटा समूह के हाथों अधिग्रहीत होने के बाद एयर इंडिया संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत सरकार या इसकी इकाई नहीं रही है और इसके खिलाफ मौलिक अधिकार के उल्लंघन का कोई मामला नहीं बनता है। साथ ही शीर्ष अदालत ने बंबई हाईकोर्ट के 20 सितंबर, 2022 के फैसले के खिलाफ दायर अपील को रद कर दिया।

हाईकोर्ट में एयर इंडिया के कुछ कर्मचारियों की तरफ से वेतन बढ़ोतरी और पदोन्नति जैसे मसलों को उठाया गया था। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि हाईकोर्ट ने एयर इंडिया के निजीकरण को आधार बनाते हुए इन रिट याचिकाओं को सुनवाई के लायक न मानते हुए उनका निपटारा कर दिया था। पीठ ने कहा कि सरकार ने एयर इंडिया के विनिवेश के दौरान अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा समूह की इकाई टैलेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित कर दी थी लिहाजा अब इस निजी कंपनी पर उसका कोई प्रशासनिक या सघन व्यापक नियंत्रण नहीं है। एयर इंडिया का सरकार ने विनिवेश किया था जिसमें टाटा समूह के हाथ में इसकी कमान आ गई थी। अपने विनिवेश के बाद कंपनी का नियंत्रण निजी हाथों में चले जाने के बाद उसे अब एक सरकारी इकाई नहीं माना जा सकता है।




- 2022 में टाटा समूह ने एयर इंडिया को कर लिया था अधिग्रहीत
- एयर इंडिया के कुछ कर्मचारियों ने वेतन बढ़ोतरी और पदोन्नति की उठाई थी मांग

## अल्पकालिक परिपक्वता पर एसबीआई ने एफडी दर बढ़ाई

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चुनिंदा अल्पकालिक परिपक्वता पर सावधि जमा दर में 75 आधार अंक तक की बढ़ोतरी की है। यह कदम अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी उठाए जाने की संभावना है। एसबीआई की वेबसाइट पर जारी किए गए संशोधित आंकड़े के अनुसार, 46-179 दिन की सावधि जमा (एफडी) के लिए दर 75 आधार अंक बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दी गई है, जो पहले 4.75 प्रतिशत थी। अन्य दो परिपक्वता अवधि 180-210 दिन और 211 दिन से लेकर एक वर्ष से कम में 25 आधार अंक की वृद्धि हुई है, जो क्रमशः छह प्रतिशत और 6.25 प्रतिशत है। दो करोड़ रुपये से कम जमा पर नई दरें 15 मई 2024 से प्रभावी हैं। इसमें कहा गया कि वरिष्ठ नागरिक मानदंडों के अनुसार संशोधित दरों पर अतिरिक्त 50 आधार अंक के पात्र होंगे। एसबीआई ने एक वर्ष से अधिक की अन्य परिपक्वता अवधियों पर ब्याज दरें अपरिवर्तित रखी हैं।

## निर्यात बढ़कर पहुंचेगा 500 अरब डॉलरः फियो

**नई दिल्ली।** निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो ने गुरुवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद देश का वस्तु निर्यात चालू वित्त वर्ष में 12 से 15% बढ़कर 500 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। फियो ने निर्यात को गति देने के लिए दीर्घकालीन कर्ज देने, ब्याज छूट बढ़ाने, निर्यात विकास कोष बनाने जैसे सुझाव दिये। वस्तु निर्यात 2023-24 में 437.1 अरब डॉलर रहा है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने कहा कि देश का सेवा निर्यात 2024-25 में 390 से 400 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है।

# मेंथा पर फिर फिदा हुए किसान, बढ़ाई पैदावार

- सिंथेटिक मेंथा के उत्पादन व कम दाम से 2020 से घटा था प्रदेश का रकबा
- तीन साल में काफी हुई बढ़ोतरी, नए जिलों में बंद हो गई पैदावार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश-विदेश में मेंथा ऑयल की मांग बढ़ने से प्रदेश के किसान इसको पुनः गंभीर हुए हैं। निष्कर्ष यह कि वर्ष 2020 से घटे रकबा और उत्पादन में 2023 तक बढ़ोतरी हुई है। लाभ होता देखकर मेंथा बेल्ट के 37 जिलों के किसान मुख्य फसल उगाने लगे हैं। जबकि कन्नौज समेत कुछ जिलों में पैदावार बंद हो गई है। क्योंकि 2020 में सिंथेटिक मेंथा ऑयल ने बाजार में जगह बनाई थी। जो सस्ता होने से खूब बिका। इससे पैदावार और बिक्री प्रभावित हुई। इस वजह से बेल्ट टूटती गई, लेकिन दवाएं, खाद्य और पेय पदार्थ आदि में असली की जगह सिंथेटिक नहीं ले सका। इस वजह से प्राकृतिक मेंथा की मांग बढ़ने से रकबा और पैदावार में इजाफा होने लगा है।

### ठंडी होती तासीर, किया जाता निर्यात

मेंथा ऑयल की तासीर ठंडी होती है। इसका उपयोग खुशबू वाले उत्पाद में होता है। ज्यादातर औषधीय दवाएं बनती हैं। खाने की चीजें जैसे पान, टॉफी, च्युइंगम, चाकलेट, कैंडी, चाय और मिठाई आदि में डाली जाती है। किसी खाद्य सामग्री का स्वाद बनाने में ज्यादा प्रयोग होता है। कॉस्मेटिक सामान, परफ्यूम, टूथपेस्ट, माउथवाश, शैंपू, बॉडी लोशन, दर्द नाशक क्रीम. साबुन आदि में मेंथा ऑयल डाला जाता है। इसका प्रदेश से निर्यात अमेरिका, चीन और सिंगापुर जैसे देशों में होता है।

### सिंथेटिक हानिकारक, पहचान मुश्किल

कंपनियां सिंथेटिक मेंथा केमिकल से तैयार करती हैं। बिना परीक्षण इसकी पहचान मुश्किल है। इसके सेवन से बीमारियां होती हैं। दवाओं और खाद्य पदार्थों के परीक्षण पर सिंथेटिक की पहचान हुई तो प्रयोग नहीं हुआ। जबकि कॉस्मेटिक सामान बनाने वाली इकाइयां इसका प्रयोग कर रही हैं।

सिंथेटिक मेंथा से से किसानों को अच्छे दाम नहीं मिले थे और उतार चढ़ाव लगा रहा, लेकिन सिंथेटिक की मांग न होने से सुधार हुआ है। जल्द पहले से अधिक उत्पाद करेंगे।
–**विजय बहादुर द्विवेदी**, निदेशक खाद्य एवं प्रसंस्करण उप्र

### इस तरह घटा और बढ़ा प्रदेश का क्षेत्रफल और पैदावार

| वर्ष | क्षेत्रफल (हे.) | आयल (उत्पाद एमटी) |
|---|---|---|
| 2020 | 3,46,003 | 36,304.12 |
| 2021 | 3,46,299 | 35,007.04 |
| 2022 | 3,47,461 | 35,117.46 |
| 2023 | 3,48,682 | 35,154.10 |

### इन जिलों में हुई बढ़तोरी

| जिला | 2020 | 2023 |
|---|---|---|
| बदायूं | 4837.21 | 4920 |
| मुरादाबाद | 2281 | 2357 |
| रामपुर | 2366 | 2359 |
| संभल | 3591 | 3626 |
| लखनऊ | 910 | 938 |
| सीतापुर | 4656 | 4713 |
| बाराबंकी | 9935 | 9963 |
| बरेली | 74 | 76.21 |

(आंकड़े एमटी में)

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### भंडारे के भोजन से 90 लोग बीमार, अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एक मंदिर के बाहर आयोजित भंडारे में खाना खाने से कई लोगों की तबीयत खराब हो गई और कम से कम 90 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। पुलिस के अनुसार घटना बुधवार शाम को नायगांव में हुई। शिव मंदिर के बाहर भंडारे का आयोजन किया गया था। भंडारे में श्रद्धालुओं को अम्बील और खीर का प्रसाद दिया गया। अम्बील खाने के बाद श्रद्धालुओं को चक्कर आने के साथ उल्टी होने लगी। शुरुआत में कुछ लोगों को अस्पताल ले जाया गया लेकिन देर शाम कुछ और लोगों ने खाद्य विषाक्तता की शिकायत की।

### सोनीपत में बॉयलर फटने से दो लोगों की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सोनीपत में बॉयलर फटने से दो लोगों की जान चली गई और 25 लोग घायल हो गये हैं। बृहस्पतिवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। सोनीपत के कुंडली शहर में बुधवार की रात यह घटना हुई। कुंडली नगर के थाना प्रभारी देवेन्दर सिंह ने फोन पर बताया, हमें घटना स्थल से दो शव मिले हैं। विस्फोट से 25 लोग घायल हो गये हैं। बॉयलर फटने के कारण हुए धमाके से निकटवर्ती इमारत को भी नुकसान पहुंचा है।

### कार में बंद होने के बाद दम घुटने से बच्ची की मौत

**कोटा (राजस्थान)।** राजस्थान के कोटा में कार में बंद हो जाने के कारण तीन वर्षीय बच्ची की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घटना बुधवार की है जब बच्ची के माता–पिता शादी समारोह मे गए थे। मृतक बच्ची की पहचान गोरविका नागर के रूप में हुई। खतौली थाने के प्रभारी बन्ना लाल ने बताया कि प्रदीप नागर अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ जोरावरपुरा गांव में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। जैसे ही परिवार कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा, मां और उसकी बड़ी बेटी कार से बाहर निकल आईं और प्रदीप वाहन पार्क करने चले गए। प्रदीप को लगा कि गोरविका अपनी मां के साथ है और उन्होंने कार को लॉक किया। बाद में बच्ची का पता नहीं चलने पर उसको ढूंढना शुरू किया। माता–पिता ने बच्ची को कार की पिछली सीट पर बेहोश पाया और उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 2.71 करोड़ डोडा पोस्त छिलका जब्त, दो गिरफ्तार

**चूरू।** राजस्थान में चूरू जिले की सेड़वा थाना पुलिस ने गुरुवार को नाकाबंदी के दौरान कंटेनर से दो करोड 71 लाख मूल्य का डोडा पोस्त छिलका जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। एसपी जय यादव ने बताया कि थाना प्रभारी अल्का बिश्नोई की टीम ने मामले में पलविंद्र सिंह निवासी पंजाब एवं मंगल पासवान निवासी यूपी को पकड़ा है।

# देश को नहीं चाहिए एक-एक साल वाला पीएमः शाह

## केंद्रीय गृह मंत्री ने बिहार के सीतामढी और मधुबनी में राजग उम्मीदवारों के पक्ष में रैलियों को किया संबोधित

सीतामढी/मधुबनी, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि देश को एक मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए, न कि बारी-बारी, एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री। बिहार के सीतामढी और मधुबनी में राजग उम्मीदवारों के पक्ष में अलग-अलग रैलियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि इंडिया गठबंधन वालों का कुछ होना नहीं है। पर मान लीजिए, वे स्वप्न में भी जीत जाते हैं तो उनका प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार कौन होगा। ममता बनर्जी बन सकती हैं क्या, लालू बन सकते हैं क्या, स्टालिन बन सकते हैं क्या, शरद पवार बन सकते हैं क्या, जब गठबंधन वालों से पूछा गया कि आपका प्रधानमंत्री का प्रत्याशी कौन है तो उन्होंने कहा, बारी-बारी एक-एक साल बनेंगे। अरे यह परचून की दुकान है क्या कि पीढ़ी दर पीढ़ी चलेगी।

उन्होंने कहा, देश को मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए जो उसे सभी खतरों से निकाल ले। कोरोना जैसी महामारी आ जाए तो नेतृत्व करे। देश को अगर संकट से कोई बचा सकता है तो वह मोदी हैं। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दीजिए, गो हत्या करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेंगे। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले पर शाह ने कहा, यह केंद्र सरकार का सही फैसला था। पीएफआई देश को इस्लामिक राज्य बनाना चाहता था। ये कांगेस वाले, ये फारूक अब्दुल्ला हमें डराते हैं कि पीओके मत मांगिए, पाकिस्तान के पास एटम बम है। अरे राहुल बाबा, आप डरिए पाकिस्तान से, एटम बम से, यह भारत किसी से नहीं डरता। मैं आज सीता माता की धरती पर कहकर जाता हूं, पीओके भारत का है, रहेगा और वह हम लेकर रहेंगे।




बिहार के मधुबनी में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक रैली के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का अभिनंदन किया गया।

### मां सीता की जन्म भूमि पर स्मारक बनाने का काम बाकी

उन्होंने कहा, मोदी जी ने अयोध्या में रामलला का मंदिर बनाया। एक काम पूरा हुआ। अब मां सीता की जन्म भूमि पर महान स्मारक बनाने का काम बाकी है। रामलला के मंदिर से अपने आपको दूर रखने वाले वह नहीं बना सकते। सीता माता का भाव, उनके त्याग, समर्पण, तपस्या और आदर्श के अनुरूप स्मारक/मंदिर अगर कोई बना सकता है तो नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी ही बना सकती है। मैं आप लोगों को विश्वास दिलाकर जाता हूं, न केवल भारत, न केवल बिहार, न केवल पूर्वांचल, मिथिलांचल, पूरी दुनिया का आकर्षण का केंद्र हमारा सीतामढ़ी बने, ऐसा भव्य मंदिर बनाने का काम हम करेंगे। शाह ने कहा, देश में 10 साल तक सोनिया–मनमोहन की सरकार चली जिसमें लालू यादव भी मंत्री थे। उन्होंने बिहार को मात्र दो लाख 80 हजार करोड़ रुपये दिए, जबकि मोदी जी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में बिहार को 11 लाख 33 हजार करोड़ रुपये देने का काम किया।

# 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती कर देंगे शुरू : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांगेस नेता ने एक एक वोट को बताया जरूरी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अन्याय को मिटाने के लिए एक एक वोट को जरूरी बताते हुए कहा है कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती शुरु कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में न्याय नहीं हो रहा है।

जल, जमीन और जंगल से आदिवासियों के हकों को छीना जा रहा है और सबके साथ अन्याय हो रहा है इसलिए न्याय के लिए हर एक वोट जरूरी है। उन्होंने कहा कि अपने वोट की ताकत समझिए। आपका एक वोट, 15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों की भर्ती का काम शुरू करवाएगा। एक जुलाई से गरीब महिलाओं के खाते में 8,500 रुपए हर माह खटाखट पहुंचाएगा- आपका एक वोट। कांग्रेस को मिला आपका एक वोट युवाओं को 1 लाख रुपए वर्ष की पहली नौकरी दिलवाएगा, आपको अधिकार देने वाले संविधान की रक्षा करेगा, अपनी सरकार चुनने का अधिकार सुरक्षित कर लोकतंत्र बचाएगा और वंचितों के हक, भागीदारी तथा आरक्षण की रक्षा करने के साथ ही जल, जंगल, जमीन पर आदिवासियों का अधिकार कायम रखेगा। इन्डिया गठबंधन को मिला आपका हर वोट, मजबूत लोकतंत्र और सशक्त नागरिक बनाएगा।

## कोर्ट के संज्ञान के बाद आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती ईडी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 44 के तहत एक शिकायत पर अदालत के संज्ञान लेने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह सुनवाई के दौरान अपना फैसला सुनाया।

उच्चतम न्यायालय ने अपीलकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा और ईडी का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में कई निर्देश जारी किए।



- सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में जारी किए निर्देश

शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि अगर ईडी उसी अपराध की आगे की जांच करने के लिए अदालत की ओर से समन जारी होने के बाद कोर्ट में पेश हुए आरोपी की हिरासत चाहती है तो उसे (केंद्रीय जांच एजेंसी) को विशेष अदालत में आवेदन करके आरोपी की हिरासत मांगनी होगी। इसके बाद संक्षिप्त कारण दर्ज करने के बाद आवेदन पर आदेश पारित करना होगा।

### आरोपी को रिहाई के लिए जमानत की दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं

शीर्ष अदालत ने कहा कि आरोपी को अदालत की ओर से समन किया जाना चाहिए, लेकिन उसे अपनी रिहाई के लिए जमानत की दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने कहा, यदि आरोपी समन (अदालत के) के अनुसार विशेष अदालत के समक्ष पेश होता है तो यह नहीं माना जा सकता कि वह हिरासत में है। इसलिए आरोपी के लिए जमानत के वास्ते आवेदन करना जरूरी नहीं है।

## झारखंड के मंत्री आलमगीर छह दिन की रिमांड पर

रांची, एजेंसी

- धन शोधन में ईडी ने बुधवार को आलम को किया था गिरफ्तार

धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड की पाकुड़ सीट से विधायक और राज्य सरकार में संसदीय मामलों के मंत्री आलमगीर आलम को बृहस्पतिवार को छह दिनों के लिए केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने आलम के लिए 10 दिन की रिमांड मांगी थी। आलम को ईडी ने बुधवार को छह घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

आलम के वकील किशलय प्रसाद ने कहा कि मंत्री की छह दिन की रिमांड शुक्रवार से शुरू होगी। आज, वह न्यायिक हिरासत में हैं। आलम के खिलाफ कोई विशिष्ट आरोप नहीं हैं। सब कुछ अस्पष्ट है। उन्होंने (ईडी) न तो किसी ऐसे व्यक्ति के नाम का खुलासा किया, जिसने पैसे लिये हैं और न ही अपराध किसने किया, इसका जिक्र है। नकदी किसी जहांगीर के पास से बरामद हुई है और उसका आलमगीर आलम से कोई लेना-देना नहीं है। आलम के वकील ने ईडी की रिमांड याचिका का विरोध करते हुए अदालत में 70 वर्षीय मंत्री की स्वास्थ्य स्थिति का भी हवाला दिया।

## चुनाव के चार चरणों में 67% हुआ मतदान

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चार चरणों में कुल मतदान 66.95 प्रतिशत दर्ज किया गया। करीब 97 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से 45.1 करोड़ लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। आयोग ने बयान में मतदाताओं का आह्वान किया कि वे आने वाले चरणों में मतदान के लिए बड़ी संख्या में बाहर निकलें। आयोग के अनुसार, 13 मई को हुए चौथे चरण में अद्यतन मतदान 69.16 प्रतिशत था, जो 2019 के संसदीय चुनावों में इसी चरण की तुलना में 3.65 प्रतिशत अंक अधिक है। लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण के मतदान के लिए अद्यतन मतदान का आंकड़ा 65.68 प्रतिशत रहा। 2019 के आम चुनाव के तीसरे चरण में 68.4 प्रतिशत मतदान हुआ था। गत, 26 अप्रैल को हुए चुनाव के दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि 2019 के दूसरे चरण में 69.64 प्रतिशत मतदान हुआ था। मौजूदा आम चुनाव के पहले चरण में 66.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 2019 के चुनाव में पहले चरण में 69.43 फीसदी मतदान हुआ था।

- आयोग ने मतदान करने का लोगों से किया आग्रह

## बीआरएस नेता कविता की याचिका पर रुख स्पष्ट करे सीबीआई

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिका पर गुरुवार को सीबीआई से अपना रुख स्पष्ट करने को कहा।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने सीबीआई को नोटिस जारी किया और सुनवाई 24 मई के लिए तय कर दी। इसी दिन ईडी के धन शोधन के मामले में जमानत को लेकर कविता द्वारा दाखिल अन्य याचिका पर भी सुनवाई होनी है। कोर्ट ने नोटिस जारी किया और अधीनस्थ न्यायालय के आदेश के खिलाफ कविता की एक अन्य याचिका पर भी सीबीआई से जवाब मांगा।

## यूपी में धर्म परिवर्तन मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर शीर्ष रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्राथमिकी में हिंदुओं को अवैध रूप से ईसाई धर्म में परिवर्तित कराने का आरोप

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश की सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज के कुलपति और अन्य के खिलाफ अवैध धर्मांतरण के आरोप में दर्ज पांच प्राथमिकियों पर निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी।

प्राथमिकी में हिंदुओं को अवैध रूप से ईसाई धर्म में परिवर्तित कराने का आरोप है। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत की कार्यवाही जारी रखने के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि मामले में सुनवाई अदालत में प्राथमिकी के संबंध में आगे की कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। पीठ ने कुलपति राजेंद्र बिहारी लाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे समेत कई वकीलों की इस दलील पर गौर किया कि निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी जाए क्योंकि सभी आरोपियों को इन मामलों में राज्य पुलिस द्वारा दाखिल नए आरोपपत्रों के मद्देनजर जारी किए गए समन के बाद पेश होना होगा। आरोपियों के वरिष्ठ वकील मुक्ता गुप्ता ने कहा कि कथित पीड़ितों में से किसी की भी गवाही राज्य पुलिस द्वारा दर्ज नहीं की गई, जिनके बारे में दावा किया गया था कि उन्हें बहकाकर ईसाई धर्म में परिवर्तित कराया गया था। पीठ ने दलीलें सुनीं और मामले की अगली सुनवाई दो अगस्त के लिए सूचीबद्ध की।

## कोर्ट ने यादव सिंह को सीबीआई की गिरफ्तारी से संरक्षण किया प्रदान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को नोएडा प्राधिकरण के पूर्व मुख्य अभियंता यादव सिंह को भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया। भ्रष्टाचार के इस मामले में यादव सिंह ने दिसंबर 2011 में कथित तौर पर 954 करोड़ रुपये के 1280 रखरखाव ठेकों का काम आठ दिन में कराया था।

- सीबीआई के आरोप पत्र दायर करने के बाद जारी हुआ जमानती वारंट

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने यादव सिंह की ओर से पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एनके कौल की इन दलीलों पर संज्ञान लिया कि मामले में आरोपी के खिलाफ सीबीआई द्वारा पूरक आरोपपत्र दायर किये जाने के बाद उनके खिलाफ एक जमानती वारंट जारी किया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि तीन साल से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद शीर्ष अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी और अब उन्हें ताजा पूरक आरोपपत्र दाखिल होने के मद्देनजर नए सिरे से गिरफ्तारी की आशंका है।

## फिल्म फैस्टिवल



दक्षिण फ्रांस में आयोजित 77वें अंतरराष्ट्रीय कान्स फिल्म महोत्सव में फोटोग्राफरों के लिए पोज देती अभिनेत्री अन्या टेलर-जॉय।

## ओमान में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिजनों ने एयर इंडिया से मांगा मुआवजा


तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- दिल का दौरा पड़ने के कारण महिला नहीं जा पाई थी पति के पास
- एआई एक्सप्रेस के चालक दल की हड़ताल के कारण रद हुई थी उड़ानें

दिल का दौरा पड़ने के कारण हाल ही में ओमान में जान गंवाने वाले एक व्यक्ति के परिजनों ने बृहस्पतिवार को तिरुवनंतपुरम में एअर इंडिया एसएटीएस एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एआईएसएटीएस) के कार्यालय के बाहर शव रखकर विरोध-प्रदर्शन किया। परिजनों ने एअर इंडिया एक्सप्रेस से मुआवजे की मांग की और दावा किया कि अगर विमानन कंपनी ने उड़ानें रद नहीं की होती तो उसकी पत्नी उसके साथ होती। मृतक के परिजनों ने कहा कि एअर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्यों की हड़ताल के कारण उड़ानें बार-बार रद होने से महिला अपने पति के पास नहीं जा सकी और देखभाल के लिए कोई नहीं होने के कारण खाड़ी देश में महिला के पति की मौत हो गई। मृतक के शव को सुबह केरल लाया गया।

शव के साथ रिश्तेदार सीधे एआईएसएटीएस कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया। यह कंपनी विमान का जमीन पर रखरखाव, यात्री सहायता और हवाई मालवहन जैसी सेवाएं देती हैं। टीवी चैनलों पर दिखाए गए दृश्यों के अनुसार, रिश्तेदारों ने शव को एआईएसएटीएस के कार्यालय की इमारत की सीढ़ियों के सामने रखा और आसपास चुपचाप खड़े हो गये। महिला के पिता ने आरोप लगाया कि एयरलाइन के खराब रवैये के कारण उन्होंने अपने दामाद को खो दिया।

## फट सकता है आपकी कार का टायर भूलकर भी आप न करें ये गलतियां



वाहन में टायर सबसे अहम भूमिका निभाता है। क्योंकि रोड पर जब आपकी कार चलती है तो वो सीधा टायर से कनेक्ट रहती है। कई बार लोग वाहन के टायर का खास ख्याल नहीं रख पाते हैं जिसके कारण बीच रास्ते में टायर फट जाता है। बीते दिनों ग्रेटर नोएडा से देवरिया जाते समय यमुना एक्सप्रेसवे पर दूल्हे की कार टायर फट गया। हादसे में 5 की मृत्यु हो गई, जबकि 3 लोग घायल हुए। ऐसी न जाने प्रतिदिन कितनी घटनाएं सामने आती रहती हैं। इस खबर के माध्यम से आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप कैसे अपने कार के टायर का ख्याल रखें कि आपको ऐसी दुर्घटना का सामना न करना पड़े।

### इसलिए फटते हैं टायर

- **तेज स्पीड** : घर्षण के चलते टायर गर्म हो जाते हैं। टायर के भीतर हवा फैलती है और प्रेशर ज्यादा होने से टायर फट जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक वे इतनी गर्मी सहन करने के लिए डिजाइन नहीं होते हैं।
- **खराब टायर** : खराब टायरों का घर्षण भी ज्यादा होता है और वे जल्दी गर्म होते हैं। लोगों को समझना चाहिए कि यदि टायरों की ट्रेडिंग की गहराई कम है तो वे ज्यादा स्पीड पर चलाने के लिए मुफीद भी नहीं हैं।
- **ज्यादा हवा** : टायर में क्षमता से ज्यादा हवा होने से सड़क पर टायर की कम सतह लगती है, जिससे कंट्रोल हाथ से निकल सकता है। ठीक से कंट्रोल न किया जा सकने वाला वाहन कभी भी हादसे का शिकार हो सकता है।

### यह ध्यान रखना जरूरी

- **टायर की उम्र** : सामान्यतया 40 हजार किलोमीटर के बाद टायर बदले जाने चाहिए। इतने चलने के बाद टायर गर्मी व बारिश में तेज स्पीड में चलाने लायक नहीं रहता।
- **टायर प्रेशर** : टायर कंपनियां वाहनों के आगे-पीछे के टायरों के लिए एक मानक प्रेशर तय करती हैं। लंबी दूरी की यात्रा करने से पहले टायर प्रेशर जांचना जरूरी है।
- **नाइट्रोजन भरें** : ऑटोमोबाइल एक्सपर्टस के मुताबिक सामान्य हवा के बजाय टायरों में नाइट्रोजन भरी जाए तो अच्छा है। यह हवा से हल्की होती है, जो लंबी दूरी की यात्राओं में टायर के घर्षण से गर्म होकर फैलती नहीं।
- **अलाइनमेंट** : गाड़ी का अलाइनमेंट ठीक नहीं होने से टायर पर ज्यादा इम्पैक्ट होता है जिससे वह फट जाता है। टैक्सी गाडियों का अलाइनमेंट चैकअप हर 3-4 महीने में होना चाहिए। लापरवाही मिलने पर गाड़ी मालिक के खिलाफ धारा-304 में केस हो सकता है।

## एक नजर

### कविता कृष्णमूर्ति लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**लंदन।** प्रसिद्ध गायिका कविता कृष्णमूर्ति को लंदन में वार्षिक यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ) में संगीत में उनके योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। मिस्टर इंडिया और हम दिल दे चुके सनम जैसी कई हिंदी फिल्मों के गीतों को अपनी आवाज दे चुकीं हैं। 66 वर्षीय कृष्णमूर्ति को चार दशक के करियर में उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। उन्होंने लगभग 45 भारतीय भाषाओं में 50,000 से अधिक गाने गाए हैं।

### यूरोप में जल्द ही शांति और स्थिरता लौटने की उम्मीद

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर सम्मेलन में उम्मीद जतायी कि यूरोप में जल्द ही शांति और स्थिरता लौटेगी और चीन रचनात्मक भूमिका निभाएगा। पुतिन की बीजिंग यात्रा ऐसे समय हो रही है जब मॉस्को यूक्रेन में एक नए हमले की तैयारी कर रहा है। चीन ने 2023 में यूक्रेन में शांति के लिए प्रस्ताव जारी किया था।

### हवाई की सवाना को मिस यूएसए का ताज

**न्यूयॉर्क।** हवाई की सवाना गैंकीविक्ज को बुधवार को मिस यूएसए 2023 का ताज पहनाया गया। इस खिताब की पिछली विजेता नोएलिया वोइट ने करीब एक सप्ताह पहले, अपने मानसिक स्वास्थ्य का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था। होनोलूलू स्टार-एडवरटाइजर की खबर के अनुसार, महिला सशक्तीकरण गैर-लाभकारी संस्था का नेतृत्व करने वाली मॉडल गैंकीविक्ज़ के पास यह खिताब, कार्यकाल की शेष अवधि यानी अगस्त तक रहेगा।

### 17 विदेशियों को निर्वासित करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को भारत सरकार को निर्देश दिया कि असम के एक निरुद्ध केंद्र में बंद ऐसे 17 विदेशियों को निर्वासित किया जाए जिनके खिलाफ कोई अपराध पंजीकृत नहीं है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जमा की गई एक रिपोर्ट पर संज्ञान लिया जिसमें कहा गया है कि असम के निरुद्ध (डिटेंशन) केंद्र में 17 घोषित विदेशी हैं। पीठ ने कहा हमारी राय है कि भारत सरकार को इन 17 विदेशियों को निर्वासित करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए क्योंकि उनके खिलाफ कोई अपराध पंजीकृत नहीं हैं।

# जिनपिंग-पुतिन बोले, हिंद व प्रशांत क्षेत्र में नाटो का रुख विनाशकारी

### पांचवें कार्यकाल के शपथ ग्रहण करने के बाद बीजिंग पहुंचे पुतिन, राष्ट्रपति जिनपिंग से मिले

बीजिंग, एजेंसी



बीजिंग में दलबल के साथ बैठक करते चीन व रूस के राष्ट्रपति।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गुरुवार को बीजिंग में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नाटो के रुख को विनाशकारी करार दिया। साथ ही पूर्वोत्तर एशिया में शक्ति संतुलन को बदल कर अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की। अपने 5वें कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के बाद पुतिन पहली विदेश यात्रा पर दो दिन की चीन की राजकीय यात्रा पर बीजिंग आये हैं।

चीनी राष्ट्रपति ने यहां अपने पुराने मित्र रूसी राष्ट्रपति का पारंपरिक ढंग से भव्य स्वागत किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया। पुतिन ने अपने बयान में चीनी राष्ट्रपति के साथ उनकी बातचीत को असाधारण, गहन और सार्थक करार दिया। उन्होंने कहा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हमारी आज की असाधारण गहन और सार्थक वार्ता को जारी रखते हुए द्विपक्षीय सहयोग के मौजूदा मुद्दों पर चर्चा करके बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि चीनी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद संयुक्त वक्तव्य में चीन रूस द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए दीर्घकालिक दिशा-निर्देश तय किये गये हैं।



पुतिन का स्वागत करते जिनपिंग।

- पूर्वोत्तर एशिया में अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की

शी ने रूस के राष्ट्रपति के रूप में पांचवी बार शपथ लेने के लिए श्री पुतिन और रूस के लोगों को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि पुतिन के नेतृत्व में रूस विकास के पथ पर निश्चित रूप से और अधिक प्रगति करेगा। चीन के राष्ट्रपति ने चीन-रूस के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अवसर दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में एक पड़ाव है।

### वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाली कई घोषणाएं की

बातचीत के बाद दोनों देशों की ओर से एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया जिसमें वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाली कई अहम घोषणाएं की गई। रूस और चीन के नेताओं ने नाटो के रुख को विनाशकारी बताते हुए विभिन्न देशों से टकराव वाली नीतियां अपनाने, दूसरों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बंद करने का आह्वान किया। वक्तव्य के अनुसार चीन ने संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित करने के रूस के प्रयासों का समर्थन तथा उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप का विरोध किया। कहा गया कि किसी भी राज्य को दूसरों की सुरक्षा की कीमत पर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करनी चाहिए। रूस, चीन ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के साथ राजनीति, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और मानवीय संबंधों में सहयोग की संभावनाओं को मजबूत करने का संकल्प जताया और सैन्य निर्माण के माध्यम से पूर्वोत्तर एशिया (विशेष रूप से उत्तर कोरिया के संदर्भ में) में शक्ति संतुलन बदलने के अमेरिकी आधिपत्य प्रयासों का विरोध व्यक्त किया।

## छत्तीसगढ़ में मृत तेंदुआ मिला, शरीर के कई अंग गायब

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में वन विभाग ने एक मृत तेंदुआ बरामद किया है। अधिकारियों ने बताया कि जब दल वहां पहुंचा तो देखा तेंदुआ का शव क्षत—विक्षत वहां पड़ा था।

इस वन्य प्राणी के शरीर में खाल के कुछ हिस्से, नाखून, दांत और पूछ नहीं थे। अधिकारियों के मुताबिक इस क्षेत्र में अक्सर तेंदुआ देखा जाता है। गर्मी के मौसम में वे भोजन और पानी की तलाश में यहां आते रहे हैं। आशंका है कि शिकारियों ने तेंदुआ को जहर देकर मार दिया तथा उसके अंगों को काटकर निकाल लिया। वन विभाग ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाइडेन प्रशासन में 16 लाख प्रवासी अमेरिका में घुसे

वाशिंगटन, एजेंसी

- देश की दक्षिणी सीमा के माध्यम से अधिकारियों से बचकर किया प्रवेश



अमेरिका में बाइडेन प्रशासन में देश की दक्षिणी सीमा के माध्यम से अवैध रूप से लगभग सोलह लाख प्रवासियों ने प्रवेश किया है। फॉक्स न्यूज ने अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) से प्राप्त आंकड़ों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक 2021 और 2023 के बीच सीबीपी ने दर्ज किया कि लगभग 16 लाख प्रवासी अवैध रूप से अमेरिकी दक्षिणी सीमा पार करने पर अधिकारियों से बचने में सक्षम रहे। पिछले वर्षों की तुलना में ओबामा और ट्रम्प प्रशासनों के तहत वित्तीय वर्ष 2010 और 2020 के बीच अवैध रूप से अमेरिका-मेक्सिको सीमा पार करने वाले प्रवासियों की संख्या चौदह लाख से अधिक थी। अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर आने वाले अधिकांश शरण चाहने वाले प्रवासी अमेरिका में प्रवेश करने के तुरंत बाद खुद को अमेरिकी सीमा गश्ती एजेंटों के पास सौंप देते हैं।

## निज्जर हत्या मामले में अमनदीप कोर्ट में पेश

ओटावा, एजेंसी

- खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या से जुड़े मामले में तीन दिन पहले अमनदीप सिंह को किया था गिरफ्तार

खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जुड़े मामले में गिरफ्तार भारतीय नागरिक अमनदीप सिंह को कनाडा की अदालत के समक्ष बुधवार को पेश किया गया। अदालत ने उसे 21 मई को दोबारा पेश करने का निर्देश दिया है। इस चर्चित मामले में अमनदीप सिंह, तीन अन्य लोगों के साथ सह आरोपी है। निज्जर की हत्या के मामले को लेकर भारत और कनाडा के रिश्तों में तनाव पैदा हो गया है।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि अमनदीप सिंह (22) को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिये बुधवार को सरे की अदालत में पेश किया गया जिसके बाद न्यायधीश ने मामले की सुनवाई अगले सप्ताह के लिए टाल दी। निज्जर (45) की पिछले साल 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में स्थित गुरु नानक सिख गुरुद्वारा के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अमनदीप पर 11 मई को हत्या और हत्या करने की साजिश रचने का अभियोग लगाया गया।

### अदालत कक्ष के बाहर झंडे लेकर खड़े थे खालिस्तान समर्थक

अमनदीप सिंह पेशी से पहले अदालत कक्ष के बाहर करीब दो दर्जन लोग खालिस्तान के समर्थक झंडे लेकर खड़े थे। पुलिस के मुताबिक अमनदीप, करण बराड़, कमलप्रीत सिंह और करणप्रीत सिंह भारतीय नागरिक हैं। अमनदीप कनाडा के ब्रैम्पटन, एबॉट्सफ़ोर्ड और सरे में अपना समय बिताता था। कनाडियाई मीडिया के मुताबिक आरोपी उस हमलावर दस्ते के सदस्य थे जिनके बारे में माना जा रहा है कि भारत सरकार ने उन्हें निज्जर की हत्या करने का जिम्मा सौंपा था।

## स्लोवाकिया पीएम फिको के हमलावर ने अकेले ही घटना को दिया था अंजाम

बांस्का बिस्त्रिका (स्लोवाकिया), एजेंसी।

- स्लोवाकिया के गृह मंत्री माटुस सुताज ने दी यह जानकारी

स्लोवाकिया के गृह मंत्री माटुस सुताज एस्टोक ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर गोलीबारी करने वाले हमलावर ने अकेले ही इस घटना को अंजाम दिया। इस जानलेवा हमले ने इस छोटे से मध्य यूरोपीय देश को सकते में डाल दिया है। नेता हमले के लिए अत्यंत राजनीतिक ध्रुवीकरण को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

गृह मंत्री एस्टोक ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमले के लिए जिस व्यक्ति पर आरोप लगाया गया है उसका किसी भी राजनीतिक समूह से जुड़ाव नहीं रहा है। प्रधानमंत्री फिको पर बुधवार को एक सांस्कृतिक केंद्र के बाहर पांच गोलियां चलाई गईं जिस दौरान वह समर्थकों से मिल रहे थे। फिको का उपचार किया जा रहा है।

**फिको की शल्य चिकित्सा के बाद हालत**



**स्थिर : ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हालत शल्य चिकित्सा के बाद स्थिर है। स्थानीय मीडिया ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया टीए3 के अनुसार बीबीसी ने स्लोवाकिया के पर्यावरण मंत्री टॉमस ताराबा के हवाले से कहा कि प्रधानमंत्री की जान को कोई खतरा नहीं है।

## नकली पुलिसकर्मियों ने कैफे मालिक से 25 लाख रुपये लूटे

**मुंबई।** अपराध शाखा से जुड़े होने का दावा करने वाले छह लोग मुंबई के सायन इलाके में एक कैफे मालिक के घर में घुस गए और कथित तौर पर 25 लाख रुपये ले गए।

पुलिस ने इनमें से चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। शहर के माटुंगा इलाके में एक मशहूर कैफे संचालक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मंगलवार को छह लोग सायन अस्पताल के पास स्थित उनके घर आए और कहा कि वे मुंबई अपराध शाखा से हैं। उन लोगों ने दावा किया कि वे चुनाव ड्यूटी पर हैं और उन्हें जानकारी मिली है कि घर में धन रखा है जिसका इस्तेमाल लोकसभा चुनाव में किया जाएगा।

## इजराइल ने गलती से अपने ही 5 सैनिकों को उतारा मौत के घाट, सात घायल

यरूशलम, एजेंसी



उत्तरी गाजा पट्टी के जबालिया रिफ्यूजी कैंप में गलती से इजराइली टैंक की गोलाबारी में पांच इजराइली सैनिकों की मौत हो गई, जबकि सात सैनिक बुरी तरह से घायल हो गए। इनमें से तीन की हालत नाजुक है। यह जानकारी गुरुवार को इसराइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने दी।

आईडीएफ ने बताया कि इजरायली सैनिकों ने गाजा शहर में प्रवेश किया और शरणार्थी शिविर पर फिर से हमले शुरू किये गये और इमारतों पर कब्जा कर लिया। इमारतों से कई मीटर की दूरी पर तैनात दो आईडीएफ टैंकों ने स्पष्ट रूप से एक इमारत की खिड़की में एक बंदूक देखी और लक्ष्य तय कर दो गोले दागे। सेना ने बताया कि वह इस बात की जांच कर रही है कि सैनिकों को पहचानने में गलती कैसे हुई। उन्हें फिलिस्तीनी आतंकवादियों के रूप में क्यों पहचाना गया। आईडीएफ के अनुसार, हमास के 7 अक्टूबर के हमले और बाद में गाजा पर इजरायल के हमलों में कुल 626 सैनिक मारे गये हैं।

## इजराइल की सैन्य कार्रवाई के खिलाफ सुनवाई शुरू

**हेग।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने गाजा के दक्षिणी शहर रफह में इजराइल के सैन्य अभियान को रोकने के लिए दक्षिण अफ्रीका के अनुरोध पर बृहस्पतिवार को सुनवाई शुरू की। यह सुनवाई दो दिन तक होगी।

यह चौथी बार है जब दक्षिण अफ्रीका ने आईसीजे से आपातकालीन उपायों का अनुरोध किया है। दक्षिण अफ्रीका ने यह आरोप लगाते हुए न्यायालय का रुख किया है कि गाजा में हमास के साथ युद्ध में इजराइल की सैन्य कार्रवाई नरसंहार के समान है। पिछले आदेश गाजा के लोगों के लिए एकमात्र शरणस्थल पर बर्बर सैन्य हमले को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं थे।

## चीन कर रहा है एआई का दुरुपयोग : अमेरिका

जिनेवा, एजेंसी

- जिनेवा में प्रौद्योगिकी को लेकर हुई बैठक में अमेरिका के अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की

जिनेवा में प्रौद्योगिकी को लेकर हुई बैठक के एक दिन बाद अमेरिका के अधिकारियों ने चीन द्वारा एआई के दुरुपयोग को लेकर चिंता व्यक्त की, तो वहीं बीजिंग के प्रतिनिधियों ने प्रतिबंधों और दबाव को लेकर अमेरिका की आलोचना की। उच्च-स्तरीय दूतों के बीच बंद कमरे में हुई बातचीत में एआई के जोखिमों और इसे प्रबंधित करने के तरीकों को शामिल किया गया था।

तेजी से आगे बढ़ने वाली प्रौद्योगिकी पर चीन और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ गया है। यह द्विपक्षीय संबंधों में टकराव का एक और मुद्दा बन गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने एक बयान में कहा चीन और अमेरिका ने एक दिन पहले स्पष्ट और रचनात्मक चर्चा में एआई सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन के लिए अपने-अपने दृष्टिकोण का आदान-प्रदान किया। बीजिंग ने कहा कि दोनों पक्षों ने गहनता के साथ पेशेवर और रचनात्मक रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया। एआई पर इस तरह की पहली अमेरिका-चीन वार्ता सैन फ्रांसिस्को में राष्ट्रपति जो बाइडन और शी चिनफिंग के बीच नवंबर में हुई बैठक का परिणाम थी। वॉट्सन ने चीन का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका ने एआई के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की है। उसके मुताबिक दुरुपयोग करने वालों में चीन भी शामिल है।

## फीस बढ़ोतरी मामले में निजी स्कूलों पर लगा दो-दो लाख का जुर्माना

**हरदा।** मध्यप्रदेश के हरदा जिले में कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिले के चार निजी स्कूलों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किये बिना फीस वृद्धि करने पर उनके विरूद्ध दो-दो लाख का अर्थदंड लगाने के आदेश जारी किए हैं।

अधिकारिक जानकारी के अनुसार सहायक संचालक शिक्षा बलवंत पटेल ने बताया कि हरदा के जिन स्कूलों पर अर्थदंड लगाया गया है, उनमें सेंट मेरी को-एड हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा, सनरेज हायर सेकण्ड्री स्कूल हरदा, होलीफेथ बाल रेडक्रॉस हायर सेकण्ड्री विद्यालय हरदा तथा द फाउण्डेशन ऑफ एजुकेशन हायर सेकण्ड्री विद्यालय हरदा शामिल है। कलेक्टर के निर्देश पर प्राइवेट स्कूलों की विस्तृत जांच की गई, जिसमें गत वर्ष की तुलना में इस बार फीस में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई।

**आग का कहर** | भयावह रहा है कैनेडियन आग का अतीत, 88000 लोगों को छोड़ना पड़ा था घर

## कैनेडियन जंगलों की आग से अमेरिकी देश धुंए की चपेट में

संवाददाता, नैनीताल



कैनेडा के जंगलों में लगी भीषण आग का दृश्य। • एजेंसी

**अमृत विचार :** जंगलों मे आग के कहर से न केवल भारत के कई हिस्से झुलस रहे हैं, बल्कि कैनेडियन जंगलों में लगी भीषण आग ने अमेरिका के कई देशों को धुंआ धुंआ कर दिया है। जिस कारण संयुक्त राज्य अमेरिका के महानगरों की आबो हवा बेहद खराब हो चली है। प्राकृतिक संसाधन कनाडा ने रिपोर्ट जारी कर कैनेडियन जंगलों में लगी आग से आगाह किया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कैनेडियन ज़ॉम्बी की आग फिर तेजी भड़कने लगी है, जो आने वाले दिनों में रौद्र रूप धारण ले सकती है। सैटेलाइट के जरिए जंगलों में आग का मानचित्र तैयार किया गया है और समय रहते काबू पाने की चेतावनी दी है। दरअसल कैनेडियन आग का अतीत हमेशा भयावह रहा है। 2023 में कनाडा के जंगल की आग ने कई रिकॉर्ड तोड़े थे। जिसमें 6551 स्थानों में लगी आग से लगभग 46 मिलियन एकड़ जमीन क्षेत्र के जंगल जलकर खाक हो गए थे। यह भीषण आग बरसात व सर्दियों में थमी हुई तो नजर आई, लेकिन जमीन के अंदर धधकती रहीं और वसंत आते ही फिर से धधकने लगी।

आग का धुआं संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिण हिस्से में फैलना शुरू हो गया है। इस आग को ज़ोंबी नाम से पुकारा जाता है, जो सूखे की स्थिति, गर्म तापमान और तेज़ हवाओं के कारको को जन्म दे रही है। यह आग आने वाले दिनों में तेज भड़कने लगेगी। जिसकी चेतवानी जारी कर रिहायसी क्षेत्रों की सुरक्षा को लेकर उपाय तलाशने को कहा गया है। प्रभावित क्षेत्रों की आशंका को लेकर लोगों ने पलायन शुरू कर दिया है। जंगलों की तुलना भारत से करें तो आग से बचाव की सुरक्षा को लेकर भारत में कमसेकम पलायन की नौबत शायद ही कभी रही हो। मगर जंगलों की आग से बचाव के पुख्ता उपाय पूरी दुनिया मे आज तक नही ढूंढे जा सके हैं, जो साबित करता है कि कुदरत के आगे आज भी इंसान बौना है।

### 2016 में लगी थी भयानक आग

कैनेडियन के जंगलों में सबसे बड़ी आग मई 2016 में लगी थी, जो इतिहास में फोर्ट मैकमरे ने प्रांत के क्षेत्र में सबसे बड़ी आग मानी जाती है। उस आग के दौरान, 88,000 लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। इस आग ने 2400 घरों और इमारतों को नष्ट कर दिया था। बड़ा तथ्य है यह भी है कि जंगलों की आग के धुएं से समीपवर्ती बड़े क्षेत्रों का वातावरण बुरी तरह प्रभावित होता है। जिसका बुरा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है।